
केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- समझौते में हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा करने में रहे सफल - 12


अमेरिका के औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की श्रृंखला पर शुल्क शून्य करेगा भारत - 12


ड्रोन हमले की घटना के बाद ईरान अमेरिका वार्ता की उम्मीद धूमिल - 13



आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने उतरेगी दिल्ली - 14



आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.59
सूर्यास्त 05.53

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:22 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 5 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 346, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**भीषण जाम**



**पुणे :** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बुधवार को खंडाला घाट खंड में एक गैस टैंकर के पलट जाने के बाद 24 घंटे से भी ज्यादा समय तक जाम लगा रहा। इसमें हजारों वाहन फंस गए और कई किलोमीटर दूर तक उनकी कतारें लगी रहीं।

# एसआईआर: ममता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- लोकतंत्र को बचा लें

- शीर्ष कोर्ट में दी दलील - लोगों के अधिकार कुचल रहा चुनाव आयोग
- आयोग, पश्चिम बंगाल के सीईओ को नोटिस, 9 को अगली सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एसआईआर पर सुनवाई के दौरान खुद सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश कीं और चुनाव आयोग पर राज्य को निशाना बनाकर लोगों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए शीर्ष कोर्ट से लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील की।

सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी की याचिका पर चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर नौ फरवरी तक जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने पश्चिम बंगाल की सेवारत मुख्यमंत्री की दलीलों पर गौर करते हुए टिप्पणी की कि पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए। ममता बनर्जी ने कोर्ट में दलीलें देते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन असम में अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं। ममता ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग आधार कार्ड स्वीकार नहीं कर रहा है और संशोधन के लिए मतदाताओं से अन्य दस्तावेज मांग रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया है।



### देखेंगे, कोई निर्दोष न छूटे : सीजेआई

सीजेआई सूर्यकांत ने बांग्ला में बोलचाल का जिक्र करते हुए कहा कि कभी-कभी इसकी वजह से नामों की वर्तनी गलत हो जाती है। मतदाता सूची में संशोधन के दौरान प्रवासन से संबंधित मामले भी देखे जाते हैं लेकिन पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में होने चाहिए। उन्होंने कहा, हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति इससे वंचित न रह जाए। अदालत कक्ष में उस समय तमाम वकील उमड़ पड़े जब ममता बनर्जी अपनी दलीलें रख रही थीं।

### बाधा डाल रही है सरकार: आयोग

निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए एसडीएम जैसे द्वितीय श्रेणी (ग्रेड-2) के केवल 80 अधिकारियों की सेवाएं प्रदान की हैं। राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया के लिए केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे निम्न श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को ही उपलब्ध कराया है। ममता ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राज्य ने निर्वाचन आयोग की मांगी हर चीज उपलब्ध कराई है।

**ब्रीफ न्यूज**

### उड़ानें रद्द होने के मामले में इंडिगो के खिलाफ जांच का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने परिचालन अड़चनों के कारण दिसंबर में हजारों उड़ानें रद्द किए जाने के मामले में बुधवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ विस्तृत जांच का आदेश दिया। घटना के करीब दो महीने बाद जारी इस आदेश में सीसीआई ने कहा कि बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर इंडिगो ने अपनी निर्धारित क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बाजार से हटा लिया, जिससे कृत्रिम अभाव की स्थिति पैदा हुई और व्यस्त मांग के दौरान यात्रियों की हवाई यात्रा तक पहुंच सीमित हुई।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र नौ से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 2026-27 नौ फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की ओर से दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करने के साथ ही सत्र की शुरुआत होगी। उसी दिन राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ा जाएगा और अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि औपचारिक कार्य सदन के पटल पर रखे जाएंगे। बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। सत्र के दौरान बजट और उससे संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा होगी और यह 20 फरवरी तक संचालित रहेगा।

### नीट पीजी के कटऑफ पर्सेंटाइल घटाने पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी 2025-26 में दाखिले के लिए पात्रता कटऑफ पर्सेंटाइल में भारी कमी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को केंद्र से जवाब मांगा। कोर्ट ने केंद्र, एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को नोटिस जारी किए हैं। देश भर में 18,000 से अधिक सीट खाली रहने के कारण बोर्ड ने नीट पीजी 2025 की पात्रता पर्सेंटाइल को संशोधित किया है। आरक्षित श्रेणियों के लिए इसे 40 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है जिससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी स्नातकोत्तर मेडिकल सीट के लिए काउंसलिंग के तीसरे दौर में शामिल हो सकेंगे।

# भारी हंगामे के बीच लोकसभा दिन भर के लिए स्थगित, मोदी का संबोधन टला

## नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के अंश न पढ़ने देने पर बना रहा गतिरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को भी लोकसभा जंग का मैदान बनी रही और उसकी कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। भारी हंगामे के बीच विपक्षी सदस्यों ने आसन के सामने कागज भी शाम पांच बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना था, लेकिन प्रधानमंत्री का संबोधन भी टल गया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित पुस्तक के अंश पढ़ने की अनुमति नहीं मिलने और आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर लोकसभा में गतिरोध बना रहा। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया ही था कि विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप और सत्तापक्ष की पंक्तियों के सामने आकर नारेबाजी की। बिरला की रोकटोक के बाद भी विपक्षी सदस्यों का शोरशराबा नहीं थमा तो उन्होंने पांच मिनट बाद ही बैठक दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वक्तव्य पढ़ा। कुछ देर बाद ही हंगामे के बीच बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद शाम पांच बजे और फिर पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के सांसदों ने आसन के सामने आकर की नारेबाजी।

### राहुल ने कहा गद्दार, बिट्टू बोले- कांग्रेस नेता देश के दुश्मन

नई दिल्ली। राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तब कुछ नोकझोंक हुई जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें गद्दार कहकर संबोधित किया और जवाब में बिट्टू ने कांग्रेस नेताओं को देश के दुश्मन बताया। संसद के मकर द्वार के निकट निलंबित आठ विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के दौरान गुजर रहे कांग्रेस नेता रह चुके बिट्टू टिप्पणी करते सुने गए कि ये जंग जीतकर आए हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा, देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है...मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आ जाओ। इस पर बिट्टू ने कहा कि ये देश के दुश्मन हैं।

### पुस्तक के जवाब में पुस्तक निशिकांत दुबे ने की नेहरू को घेरने की कोशिश



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी बुधवार को सदन में नरवणे की पुस्तक के जवाब में कुछ पुस्तकें लेकर पहुंचे और उनका जिक्र करते हुए नेहरू-गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया। इस दौरान पीठासीन सभापति तेन्नेटी ने किसी पुस्तक या पत्र का उल्लेख न करने संबंधी अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश का उल्लेख किया, लेकिन दुबे किताबों को दिखाते हुए उनके लेखकों और उनमें लिखी सामग्री के बारे में टिप्पणी करते रहे।

### बिरला ने समझाया, नहीं माने

बिरला ने नाराजगी जताते हुए कहा, इस देश में आप सरकार में रहे हैं। फिर भी सदन की मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, आप चुनकर आते हैं। सदन के अंदर और बाहर विरोध का तरीका होता है। हालांकि इसके बाद भी हंगामा नहीं थमा।

# ऑनलाइन गेम का टास्क... तीन बहनें नौवीं मंजिल से कूदीं, मौत

- गाजियाबाद के साहिबाबाद में हुई दिल दहलाने वाली घटना, नाबालिग थीं तीनों कोरियन 'लव गेम' की लत की थीं शिकार

गाजियाबाद, एजेंसी

ऑनलाइन टास्क आधारित कोरियन गेम 'लव गेम' की लत की शिकार तीन नाबालिग बहनों ने गाजियाबाद के साहिबाबाद में मंगलवार देर रात नौवीं मंजिल के एक फ्लैट की बालकनी से कूदकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पहले परिवार ने उनके इस गेम को खेलने पर रोक लगा दी थी, जिसकी वजह से वे परेशान थीं। संभवतः इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया।


शालीमार गार्डन के एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तीनों बहनें ऑनलाइन कोरियन गेम 'लव गेम' की आदी थीं, माता-पिता उनके बहुत ज्यादा गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कोरियन टास्क-बेस्ड गेम में खिलाड़ियों को लक्ष्य दिए जाते हैं, उसी से गेम आगे बढ़ता है। पुलिस की जांच में पता चला कि लड़कियां कोरियन सामग्री से काफी प्रभावित थीं और ज्यादातर समय मोबाइल फोन पर बिताती थीं। एसीपी के मुताबिक मंगलवार देर रात 2:15 बजे सूचना मिली थी कि साहिबाबाद के टीला मोड़ थना क्षेत्र में 'भारत सिटी' के एक टावर की नौवीं मंजिल से तीन लड़कियों ने छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस भूतल पर गिरकर बुरी तरह घायल निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) को एंबुलेंस से लोनी के एक अस्पताल ले गई जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। लड़कियों के पिता चेतन कुमार ने बताया कि घटना के दौरान पूरा परिवार सो रहा था। लड़कियां पानी पीने के बहाने उठीं, अंदर से दरवाजा बंद किया और बालकनी से कूद गईं। उन्होंने बताया कि लड़कियों के पास मोबाइल फोन थे।



निशिका प्राची पाखी

### कोविड काल में लगी लत, दो साल पहले छोड़ दी पढ़ाई

पुलिस के मुताबिक, बहनें कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गेम की आदी हो गई थीं। यह लत उन्हें इतनी बुरी तरह लगी कि दो साल पहले उन्होंने स्कूल जाना भी छोड़ दिया। एसीपी ने बताया कि तीनों नहाने से लेकर खाने तक और सोने से लेकर स्कूल जाने तक सब कुछ एक साथ करती थीं। पहले भी पढ़ाई में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। पुलिस को लड़कियों की एक डायरी मिली है जिसमें एक नोट में लिखा है, इस डायरी में लिखी हर बात पढ़ लेना, सब यहीं है। रोते हुए चेहरे के इमोजी के साथ लिखा था, आई एम रियली सॉरी... सॉरी पापा।




# उधमपुर में जैश के टॉप कमांडर समेत दो आतंकवादी किए ढेर

- करीब 20 घंटे के अभियान के बाद सुरक्षा बलों को मिली सफलता

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक गुफा में छिपे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक स्वघोषित शीर्ष कमांडर रुबानी उर्फ अबू मविया समेत दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को बुधवार को सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में मार गिराया।

अधिकारियों के मुताबिक दोपहर के वक्त जब सुरक्षा बलों ने गुफा पर धावा बोला तो कई जोरदार धमाके सुनाई दिए। मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान रुबानी उर्फ अबू मविया के रूप में हुई, जो कई वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय था। एक आतंकवादी का शव गुफा के पास से बरामद किया गया, दूसरे का शव गुफा के अंदर मिला। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम रामनगर के जाफड़ वन क्षेत्र में संयुक्त दस्ते ने गुफा के भीतर आतंकवादियों का पता लगाया, जिसके बाद करीब 20 घंटे तक मुठभेड़ हुई। मारे गये आतंकवादियों के पास से एक एम4 कार्बाइन और एक एके असॉल्ट राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

# जनगणना के दूसरे चरण से पहले अधिसूचित किए जाएंगे जाति संबंधी प्रश्न

- सरकार ने संसद में कहा- द्वितीय चरण में की जाएगी जाति की गणना

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण में जाति की गणना की जाएगी और जाति से संबंधित प्रश्न दूसरा चरण शुरू होने से पहले अधिसूचित किए जाएंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लिखित जवाब में कहा कि जनगणना 2027 करवाने की मंशा अधिसूचित कर दी गई है। भारत में जनगणना दो चरणों में होती है और प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण कार्य में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्तियों, सुविधाओं आदि की जानकारी एकत्र की जाती है।

# पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी की करीब साढ़े चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

- वृद्धावस्था पेंशन घोटाले का गैंग लीडर था राजेश कुमार
- वर्ष 2023 में शाहजहांपुर में हुआ था बड़े पैमाने पर घोटाला

**शाहजहांपुर।** वर्ष जून 2023 में बड़े पैमाने पर वृद्धावस्था पेंशन घोटाला करने वाले गैंग के लीडर व तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की बुधवार को चल-अचल संपत्तियों समेत करीब साढ़े चार करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियों को कुर्क कर लिया गया।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप की ओर से जारी आदेश पर गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत की गई। प्रशासन ने कुर्क की गई संपत्तियों का कुल अनुमानित मूल्य 4 करोड़ 49 लाख 24 हजार 948 रुपये आंका है। इनमें राजेश के नाम एक महिंद्रा एक्सयूवी कार, एक महिंद्रा बोलेरो कार और उसके पुत्र के नाम पंजीकृत एक होंडा कार एलिवेट जेडएक्स शामिल है। सीतापुर की सिंधौली तहसील के गांव अटरिया में कृषि भूमि, पत्नी मंगीता सिंह के नाम लखनऊ के गांव पारा रिंग रोड पर 120.817 वर्गमीटर का भवन तथा काकोरी के गांव सरोसा भरोसा में एक गेस्ट हाउस कुर्क किया गया है।



राजेश कुमार

# भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह बने मणिपुर के मुख्यमंत्री

- राज्यपाल ने दिलाई शपथ, किपगेन और डिखो बने डिप्टी सीएम

इंफाल, एजेंसी

भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 62 वर्षीय सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वालीं भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक एल. डिखो ने मणिपुर के उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

किपगेन ने नई दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से ऑनलाइन माध्यम से शपथ ली। भाजपा के गोविंदास कोंथौजम और एनपीपी नेता के. लोकेन सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन हटाए जाने के कुछ घंटों बाद यहां 'लोक भवन' में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। अशांत मणिपुर पिछले साल फरवरी से राष्ट्रपति शासन के अधीन था। शपथ ग्रहण समारोह में कई भाजपा विधायक, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और राज्य के शीर्ष राजग नेता शामिल हुए।



**संवाददाता सम्मेलन**

**हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने गिनाईं केंद्रीय बजट की खूबियां, कहा, केंद्रीय बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने वाला**

# पर्वतीय राज्य होने के नाते विशिष्ट हैं उत्तराखंड की आवश्यकताएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय राज्य होने के नाते उत्तराखंड की भौगोलिक और आर्थिक आवश्यकताओं को विशिष्ट बताया है। बुधवार को हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि न केवल यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करता है बल्कि राज्यों की भागीदारी को और सशक्त बनाता है।

धामी ने कहा, यह बजट इन्फ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, कनेक्टिविटी, कृषि और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में देवभूमि उत्तराखंड के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। रामपुर रोड स्थित एक होटल में हुई केंद्रीय बजट पर पत्रकार संवाद कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए 53.47 लाख करोड़ रुपये का बजट आकार यह दर्शाता है कि केंद्र आर्थिक विस्तार और निवेश को लेकर प्रतिबद्ध है। कहा, उत्तराखंड को इस वर्ष केंद्रीय करों में अपने हिस्से के रूप में लगभग 17,500 करोड़ प्राप्त होंगे, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 1,841 करोड़ रुपये अधिक हैं। यह राज्य के विकास कार्यों को नई गति देगा। बजट पूर्व बैठकों में उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश किए गए कई महत्वपूर्ण सुझावों को केंद्र ने स्वीकार किया है। सीएम ने कहा कि राज्य पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के अंतर्गत 1.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह ब्याजमुक्त सहायता योजना उत्तराखंड के लिए पहले भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है। जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए समयसीमा विस्तार और 67,500 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है।

कहा, यह बजट आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को साकार करने वाला है। इस दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिपं अध्यक्ष दीपा दरम्वाल आदि रहे।



हल्द्वानी में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### 2200 करोड़ से हल्द्वानी का विकास

सीएम ने कहा कि वर्ष 2021 में पीएम मोदी ने हल्द्वानी को 2200 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। इससे सीवर-पेयजल लाइन, सड़क सुधारीकरण, शहर सौंदर्यीकरण हो रहा है। 2014 के बाद हल्द्वानी-दिल्ली, टनकपुर मार्ग का कायाकल्प हुआ। जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट तैयार होगा।

### 39 हजार करोड़ के रेलवे प्रोजेक्ट्स

धामी ने कहा कि राज्य में 39491 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट चल रहे हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन काम पूरा होने वाला है। 11 रेलवे स्टेशन का रिडेवलपमेंट, 100 विद्युतीकरण, तीन वंदेभारत व एक अमृत भारत एक्सप्रेस चलाई जा रही है।

स्टेट ब्रीफ

## सरोवर नगरी में खुशनुमा रहा मौसम

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में तीन दिन बाद मौसम में सुधार आया तो बुधवार को मौसम खुशनुमा रहा। धूप पूरे दिन खिली रही। मगर शाम को घने कोहरे ने दस्तक दी तो ठंड में बढ़ोतरी हो गई। दिन में बादलों की आवाजाही बनी रही, जो धूप में खास असर नहीं डाल सकी। मौसम में सुधार आने से लोगों ने राहत महसूस की और जमकर धूप सेखी। मगर शाम पांच बजे अचानक घने कोहरे ने दस्तक दे दी और तेज ठंड पढ़नी शुरू हो गई और लोग आग व हीटर का सहारा लेने को मजबूर हुए। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बना रहेगा। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17.5 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रही।

## मरीज से छेड़छाड़ डॉक्टर गिरफ्तार

**हरिद्वार :** महिला मरीज से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक कथित डॉक्टर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, मंगलौर निवासी पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी डॉ. रिजवान ने उनकी पुत्री से उपचार के दौरान छेड़खानी की। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। महिला एसआई मनसा ध्यानी की टीम ने नामजद आरोपी डॉ. रिजवान निवासी लक्सर को गिरफ्तार कर लिया।

## कोतवाल व एसएसआई लाइन हाजिर

**हरिद्वार :** रविदास जयंती पर हुए विवाद में दो लोगों की हुई मौत के मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अब प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर और वरिष्ठ उप निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया। बीती एक फरवरी को रविदास जयंती पर थाना भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिनारसी में हुए आपसी विवाद में दो लोगों की मौत हो गई थी। इस प्रकरण में एसएसपी डोबाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की रिपोर्ट के आधार पर चौकी प्रभारी तेज्जुपुर सहित एक हेड कांस्टेबल एवं एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया था। रिपोर्ट में इन पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर न पहुंचने और उच्चाधिकारियों को सूचना न देने के तथ्य प्रकाश में आए थे। इस विवाद में कप्तान डोबाल ने बुधवार को एसपी देहात की रिपोर्ट पर एक और कार्रवाई करते हुए कोतवाल भगवानपुर और एसएसआई को भी लाइन हाजिर करते हुए तत्काल पुलिस लाइन में आमद कराने के निर्देश दिए हैं।

### रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की

# विद्यार्थियों को कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में दो दिवसीय कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर रोहिलखंड कैंसर संस्थान के डॉ. प्रारब्ध सिंह ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव और जागरूकता फैलाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया।



केशलता इंटरनेशनल स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डॉ. प्रारब्ध सिंह।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह 10 बजे से सोब्तीज पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। यहां डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों को कैंसर क्या है, उसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जागरूक किया। बच्चों ने कैंसर को लेकर कई सवाल भी पूछे। स्कूल के प्रिंसिपल गुरदीप सिंह ने बताया कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और अमृत विचार के सहयोग से बच्चों को कैंसर के प्रति बहुत अच्छी जानकारी दी गयी।


रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट एवं अमृत विचार की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर के बचाव, वैक्सीन, ट्रीटमेंट सहित कई बिंदुओं पर बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर में केशलता इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने बच्चों को कैंसर के लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से बचने के लिए जीवनशैली में क्या-क्या बदलाव करना चाहिए। विभिन्न लक्षणों की जानकारी बताने के साथ उन जांचों के बारे में भी जानकारी दी, जिनके कराने के बाद कैंसर सेल के बारे में सही जानकारी मिलती है। मोटापा कम करने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज करने की जानकारी दी। तीसरे सत्र में नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में आयोजित किए गए कार्यक्रम में डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर क्या है, इसके बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने कैंसर के संबंध में कई सवाल पूछे। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही।

### आज यहां होंगे कैंसर जागरूकता कार्यक्रम




रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से गुरुवार को पहले सत्र में सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, दूसरे सत्र में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक जय नारायण सरस्वती स्कूल, तीसरे सत्र में दोपहर 1:30– 2:30 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रोपवे से मसूरी व नैनीताल जिले की परिवहन व्यवस्था संभालने की तैयारी

### रोपवे परियोजनाओं से यातायात दबाव कम होगा, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** धामी सरकार शहरी परिवहन व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित कर रही है। देहरादून में प्रस्तावित पीआरटी परियोजना तथा मसूरी और नैनीताल में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। इन परियोजनाओं से यातायात दबाव कम होगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सभी परियोजनाओं को पारदर्शी, व्यावहारिक और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

इसी क्रम में देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना तथा मसूरी एवं नैनीताल में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन को लेकर मंगलवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, आवास, उत्तराखण्ड शासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने की।


आवास सचिव डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी।

बैठक में प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजनाओं के तकनीकी, सामाजिक, पर्यावरणीय एवं वित्तीय पहलुओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना को ईबीआरटीएस के फीडर सिस्टम के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इस परियोजना के अंतर्गत तीन प्रमुख कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, जिनमें क्लेमेंटाउन से बल्लूपुर चौक, पंडितवाड़ी से रेलवे स्टेशन तथा गांधी पार्क से आईटी पार्क तक के मार्ग शामिल हैं।

आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आगामी समीक्षा बैठक में संशोधित डीपीआर के साथ पुनः प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून में प्रस्तावित पीआरटी कॉरिडोर के संरेखण का स्थलीय निरीक्षण किए जाने की भी इच्छा जताई, ताकि जमीनी स्तर पर परियोजना की व्यवहारिकता का आकलन किया जा सके। बैठक में मसूरी व नैनीताल शहरों में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन की स्थिति की भी समीक्षा की गई।


मनसा देवी की भूस्खलन प्रभावित पहाड़ियों का विदेश के वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण। ● अमृत विचार

# भूस्खलन प्रभावित पहाड़ियों को देश विदेश के वैज्ञानिकों ने करीब से देखा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में आपदा-सक्षम विकास विषय पर आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत देश-विदेश के भूवैज्ञानिकों ने बुधवार को फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत हरिद्वार स्थित मानसा देवी की पहाड़ियों के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का अध्ययन किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 से 06 फरवरी तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं वित्तीय प्रशासन अनुसंधान संस्थान, सुद्धोवाला, देहरादून में उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, विश्व बैंक तथा नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टिट्यूट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रतिभागियों द्वारा मानसा देवी क्षेत्र में भूस्खलन के उपचार और जोखिम न्यूनीकरण को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने वर्तमान में जारी ढाल स्थिरीकरण, भू-अन्वेषण, ड्रिलिंग तथा अन्य तकनीकी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और इन कार्यों की प्रगति एवं प्रभावशीलता को समझा।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत, नेपाल एवं भूटान से आए वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य भूस्खलन जोखिम आकलन, जोखिम न्यूनीकरण योजना निर्माण तथा आपदा प्रतिरोधकता को सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्रीय एवं संस्थागत क्षमता का विकास करना है।

इस मौके पर उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, हाकोन हेयर्डाल, डॉ. जीन-सेबास्टियन लह्यूरू, सुश्री हाइडी हेफ्रे, डॉ. माल्टे फोगे, डॉ. स्पर्शा नागुला तथा डॉ. डोमिनिक लैंग आदि वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# अस्पताल के नजदीक ही हों डॉक्टर्स-स्टाफ के आवास

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

● **मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया हर्रावला में नवनिर्मित शकुंतला रानी मैटरनिटी एवं कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण**

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को देहरादून के हर्रावला में नवनिर्मित शकुंतला रानी सरदारी लाल ओबेरॉय राजकीय मैटरनिटी एवं कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने नवनिर्मित भवन के विषय में विस्तार से जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने इस अस्पताल के आसपास डॉक्टर्स और स्टाफ के आवासीय भवनों के लिए भूमि तलाशने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महानिदेशक स्वास्थ्य से मशीनों और उपकरणों की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की योजना साझा किए जाने की भी बात कही। इस अवसर पर महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर के सुपर स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल के रूप में स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भवन में सभी प्रकार के परीक्षण और मेडिकल सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराये जाने की भी बात भी कही।

## पीएम मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' में 8 लाख से ज्यादा पंजीकरण

**देहरादून :** सूबे के प्रत्येक विद्यालय 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विशेष कार्यक्रम का सभी विद्यालयों में डिजिटल माध्यम से प्रसारण किया जाएगा, जहां पर कक्षा-6 से आगे की छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेशभर के विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री मोदी छात्रों को न सिर्फ तनाव मुक्त परीक्षाओं का मंत्र देंगे बल्कि उन्हें चुनौतियों से पार पाने, संतुलन बनाए रखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी देंगे। डॉ. रावत ने बताया कि कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से किया जाएगा।


# कानून व्यवस्था पर सरकार सख्त

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

● **संवेदनशील एवं गंभीर मसलों पर राजनीति करने से बचे विपक्ष**

**अमृत विचार:** प्रदेश भाजपा ने कहा है कि सरकार राज्य में हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जाएगी।

उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राजधानी देहरादून एवं अन्य स्थानों पर हुए अपराधों को दुखद बताते हुए बुधवार को कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी गिरफ्तार किए जा रहे हैं और लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही कर उनके खिलाफ विस्तृत जांच जारी है लिहाजा सबको धैर्य रखने की जरूरत है, विपक्ष को भी इन्हें राजनैतिक रंग देने से बचना चाहिए। अध्यक्ष भट्ट ने आगे कहा कि देहरादून और ऋषिकेश की जघन्य घटनाओं के आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। विस्तृत जांच से आरोपियों के खिलाफ सभी पुख्ता सबूत जुटाकर, कानून की सर्वोच्च सजा सुनिश्चित कराई जाएगी। कहा कि, कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार का रुख स्पष्ट है कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। उस दिशा में पुलिस जांच जारी है, जिसमें घटना को लेकर लापरवाही के आरोपों की भी गंभीरता से लिया गया है। अब तक देहरादून, ऋषिकेश और रुड़की की घटनाओं के प्रथम दृष्टया लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मी निलंबित किए गए हैं।



भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष से भी ऐसे प्रकरणों को लेकर गंभीर एवं संवेदनशील रुख अपनाने का आग्रह किया। कहा कि, अपराध एवं अपराधियों पर धामी सरकार में तत्काल, निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई की जा रही है। धामी सरकार का कोई भी मौजूदा एक भी ऐसा प्रकरण नहीं बता सकता, जिसमें आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई या गिरफ्तारियां नहीं हुई हों। ऐसे में इन मुद्दों को राजनैतिक चश्मे से देखना और आग लगाकर उसमें राजनैतिक रोटियां सेंकने की कोशिश उचित नहीं है।

# शिक्षकों के नियमितीकरण के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के लंबे समय से कार्यरत 426 तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण की मांग की। मांग को लेकर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर लंबित समस्या के समाधान की अपील की। जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला महामंत्री एलडी पाठक, अशोक गौड़, पीसी जोशी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

**शिव कथा के समापन पर मुख्यमंत्री धामी ने भी की शिरकत:** अमृत विचारः एमबी इंटर कॉलेज मैदान में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित शिव कथा के अंतिम दिन देव दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी कथा के आयोजन में शिरकत की। उनके साथ विधायक बंशीधर भगत, आरएसएस प्रचारक धनी राम, मेयर गजराज बिष्ट और दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट सहित अन्य लोग भी रहे। समापन पर शिव अरोड़ा, दीवान डोगरा, गीता बलूटिया और राजेश अग्रवाल सहित हजारों श्रद्धालु रहे।

चलचित्र

### प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म की शूटिंग के कई शॉट सरोवर नगरी में फिल्माए गए


# फिल्म तुम मेरे हो में दिखेंगे हल्द्वानी के कलाकार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** फिल्म तुम मेरे हो फीचर फिल्म की शूटिंग के कई दृश्य बुधवार को मालरोड में फिल्माए गए। प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म के नायक गुरमीत है, जबकि नायिका ईशा मालवीया है। इस फिल्म में हल्द्वानी के कई युवा कलाकार अभिनय कर रहे हैं।

मालरोड में नायक व नायिका के बीच कई रोमांटिक दृश्यों का फिल्मांकन किया गया, तो हल्द्वानी के युवा कलाकारों के भी कई दृश्य फिल्माए गए।

इस बीच शूटिंग देखने वालों की भीड़ जुटी रही। फिल्म निदेशक आशीष पांडा ने शूटिंग के दौरान बताया कि फिल्म की कहानी के आधार पर नैनीताल बेहद उपयुक्त स्थान है। जिस कारण फिल्म के गीतों के अलावा कुछ अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में नायिका ईशा मालवीया और नायक गुरमीत टीवी सीरियलों में खासे लोकप्रिय है। फिल्म में गीत, संगीत, रोमांस, नाटक और हास्य खूब देखने को मिलेगा। शूटिंग खत्म होने के बाद जून जुलाई रिलीज कर दी जाएगी। हल्द्वानी के कोरियोग्राफर मुबारक मार्क ने बताया कि फिल्म के कई दृश्य नैनीताल समेत मुक्तेश्वर, रामगढ़, पांगोठ व साततात फिल्माएं जाएंगे। हल्द्वानी के कई कलाकार फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, जबकि फिल्म के गीतों में थिरकते भी नजर आएंगे। आस्था व कार्तिक भी फिल्म में अभिनय कर रहे हैं।


शूटिंग में भाग लेते हल्द्वानी के युवा कलाकार। ● अमृत विचार

## हाईकोर्ट में 9 फरवरी को फुल कोर्ट रेफरेंस

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के नवागत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के स्वागत एवं सम्मान में शीत अवकाश के बाद हाईकोर्ट खुलने के दिन 9 फरवरी को ''फुल कोर्ट रेफरेंस'' का आयोजन किया जाएगा। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में सुबह 10:30 बजे से होगा। समारोह में हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी रहेंगे। इस आयोजन में नवागत मुख्य न्यायाधीश का औपचारिक स्वागत किया जाएगा और न्यायिक बिरादरी द्वारा उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की जाएंगी। इस आयोजन के दृष्टिगत न्यायालय के सामान्य कामकाज के समय में भी आंशिक बदलाव किया गया है। समारोह के कारण, 9 फरवरी को उच्च न्यायालय में नियमित न्यायिक कार्यवाही (कोर्ट सिटिंग) सुबह 11:30 बजे से शुरू होगी।

# सीएम ने ट्रेंड युवाओं के प्लेसमेंट और कम वेतन पर प्रकट की चिंता

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्रेंड युवाओं के प्लेसमेंट और वेतन संतोषजनक वेतन न मिल पाने पर चिंता प्रकट की है। उन्होंने अपने अफसरों से पूछा कि प्रशिक्षित युवाओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उद्योगों में उनकी प्लेसमेंट और अच्छा वेतन क्यों नहीं मिल रहा है। सीएम ने इसे प्रबंधन, समन्वय और प्लेटफार्म स्तर पर कमी का संकेत बताते हुए तत्काल सुधार करने की हिदायत दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को कौशल विकास व फॉरवर्ड लिंकेज पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक सचिवालय सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में आईटीआई संस्थानों और स्किल प्राप्त युवाओं की वृद्धि के बावजूद रोजगार गैप पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर नाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री, कारपेंटर जैसे दैनिक कार्यों के लिए कुशल श्रमिक आसानी से नहीं मिल पाते, वहीं अनेक युवा जो आईटीआई से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं वे रोजगार की आकांक्षा में रहते हैं।

### स्मार्ट मानव संसाधन पर फोकस, उद्योग मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि केवल स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बल्कि स्मार्ट मानव संसाधन तैयार करना प्राथमिकता होगी। उद्योगों और भविष्य की तकनीकी मांग के अनुरूप रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम, प्रशिक्षित ट्रेनर-शिक्षक और आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों को अपग्रेड करने पर जोर देने को कहा।

### ट्रेनिंग के साथ रोजगार सुनिश्चित, पाठ्यक्रमों की हो समीक्षा

निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण के लिए चयन होते ही युवाओं को रोजगार प्रदाता संस्थानों से टैग किया जाए, ताकि ट्रेनिंग के दौरान ही जॉब सिक्योरिटी सुनिश्चित हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों को समयानुसार रिवाइज करने तथा 6 माह, मध्य अवधि और दीर्घकालिक तीनों स्तरों पर आउटकम सुनिश्चित करने पर बल दिया जाय।

सिटी ब्रीफ

### राज्य कर विभाग के चार अफसर इधर-उधर

**हल्द्वानी :** राज्य कर विभाग ने चार अधिकारियों का तबादला किया है। राज्य कर आयुक्त सोनिका ने बुधवार को स्थानांतरण आदेश जारी कर बताया कि हरिद्वार में आंतरिक पुनरीक्षण में तैनात मनीषा सैनी को राज्य कर कनि-02 से संबद्ध और कनि-3 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह खटीमा में तैनात उपायुक्त वीर सिंह को कनि-3 रुद्रपुर में तैनाती दी गई है। वहीं, हाईकोर्ट में तैनात रजनीश सच्चिदानंद यशवस्थी को हल्द्वानी में एसआईबी इंचार्ज बनाया गया है जबकि इस पर तैनात उपायुक्त हेमलता शुक्ला को आंतरिक पुनरीक्षण का काम सौंपा गया है।

### गौलापार में आज साढ़े छह घंटे बिजली कटौती

**हल्द्वानी :** गौलापार क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आज बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। 33/11 केवी गौलापार उपसंस्थान के अंतर्गत लाइनों के आधुनिकीकरण और रखरखाव के चलते कार्य के चलते गुरुवार को सुबह 9 :30 बजे से शाम 4 : बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे नलकूप फीडर और दानीबंगर फीडर से जुड़े सभी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। ऊर्जा निगम ने उपभोक्ताओं से कार्यों में सहयोग की अपील की है।

### बाजार निकली अल्मोड़ा की छात्रा गायब

**हल्द्वानी :** बाजार खरीदारी करने निकली बीए की छात्रा गायब हो गई। पुलिस छात्रा की तलाश कर रही है। भनोली, अल्मोड़ा निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी बहन 4 जनवरी को गोरापड़ाव हाथीखाल से हल्द्वानी बाजार आई थी। वह बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिवार वालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं लगा। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है। युवती का फोन भी बंद आ रहा है।

### घर के पास बेसुध पड़ा मिला युवक, मौत

**नैनीताल :** भूमियाधार क्षेत्र में 35 वर्षीय इंदर कुमार संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पास बेसुध पड़ा मिला। पड़ोसियों ने उसे देखा और परिजनों को सूचना दी। तुरंत बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। देर रात गली में गिरने से सिर में चोट भी लगी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों से पूछताछ की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और शुरुआती जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

# धामी ने ग्राउंड जीरो पर उतर कर परखीं जमरानी बांध की प्रगति

## बोले- राज्य सरकार कागजों पर नहीं बल्कि काम पर विश्वास करती है, नहीं होगी पानी की कमी, अधिकारियों-कर्मचारियों में भरा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिला भ्रमण के दौरान ग्राऊंड जीरो पर उतर कर गौला नदी में सिंचाई, पेयजल के लिए बनाए जा रहे जमरानी बांध बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रोजेक्ट की प्रगति, समयबद्धता एवं गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए तय समय पर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीएम ने कहा कि केन्द्र तथा राज्य सरकार की सकारात्मक सोच के साथ कई वार्ताओं के माध्यम से पर्यावरणीय एवं तकनीकी कठिनाईयों को दूर किया गया। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार योजनाओं को कागजों से निकाल कर धरातल पर उतार रही है। राज्य सरकार कागजों पर नहीं बल्कि काम पर विश्वास करती है।

जनहित से जुड़े मुद्दों पर अड़चन व धनराशि की परवाह न करते हुए अड़चनों को दूर करते हुए विकास कार्यों को निरन्तर आगे बढ़ा रही है। राज्य में एक भी योजना अधूरी नहीं रहेगी, जनभावनाओं को देखते हुए सभी योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।

**परियोजना से विद्युत का भी उत्पादन होगा :** उन्होंने कहा कि, बांध के निर्माण से जहां एक ओर सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी वहीं यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर भी इससे प्राप्त होंगे। यहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगो की मांग है कि इस परियोजना से विद्युत का भी उत्पादन हो, इस संबंध में केन्द्र सरकार से वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से तराई के साथ ही उत्तर प्रदेश के किसानों एवं क्षेत्र वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा, साथ ही इस परियोजना से अनेक गतिविधियां बढ़ेंगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू, वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव रौतेला आदि रहे। इधर, सीएम धामी निरीक्षण के बाद भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के जज फार्म स्थित आवास पर पहुंचें और उनकी माता के निधन पर शोक जताया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को असीम दुख सहने के लिए शक्ति देने की प्रार्थना की।



जमरानी टनल में निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट्स के अधिकारी व मजदूरों से वार्ता के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तस्वीर खिंचवाई। ● अमृत विचार

### दो टनलों का निर्माण लगभग 88 प्रतिशत तक पूरा

प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक महेश खरे ने बताया कि दो टनलों का निर्माण लगभग 88 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। गौला नदी के पानी के डायवर्जन के लिए कॉफर डैम का निर्माण भी प्रगति पर है। जून 2026 तक टनल निर्माण एवं कृत्रिम डैम का कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद आगामी मानसून में नदी का पानी टनलों के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा। इसके बाद स्थायी बांध के निर्माण प्रारंभ कर तेजी से किया जाएगा। जमरानी बांध प्रोजेक्ट के सभी निर्माण जून 2029 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# गढ़वाल व कुमाऊं में बन रहे स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एमबी इंटर कॉलेज मैदान में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से हो रही शिव कथा में पहुंचकर सहज ज्योति पूजन में शामिल होकर 108 थाली ज्योति प्रज्ज्वलित की तथा प्रदेश की सुख शान्ति की कामना की।

सीएम ने शिव कथा के श्रवण के बाद शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसखंड मंदिर माला मिशन कॉरिडोर के माध्यम से कुमाऊं के प्राचीन मंदिरों को नई पहचान दी जा रही है। इस योजना में शिवालयों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण, सौंदर्यीकरण हो रहा है।

हरिपुर-कालसी में यमुना तीर्थ के पुनरोद्धार से लेकर, हरिद्वार-ऋषिकेश में गंगा कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं से देवभूमि को आध्यात्मिक मानचित्र पर और सशक्त रूप में स्थापित करने का प्रयास है। साथ ही आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं में एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना की दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है।



एमबी इंटर कॉलेज मैदान में हो रही शिवकथा में दीप प्रज्जवलन करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

# व्यापारी गायब, चोरगलिया के जंगल में लावारिस मिली स्कूटी

- सूर्या देवी मंदिर के जंगल में मिली लास्ट कॉल लोकेशन
- लोकेशन पर पुलिस ने छानी जंगल की खाक, नहीं मिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर का एक व्यापारी संदिग्ध परिस्थितियों गायब हो गया। घर से निकला व्यापारी जब लौटा नहीं परिजन पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की सूर्या देवी मंदिर की लास्ट लोकेशन सामने आई। मंगलवार को पुलिस ने सूर्या देवी मंदिर पहुंची तो जंगल किनारे व्यापारी की स्कूटी मिली, लेकिन पूरी जंगल छान मारने के बावजूद व्यापारी नहीं मिला।

पुलिस के मुताबिक, टीपीनगर चौकी क्षेत्र के नीलांचल कालोनी डहरिया निवासी 55 वर्षीय रमेश चंद्र जोशी की मंडी में कई दुकानें हैं। बीती 30 जनवरी को वह स्कूटी लेकर घर से निकले थे, लेकिन फिर लौट कर घर नहीं पहुंचे। रात देर हुई तो रमेश का बेटा करन जोशी टीपी नगर पुलिस चौकी पहुंचा। करन की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और रमेश की तलाश शुरू की। रमेश के मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लगाया गया और सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। इसी बीच पुलिस को रमेश के मोबाइल की लास्ट लोकेशन चोरगलिया थानाक्षेत्र के सूर्या देवी मंदिर के पास जंगल में मिली। आनन-फानन में पुलिस की एक टीम को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस मोबाइल के लास्ट लोकेशन पर पहुंची तो रमेश की स्कूटी दिखी। जिसके बाद टीम ने जंगल में उनकी तलाश शुरू की, लेकिन पूरे दिन कांबिंग के बावजूद व्यापारी का सुराग नहीं लगा। बताया जाता है कि रमेश के ऊपर काफी कर्ज था। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि तलाश लगातार जारी है और जल्द ही रमेश को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### समय पर जांच, कैंसर पर पा सकते है काबू

**हल्द्वानी:** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर राज्य कैंसर संस्थान के निदेशक एवं स्वामी राम कैंसर संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. केसी पांडे ने कहा कि कैंसर एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। सही जानकारी, समय पर जांच तथा आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर शरीर की कोशिकाओं में होने वाली असामान्य और अनियंत्रित वृद्धि का परिणाम है। यह बीमारी शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकती है, जैसे स्तन, फेफड़ों, मुख, सर्वाइकल और प्रोस्टेट कैंसर। मुंह में लंबे समय तक ठीक न होने वाले छाले, निगलने में परेशानी, आवाज में बदलाव, स्तन में गांठ, स्तन के आकार या त्वचा में बदलाव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

# न्यूरोसर्जन के इस्तीफे से बेस अस्पताल की ओपीडी हुई बंद

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के न्यूरोसर्जन डॉ. अमित देवल के नौकरी छोड़ने से सबसे बड़ा झटका बेस अस्पताल को लगा है। यहां अब न्यूरोसर्जरी विभाग पूरी तरह से बंद हो गया है। अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन पहले से ही बंद थी।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डॉ. अभिषेक राज न्यूरोसर्जरी के तौर पर सेवा देते हैं इसलिए वहां विभाग अभी भी काम कर रहा है। हालांकि एसटीएच में न्यूरोसर्जरी विभाग में जूनियर डॉक्टरों की कमी होने से ऑपरेशनों की संख्या कम हो रही है और मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। एसटीएच में न्यूरोसर्जरी विभाग की ओपीडी के दिवसों की संख्या भी अब सप्ताह में चार दिन की जगह केवल दो दिन रह गई। इधर, बेस अस्पताल में डॉ. देवल बुधवार और शनिवार को मरीज देखते थे। ओपीडी में सिरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, लकवा, रीढ़ की हड्डी के दर्द आदि बीमारी के मरीज पहुंचते थे। ओपीडी में एक दिन में करीब 50 से 70 मरीज पहुंचते थे। बेस अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन पहले ही बंद हो गई थी। ऐसे में न्यूरोसर्जरी विभाग के सिटी स्कैन के लिए एसटीएच भेजा था और अब डॉ. देवल के जाने से विभाग ही पूरी तरह से बंद हो गया है। अस्पताल में आईसीयू संचालित होने लगा है। ऐसे में न्यूरोसर्जरी विभाग के मरीजों को वृहद उपचार मिलने की संभावना बनी थी जो अब पूरी तरह से खत्म हो गई है। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि न्यूरोसर्जरी विभाग की ओपीडी में पहाड़ से भी काफी मरीज आते थे। अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से न्यूरोसर्जन दिए जाने के बाद ही ओपीडी को फिर से खोला जाएगा।

# खनिज सामग्री ले जाते समय तिरपाल से जरूर ढकें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि जनपद में संचालित स्टोन क्रशर इकाइयों एवं संबद्ध खनिज परिवहन वाहन बिना ढके खनिज परिवहन तथा वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के अभाव के कारण धूल प्रदूषण, जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव एवं सड़क दुर्घटनाओं की आंशका बढ़ रही है।

डीएम ने कहा कि वाहन खनिज सामग्री परिवहन से संबंधित वाहन खनिज सामग्री ले जाते समय तिरपाल से पूर्ण रूप से ढककर ही परिवहन करेंगे। खुला परिवहन मिलने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्टोन क्रशर परिसर में धूल नियंत्रण को नियमित जल छिड़काव किया जाए। खनिज परिवहन में लगे समी वाहनों में सभी उपकरण कार्यशील स्थिति में अनिवार्य होंगे फ्रंट एवं रियर रिफ्लेक्टर, टेल लाइट/पैक लाइट, ब्रेक लाइट, इंडिकेटर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव नम्बर प्लेट हो। उन्होंने निर्देश दिए कि उल्लंघन की स्थिति में चालान, सीज की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने जिला खान अधिकारी एवं आरटीओ को इस संबंध में की गई कार्यवाही से 15 दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।

# गिरिजा मंदिर में मरम्मत, प्रवेश पर लगी रोक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कुमाऊं और गढ़वाल के प्रवेश द्वार पर स्थित प्रसिद्ध मां गिरिजा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का प्रवेश फिलहाल रोक दिया गया है। प्रशासन ने यह कदम मंदिर परिसर में चल रहे सुरक्षात्मक और निर्माण कार्यों के कारण उठाया है। यह रोक गुरुवार से 13 फरवरी तक लागू रहेगी।

उप-जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मंदिर के नीचे स्थित चबूतरा जर्जर हो चुका था, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। इसे देखते हुए रामनगर सिंचाई खंड द्वारा मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यदि निर्माण कार्य के दौरान श्रद्धालु मंदिर परिसर में प्रवेश करते हैं, तो उनकी सुरक्षा के लिए जोखिम हो सकता है। प्रमोद कुमार ने कहा कि मंदिर समिति और पुजारियों को सूचित कर दिया गया है, और प्रशासन द्वारा लिखित आदेश भी जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा के निर्देशों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।



रामनगर में कोसी नदी के बीच गिरिजा मंदिर की मरम्मत करते कार्यदायी संस्था।। ● अमृत विचार

### पुल पार पैतृक मंदिर में स्थापित किया जाएगा

श्रद्धालुओं की आस्था का ध्यान रखते हुए मंदिर पुजारियों के माध्यम से मंदिर के डोले को नीचे पुल पार पैतृक मंदिर में स्थापित किया जाएगा। यहां श्रद्धालु टीले पर चढ़े बिना दर्शन कर सकेंगे। निर्माण कार्य पूरा होने और मंदिर परिसर सुरक्षित पाए जाने के बाद ही मंदिर को पुन: खोला जाएगा। यदि आवश्यक हुआ, तो बंदी की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

# बरेली रोड पर जाम से मुक्ति के लिए अभी लंबा इंतजार

- तीनपानी से हल्दूचौड़ तक के लिए बायपास को मिली मंजूरी
- अभी कई चरणों में होना है काम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बरेली रोड पर यातायात का दबाव रहता है और इसको कम करने के लिए हल्दूचौड़ से तीनपानी तक नया बाइपास बनाया जाएगा। केंद्र से इसकी अनुमति मिल गई है और करीब 13 किमी लंबा रास्ता होगा। हालांकि वन भूमि और बजट की वजह से अभी लंबा समय लग सकता है। इसमें अब दूसरे चरण का काम चल रहा है।

इस सड़क के बनने के बाद लोगों को बरेली रोड से हल्द्वानी आने के लिए एक नया बायपास मिल जाएगा। जिसके बाद बरेली रोड पर तीनपानी क्षेत्र में जाम की समस्या कम होगी। लोनिवि ईई प्रत्यूष कुमार ने बताया कि 32 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाकर दी गई। केंद्र से वन भूमि हस्तातंरण की मंजूरी मिली है। अब वन विभाग को लैंड ट्रांसफर की प्रक्रिया पर काम किया जाएगा। जिसके तहत उसे मुआवजे के तौर पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि सबकुछ सही समय पर करने की योजना है और तेजी के साथ काम किया जा रहा है लेकिन अभी भी कई चरणों में काम होना है। फिलहाल दूसरे चरण में काम चल रहा है।

दिक्कत | टीकाकरण की तारीख अब भी तय नहीं, दो साल से इंतजार, तैयारियां पूरी लेकिन निर्देश नहीं

# सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन देहरादून में अटकी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राज्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन देहरादून पहुंच चुकी है, लेकिन इसे कब से लगाया जाएगा, इस पर अभी तस्वीर साफ नहीं है। हैरानी की बात यह है कि वैक्सीन उपलब्ध होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की तारीख नहीं बता पा रहे हैं।

गौरतलब है कि 1 फरवरी 2024 को केंद्रीय बजट भाषण के दौरान केंद्र सरकार ने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन के लिए धन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने सभी जिलों में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को वैक्सीन लगाने, रखरखाव और कोल्ड चेन प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। साथ ही यह भी आकलन किया गया कि कितनी किशोरियों को वैक्सीन दी जानी है। लंबे समय तक आपूर्ति को लेकर असमंजस बना रहने के बाद केंद्र सरकार ने जनवरी माह में राज्य को सीमित मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध करा दी है। फिलहाल इसे जिला स्तर पर भेजने की प्रक्रिया चल रही है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि तकनीकी और संसाधन संबंधी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं।




### 14 से 15 वर्ष की बेटियां होंगी लाभार्थी

**हल्द्वानी :** यह वैक्सीन 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को लगाई जानी है। चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा देने में काफी प्रभावी है। स्वास्थ्य विभाग से पता चला कि वैक्सीन राज्य में पहुंच चुकी है, लेकिन टीकाकरण अभियान शुरू करने के लिए केंद्र सरकार के स्पष्ट निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है। तारीख तय न होने से अभिभावकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने बताया केंद्र सरकार ने राज्य को कुछ मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई है। जैसे ही केंद्र से स्पष्ट निर्देश मिलेंगे, वैक्सीन लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### धर्म सम्मेलन के लिए सांसद को दिया न्योता

**हल्द्वानी :** शिव सेना ने आगामी 7 मार्च को महानगर हल्द्वानी में होने वाले सनातन धर्म रक्षा सम्मेलन को लेकर सांसद एवं शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अनिल देसाई से मुलाकात की और उन्हें सम्मलेन के लिए निमंत्रण दिया।

राज्य प्रमुख गौरव कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सांसद देसाई से मुलाकात की। उन्होंने सांसद को बताया कि यह सम्मेलन सनातन धर्म की रक्षा, गो माता की रक्षा और लव जिहाद से युवतियों को बचाने के लिए किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं अध्यक्ष हेमंत भईयू, दीपक राजपूत, वासु परविंदा , मनीष, प्रमोद आर्या आदि रहे।

# 12 को हड़ताल पर रहेंगी आशा वर्कर्स

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ट्रेड यूनियन ऐक्टू से सम्बद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों की ओर से अखिल भारतीय आम हड़ताल में शामिल होंगी।

बुधवार को इसको लेकर हुई बैठक में आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) के प्रदेश महामंत्री डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों, महिला कामगारों के अधिकारों पर हमला कर रही है और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। आशा वर्कर्स की हालत सभी उत्पीड़ित श्रमिकों में सबसे ज्यादा खराब है. उन्हें तो श्रमिक का दर्जा भी नहीं दिया जाता, बंधुवा मजदूर की तरह काम लिया जाता है। आशा वर्कर्स पर सरकार नए नए काम का बोझ लगातार बढ़ाते जा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स को न्यूनतम वेतन और कर्मचारी का दर्जा नहीं देकर उनका आर्थिक शोषण कर रही है। ब्लॉक सचिव रीना आर्य ने कहा कि सरकार आशाओं की मेहनत का शोषण करती है। इस दौरान अंजना, गीता जोशी, दीपा बिष्ट, आनंदी, रेनू दीप, बबीता आर्य, सुनीता अरोड़ा, सबीना, भगवती देवी, कमला गोस्वामी, हेमा सम्मल रहे।




हल्द्वानी में बैठक करते आशा वर्कर्स। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### रुपहले पर्दे पर दिखाई देगा रामनगर का सोमांश



**रामनगर :** रामनगर के छोटे कलाकार सोमांश सिंह डंगवाल अब बड़े रुपहले पर्दे पर नजर आएंगे। उन्होंने पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी एक्टिंग दिखाई है, लेकिन इस साल उनकी पहली बड़ी फिल्म "मर्दानी 3" 28 जनवरी को रिलीज़ हुई, जिसमें उन्हें विलेन रामानुजन के बचपन का किरदार निभाने का मौका मिला। फिल्म में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रानी मुखर्जी भी हैं।

पिछले पांच वर्षों में सोमांश ने कई टीवी शो और बड़े मंचों पर अपने डांस और अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया है। उनके पिता, पूर्व सैनिक और पूर्व सभासद भुवन सिंह डंगवाल ने बताया कि सोमांश 2026 में बड़े पर्दे पर धमाल करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र सरकार द्वारा चाइल्ड इंफ्लुएंसर अवार्ड से भी नवाजा गया। सोमांश इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दादी को देते हैं। उनकी उपलब्धि रामनगर के लिए गर्व की बात है और स्थानीय कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### रक्तदान कर बचाई मरीज की जान, संस्था ने जताया आभार

**नैनीताल :** एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था के सक्रिय सदस्यों श्री सौरव रावत एवं श्री हिमांशु बिष्ट ने ए पॉजिटिव (A) रक्तदान कर एक मरीज की समय पर सहायता कर मानवता की मिसाल पेश की। मरीज को कुल 3 यूनिट रक्त की आवश्यकता थी, जिसमें एक यूनिट रक्त चिकित्सालय की ओर से उपलब्ध कराया गया, जबकि शेष दो यूनिट रक्त एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। संस्था के सदस्यों की तत्परता और सेवा भावना से मरीज को समय पर रक्त मिल सका, जिससे उसका उपचार संभव हो पाया। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में योगदान देकर दोनों रक्तदाताओं ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था ने सौरव रावत एवं हिमांशु बिष्ट के इस सराहनीय योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सीजनल पर्यटन का मिथक टूटा, सालभर क्षेत्र में उमड़ रहे सैलानी, वीकेंड पर उमड़ती है पर्यटकों की भीड़

# हर मौसम में विभिन्न राज्यों से मुक्तेश्वर पहुंच रहे पर्यटक

दानसिंह लोधियाल, धानाचूली



फाइल फोटो

**अमृत विचार:** पिछले पांच सालों में मुक्तेश्वर का पर्यटन कारोबार पूरी तरह बदल चुका है। कभी सिर्फ सीजनल पर्यटन के लिए पहचाने जाने वाले मुक्तेश्वर ने अब यह मिथक तोड़ दिया है कि यहां सैलानी केवल गर्मियों या छुट्टियों में ही आते हैं। आज हालात यह हैं कि हर मौसम में देश के अलग-अलग राज्यों से पर्यटक मुक्तेश्वर पहुंच रहे हैं।

दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, बंगाल और महाराष्ट्र से आने वाले सैलानियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वीकेंड यानी शनिवार और रविवार को तो अधिकांश होटल और होम-स्टे पूरी तरह फुल हो जाते हैं। इसका सीधा लाभ स्थानीय कारोबारियों और युवाओं को मिल रहा है।

पर्यटन के बढ़ते दबाव के साथ स्थानीय युवाओं ने भी नए रोजगार के आयाम स्थापित किए हैं। चोली की जाली और भालुगाढ़ वॉटरफॉल आदि क्षेत्रों में युवाओं द्वारा कैफे, छोटे ढाबे, गाइड सेवा और होम-स्टे जैसे स्वरोजगार शुरू किए गए हैं। इससे न सिर्फ बेरोजगारी में कमी आई है, बल्कि क्षेत्र की आर्थिकी को भी मजबूती मिली है। क्षेत्र में बढ़ता पर्यटन कारोबार क्षेत्र के विकास को गति दे रहा है।

> मुक्तेश्वर में पिछले तीन-चार सालों से सैलानी हर सीजन में आ रहे हैं जिससे होटल व्यवसाय के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। **-करन सिंह**, हिमालया बाय द लेक हिल मुक्तेश्वर

### पर्यटन बढ़ा, लेकिन समस्याएं जस की तस

**धानाचूली :** जहां एक ओर पर्यटन कारोबार तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं बुनियादी सुविधाओं की कमी अब सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है। मुख्य समस्या सड़कों की बदहाली है। खुटानी से धानाचूली और धारी से कसियालेख तक सड़कें पूरी तरह दम तोड़ चुकी हैं। वहीं मुक्तेश्वर जाने के लिए भटेलिया से केवल एक ही सड़क होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

### बाजारों में बढ़ा कारोबार

**धानाचूली :** पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही का असर आसपास के बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है। भटेलिया, धानाचूली, धारी और मुक्तेश्वर की बाजारों में होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी, दुकानदारों और स्थानीय उत्पाद बेचने वालों का कारोबार पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ा है।

> मुक्तेश्वर क्षेत्र में सड़क, पानी और पार्किंग आज बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। पिछले दस सालों में पर्यटन कारोबार तेजी से बढ़ा है, लेकिन पर्यटन सुविधाओं की स्थिति जस की तस है। जब तक इन तीनों प्रमुख समस्याओं पर सरकार ठोस कार्ययोजना नहीं बनाती, आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। **-सुदर्शन साही**, अध्यक्ष, होटल एसोसिएशन मुक्तेश्वर

# शिक्षकों ने परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग उठाई

संवाददाता, रामनगर

- उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षाएं 17 फरवरी से होनी हैं शुरू
- उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षाएं 17 मार्च से होनी हैं

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने इस वर्ष की वार्षिक गृह परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग उठाई है। संगठन का कहना है कि उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) की परीक्षाएं इस वर्ष 17 फरवरी से आयोजित कराने का कार्यक्रम जारी किया गया है, जबकि कक्षा 1 से 5 की परीक्षाएं 17 मार्च से 24 मार्च तक निर्धारित हैं।

संगठन के अनुसार, प्रारंभिक स्तर पर दो अलग-अलग परीक्षा कार्यक्रम होने से शिक्षकों और छात्रों में भ्रम की स्थिति बन गई है। प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने महानिदेशक विद्यालय शिक्षा, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा और निदेशक एससीईआरटी को पत्र भेजकर इस असंगति को दूर करने और परीक्षा तिथियों को समन्वित करने की मांग की है।

संगठन का तर्क है कि यदि जूनियर स्तर की परीक्षाएं 12 फरवरी से आयोजित होती हैं, तो यह सत्र समाप्ति से डेढ़ माह पहले होगी, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उनका प्रस्ताव है कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक दोनों स्तर की परीक्षाएं 17 मार्च से आयोजित की जाएं, ताकि छात्रों और शिक्षकों दोनों के हित में समुचित तैयारी संभव हो।

# जंगली हाथियों से परेशान टेड़ा के ग्रामीणों ने रेंजर को घेरा

## कई दिनों से गांव में उत्पात मचा रहे हाथी, ग्रामीणों ने जंगली जानवरों से फसलों और खुद की सुरक्षा करने की मांग उठाई



रामनगर रेंज कार्यालय में घेराव के बाद रेंजर को परेशानी बतातीं महिलाएं।

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** टेड़ा के ग्रामीणों ने जंगली जानवरों से अपनी फसलों और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर वन क्षेत्राधिकारी का घेराव किया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में जंगली हाथियों की धमक से जीवन और संपत्ति खतरे में है।

बुधवार को ग्राम टेडा की लगभग एक दर्जन महिलाएं कोसी रेंज पहुंचीं और वन रेंजर शेखर तिवारी से मुलाकात की। गुस्साई महिलाओं ने बताया कि कुछ दिनों से हाथी लगातार गांव में आ रहे हैं। बीते दिनों मवेशियों के लिए चारा लेने गई महिलाओं पर हमले का प्रयास भी हुआ था, जिससे उनकी जान को खतरा पैदा हुआ। महिलाओं ने गांव में चारों ओर तारबाड़ और सोलर लाइटें लगवाने की मांग की। टेडा की ग्राम प्रधान रश्मि रावत ने भी रेंजर से मुलाकात कर इन सुरक्षा उपायों की सिफारिश की।

रेंजर शेखर तिवारी ने कहा कि जल्द ही सोलर लाइटें लगाई जाएंगी और तारबाड़ के लिए उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी। इस मौके पर शांति देवी, कविता देवी, मंजू रावत, ममता रावत, गंगा देवी और दर्शानी देवी उपस्थित रहीं।

### देवीधूरा गांव में देर शाम गुर्रा रहा तेंदुआ, लोगों में दहशत

**नैनीताल :** नैनीताल के आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों लगातार तेंदुए की दस्तक होने लगी है। बीते एक सप्ताह से देर शाम और सुबह देवीधूरा गांव में तेंदुए के गुर्राने से लोगो में भय का माहौल बना हुआ है। लोग पटाखे जलाकर तेंदुए को आबादी क्षेत्र से भगाने के प्रयास में जुट हुए हैं। अब ग्रामीणों ने क्षेत्र में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। बता दें कि लंबे समय से नैनीताल के आसपास के क्षेत्र में तेंदुओं के लोगों पर हमले के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में लोग क्षेत्र में तेंदुए की दशतक से दहशत में हैं। इन दिनों नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा गांव में तेंदुए की दस्तक से लोगों की रातों की नीद उड़ी हुई है। बीते एक सप्ताह से लगातार तेंदुआ गांव के बीच घरों के आसपास गुर्रा रहा है। बीते दिनों क्षेत्र में कुत्ते को निवाला बनाने के बाद तेंदुआ घरों के आंगन में पहुंचकर गुर्रा रहा है। इधर मंगलवार की रात व बुधवार की सुबह पांच बजे ग्राम प्रधान व अन्य लोगों ने भी तेंदुए की गुर्राने की आवाज सुनी। जिसके चलते सुबह देर तक लोगों ने घरों के दरवाजे नहीं खोले। ग्रामीण कई दिनों से रात को पटाखे जलाकर तेंदुए को आबादी क्षेत्र से दूर भगाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं वन विभाग की टीम भी गांव में जागर गश्त कर चुकी है। ग्राम प्रधान प्रेमलता बर्गली ने डीएफओ को पत्र लिख क्षेत्र में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। एसडीओ ममता चंद ने बताया कि शिकायत के बाद क्षेत्र में विभागीय टीम की गशत की जा रही है। जल्द ही क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि लोग देर रात घर से बाहर न जाएं और रात को घर के आसपास लाइट जलाएं। साथ ही छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है।

# भीमताल में वन विभाग ने लगाए ट्रैप कैमरे और पिंजरे

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल नगर क्षेत्र में पहली बार तेंदुए (गुलदार) द्वारा महिला को निवाला बनाए जाने की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। चौड़िया के जंगल से सटे क्षेत्र में रहने वाली गंगा देवी, पत्नी राजन प्रसाद, पर तेंदुए के हमले की पुष्टि के बाद स्थानीय लोग भयभीत हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घटना वाले दिन सुबह भी क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई दिया था। जहां गंगा देवी का शव मिला, वहां काफी देर तक तेंदुए की आवाजें सुनाई देती रहीं। वन क्षेत्र अधिकारी विजय मलकानी ने बताया कि वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। तेंदुए को पकड़ने के लिए 35 ट्रैप कैमरे, 15 पिंजरे लगाए गए हैं तथा 50 कर्मचारियों की टीम लगातार गश्त कर रही है।

पशु विशेषज्ञों का कहना है कि भोजन श्रृंखला के असंतुलन और जंगलों में शिकार की कमी के कारण तेंदुआ या बाघ मानव बस्तियों की ओर रुख कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जहां काकड़ और हिरण जैसे जानवर मौजूद होते हैं, वहां तेंदुओं की उपस्थिति स्वाभाविक होती है। वन्य जीवों की संख्या में कमी आने से तेंदुए और बाघ भोजन की तलाश में इंसानों को निशाना बना रहे हैं।

विशेषज्ञों ने यह भी संभावना जताई है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वन्य जीवों का अवैध शिकार भी इस समस्या का एक कारण हो सकता है।

## कुलदीप राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष

**कालाढूंगी:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्व कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

कुलदीप तड़ियाल ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाते हुए वह संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त व मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। पार्टी ने उनके राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति निष्ठा के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी है। कुलदीप तड़ियाल के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सुनील पवार, उत्तराखंड प्रभारी दीपक राठौड़, उत्तराखंड प्रदेश संयोजक और पूर्व विधायक ललित फरस्वाण, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, कार्यकारी अध्यक्ष नीरज तिवारी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व विधायक संजीव आर्य आदि ने बधाई दी है।

# पूर्व सैनिक लीग के प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल असवाल का स्वागत

संवाददाता, रामनगर



मेजर जनरल (सेनि) एमएल असवाल का स्वागत करते पूर्व सैनिक।

**अमृत विचार:** भारतीय पूर्व सैनिक लीग के उत्तराखंड अध्यक्ष मेजर जनरल एमएल असवाल (अवकाश प्राप्त) का सैनिक विश्राम गृह, लखनपुर में जोरदार स्वागत किया गया। समारोह में पूर्व सैनिकों और गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित किया।

जनरल असवाल ने कहा कि राज्य के सभी पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं का समाधान गांव, नगर, जिला और राज्य स्तर पर त्वरित कार्रवाई के माध्यम से उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने रामनगर क्षेत्र में कैप्टन हरेन्द्र बिष्ट द्वारा छात्रों को निःशुल्क सेना भर्ती प्रशिक्षण, सूबेदार मेजर एन.डब्ल्यू.एम. खान द्वारा फुटबॉल और एथलीट प्रशिक्षण, तथा कंपनी हवलदार मेजर मंगल सिंह और हवलदार गजेन्द्र चौहान द्वारा निःशुल्क सेना भर्ती कार्यक्रम आयोजित कराने जैसे प्रयासों की प्रशंसा की।

जनरल असवाल ने पूर्व सैनिकों को प्रेरित किया कि वे समाज सेवा और जनसेवा में आगे बढ़ें, जिससे उनकी छवि समाज में आदर और सम्मान के रूप में स्थापित हो। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी हल्द्वानी द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान की भी सराहना की।

समारोह में जिलाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल बी.एस. रौतेला, कुमाऊं संयोजक सूबेदार मेजर एस. कार्की, रामनगर एवं हेमपुर अध्यक्ष सूबेदार मेजर नवीन पोखरियाल सहित कई पदाधिकारी और पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



मोर्चा अध्यक्षों का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा नगर मंडल के मोर्चा अध्यक्षों का स्वागत

**रामनगर :** भारतीय जनता पार्टी ने नगर मंडल के विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों का लोनिवि विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया। महामंत्री नवीन करगेती के नेतृत्व में आयोजित समारोह में युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट ने कहा कि सभी मोर्चा अध्यक्षों की जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्रों में सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के साथ आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे रहें। स्वागत कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश आर्या, महिला मोर्चा अध्यक्ष गंगा राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष विशाल वर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजीव कुमार सैनी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष इंदर पाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फहीम कुरैशी और महिला ग्रामीण पिरूमदारा मोर्चा अध्यक्ष नैना अग्रवाल का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती में सभी मोर्चों की अहम भूमिका पर जोर दिया और कहा कि नवगठित टीम जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेगी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश मेहरा, महामंत्री नवीन करगेती सहित कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला समूह को पार्किंग का जिम्मा

संवाददाता, भीमताल



महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह को पार्किंग का संचालन सौंपती पालिका अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** भीमताल नगर पालिका द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए स्थानीय महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह को भीमताल क्षेत्र में पार्किंग संचालन एवं प्रबंधन का कार्य सौंपा गया है। इस निर्णय को महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नगर पालिका प्रशासन का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। पार्किंग संचालन का दायित्व मिलने से महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह को नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा, जिससे न केवल उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि महिलाएं समाज में एक सशक्त भूमिका भी निभा सकेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा एवं अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि यह निर्णय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है। अब पार्किंग व्यवस्था का संचालन महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा, जिसमें टिकट वितरण, पार्किंग प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा स्वच्छता से जुड़े कार्य शामिल होंगे।

महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह की सदस्यों अध्यक्ष आशा उप्रेती, कोषाध्यक्ष कमला रावत, सचिव दीपिका कनवाल तथा सदस्य भावना पांडे, गीता बिष्ट, सोनाली नेगी, लक्ष्मी जीना सहित अन्य सदस्यों ने इस अवसर के लिए नगर पालिका का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है और इससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के लिए बेहतर योगदान दे सकेंगी।



स्व. रामबाबू मिश्रा के चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते गणमान्य लोग।

### तेरहवीं पर स्व. रामबाबू मिश्रा का भावपूर्ण स्मरण

**लालकुआं :** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव स्वर्गीय रामबाबू मिश्रा की तेरहवीं पर शनिवार को उनके निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गा पाल, स्वामी नारायण चैतन्यपुरी महाराज और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में यशपाल आर्य ने कहा कि स्वर्गीय रामबाबू मिश्रा ने लालकुआं के विकास में बड़ा योगदान दिया और कांग्रेस के सच्चे सिपाही के रूप में क्षेत्रवासियों के दिलों में राज किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, वरिष्ठ विधायक अरविंद पांडे, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी आदि उपस्थित रहे।

## डिग्री कॉलेज के चार शिक्षक हुए सम्मानित

**रामनगर:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चार प्राध्यापकों को भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा उनके विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।

महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ. प्रमोद जोशी और डॉ. पवन टम्टा, वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. ऋचा पुनेठा तथा रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. रीमा प्रियदर्शी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने बताया कि इन चारों शिक्षकों को बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्या, प्रो. पुनीता कुशवाहा, डॉ. लवकुश कुमार, प्रो. जेएस नेगी, प्रो. अनीता जोशी, प्रो. अनुमिता अग्रवाल, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. योगेश चंद्र, डॉ. पीसी पालीवाल रहे।

# संपर्क क्रांति एक्सप्रेस अब पीरूमदारा में भी रुकेगी

संवाददाता, रामनगर

- काफी लंबे समय से लोग कर रहे थे मांग

**अमृत विचार:** रामनगर के पीरुमदारा स्टेशन पर रामनगर दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के दो मिनट ठहराव के आदेश जारी हो चुके हैं। बता दे कि पीरुमदारा क्षेत्र में दिल्ली, मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

पीरुमदारा के निवासियों ने सांसद व विधायक को एक महत्वपूर्ण समस्या से अवगत कराया था कि उत्तराखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (15035/15036) का पीरूमदारा स्टेशन पर ठहराव न होने के कारण क्षेत्र के यात्रियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों को रामनगर आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सांसद अनिल बलूनी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर इस ट्रेन के पीरूमदारा स्टेशन पर ठहराव की मांग की थी।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि रेल मंत्रालय ने पीरूमदारा स्टेशन पर ठहराव का आदेश जारी कर दिया है। यह निर्णय निश्चित रूप से रामनगर एवं आसपास के क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए बड़ी राहत सिद्ध होगा। विधायक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री एवं संसद का आभार व्यक्त किया है।

## मस्जिदों और घरों में की इबादत

**रामनगर:** मुस्लिम समाज के लोगों ने शबे बरात पर्व पूरी रात मस्जिदों और घरों में इबादत करते हुए सादगी के साथ मनाया। समाज के लोगों ने इबादत की और शबे बरात के अगले दिन रोज़ा रखा। नए नए पकवान बनाकर लोगों को तकसीम किया और अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर अपने गुनाहों की माफी मांगी। बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अकील अहमद ने बड़ी मस्जिद में तकरीर करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि शबे बरात की बहुत ज्यादा फ़ज़ीलत है। उन्होंने कहा कि शबे बरात पर मुस्लिम समाज के लोगों को चाहिए कि पूरी रात इबादत करें और अगले दिन रोजा रखे। इसके साथ ही नमाज पढ़े, कुराने पाक की तिलावत करें और कब्रिस्तान में जाकर अपने बुजुर्गों को दुरूदे पाक पढ़कर इशाले शबाब पहुंचाए।

# सड़क सुरक्षा को वाहनों में लगाई गई रेडियम पट्टी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार यातायात दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए प्रदेश में 16 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है।

एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश में एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसके तहत बुधवार को नैनीताल क्षेत्र में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल व एसआई मो. युनुश ने टैक्सी वाहनों, बसों, बाइकों में रेडियम पट्टी लगाई। साथ ही रेडियम पट्टी के फायदे बताए। इस दौरान ड्राइवरों, केमू बस चालकों व स्थानीय लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही ओवर लोडिंग, तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन न चलने की अपील की। नियमों के उल्लघंन पर वाली कार्रवाई की चेतावनी दी।





वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाती पुलिस।

## सिटी ब्रीफ

### सुबह छाया घना कोहरा दोपहर में निकली धूप

**हल्द्वानी :** फरवरी में इस समय मिलाजुला मौसम देखने को मिल रहा है। सुबह के समय हल्द्वानी में घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बुधवार की सुबह के समय हल्द्वानी में सभी जगह कोहरा छाया था। खासतौर से देवलचौड़, पंचायतघर, गन्ना सेंटर, बेलबाबा, तीनपानी, आनंदपुर आदि इलाकों में सुबह के सयम बहुत ही घना कोहरा था। हाल यह थे कि दृश्यता भी कम थी। हालांकि सुबह 10 बजे तक सभी जगह धूप निकल आई। दोपहर में गुनगुनी धूप रही तो शाम होने पर हल्की सर्द लहर चलने लगी। हल्द्वानी में अधिकतम 21.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक भाबर में इसी तरह का मौसम बना रहेगा।

### फुटकुआं सब स्टेशन को मिला नया ट्रांसफार्मर

**हल्द्वानी :** क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए ऊर्जा निगम ने बुधवार को फुटकुआं सब स्टेशन में 2 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नया और उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। इस सुधार के बाद फुटकुआं सब स्टेशन से जुड़े 5 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को अब लो-वोल्टेज और बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। पिछले लंबे समय से पुराना ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण क्षेत्र में बिजली की आवाजाही बनी रहती थी। नया ट्रांसफार्मर लगने से अब विद्युत आपूर्ति नियमित हो सकेगी।

# भाई की बीमारी पर खर्च हो रही रकम गुजरी नागवार, कर दी हत्या

## लोटे से पीटकर हत्यारे ने बीमार भाई को उतारा मौत के घाट, बरेली रोड स्थित राम मंदिर बगीचा में आधी रात हुई सनसनीखेज वारदात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** योगेश हत्याकांड के सजायाफ्ता संदीप जायसवाल ने मंगलवार की आधी रात एक और बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। इस बार उसने अपने बीमार भाई सोनू को निशाना बनाया। उसे यह नागवार गुजर रहा था कि सोनू की बीमारी पर भतीजे की रकम खर्च हो रही है और उसे ढेला तक नसीब नहीं हो रहा है। इसी कुंठा में रात को शराब के नशे में धुत होकर संदीप घर पहुंचा और अपनी मां व भाई को बंधक बनाकर स्टील के लोटे से हमला कर दिया। सोनू के चेहरे और सिर पर वह तब तक हमले करता रहा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। घटनास्थल से फरार हत्यारा कुछ ही दूरी पर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी के पास से लोडेड रिवॉल्वर और कारतूस बरामद किए हैं।


सोनू। फाइल फोटो

कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि मंगलवार की लगभग आधी रात हत्या की वारदात हुई। राम मंदिर बगीचा, बरेली रोड निवासी सोनू जायसवाल (42 वर्ष) पुत्र स्व. लल्लन प्रसाद जायसवाल यहां अपनी मां रानी, भाई संदीप जायसवाल व भतीजे अंकित के साथ रहता था।


रोती बिलखती मां, साथ बैठे परिजन। ● अमृत विचार

### कत्ल के बाद खुद श्मशान ले जाने वाला था लाश

**हल्द्वानी :** जब संदीप से मां ने कहा कि सोनू बीमार है, उसे मत मार वरना वह मर जाएगा। इस पर संदीप बोला कि वह आज सोनू को जान से मार डालेगा और इसे बचाने वाला भी मारा जाएगा। बोला, सुबह सोनू की लाश को श्मशान ले जाऊंगा। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों को बटोरा। बुधवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

सोनू लीवर सिरोसिस नाम की गंभीर बीमारी से ग्रस्त था। मंगलवार की रात संदीप शराब के नशे में घर पहुंचा और सोनू को उसकी बीमारी पर ताने मारने लगा। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया।

संदीप ने कहा, तेरी वजह से सब बर्बाद हो रहा है। इतने में उसने पास में रखा स्टील का लोटा हाथ मे उठा लिया। सोनू कुछ समझ पाता, इससे पहले ही संदीप ने सोनू के चेहरे और सिर पर ताबड़तोड़ हमले कर दिए। संदीप, सोनू पर तब तक हमले करता रहा, जब तक जमीन पर गिर कर मर नही गया। घटना स्थल पर मौजूद मां और भतीजा लगातार संदीप को रोकते रहे, लेकिन जब उसने मां और भतीजे को भी जान से मार डालने की धमकी दी तो वह डरकर पीछे हट गए। संदीप ने भाई की हत्या से पहले ही दोनों को कमरे में कैद कर दिया था। चुपके से भतीजे अंकित ने अपने एक दोस्त को फोन किया। दोस्त मौके ओर पहुंचा तो घर के बाहर भीड़ और परिवार घर में कैद था। इसी बीच गश्त पर निकली पुलिस ने भीड़ देखी और पूछताछ की तो घटना का पता लगा। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया तो संदीप पीछे के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने फौरन सोनू को एसटीएच भेजा और आरोपी की तलाश में दबिश शुरू की। वहीं, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल मेहता ने बताया कि वारदात के चार घंटे बाद ही हत्यारे संदीप को गांधी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 32 बोर की रिवॉल्वर और दो कारतूस बरामद किए गए। भतीजा अंकित की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसएसआई रोहताश सिंह सागर, मेडिकल चौकी प्रभारी रविन्द्र राणा, हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह, कांस्टेबल मो. अजहर और जगदीश भंडारी थे।


इसी घर के अंदर की थी सोनू की हत्या।

## भाई की दवा से जरूरी थी दारू मां की 'दुआ' नहीं आई काम

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक बेवा मां के लिए उसके बच्चे सबसे प्यारे होते हैं। ऐसे में जब उसके एक बेटे की मौत हो चुकी हो, दूसरा बेटा संदीप अपराधी बन चुका हो और तीसरा बेटा सोनू जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा हो। तीसरे बेटे को जिंदा रखने के लिए भतीजा अंकित रुपए खर्च कर रहा था, मां भगवान से हर पल दुआ करती थी, लेकिन अपराधी बेटे संदीप के लिए उसकी दारू सबसे ज्यादा जरूरी थी। अपनी इसी जरूरत के लिए संदीप ने अपने हर पल दम तोड़ते भाई को एक पल में मौत की नींद सुला दिया।

मृतक की मां रानी पत्नी स्व. लल्लन प्रसाद जायसवाल के तीन बेटे थे। पति की मौत के बाद रानी अपने तीनों बेटों पर निर्भर थी, लेकिन वर्ष 2017-18 में बड़े बेटे संजय की हार्ट अटैक की वजह से मौत हो गई। दूसरे नंबर का बेटा संदीप पहले ही हत्या के मामले में जेल था। बचा सबसे छोटा बेटा सोनू तो उसे भी जानलेवा बीमारी ने घर लिया था। सोनू बेडरेस्ट पर था। ऐसे में पूरे परिवार का जिम्मा संजय के बेटे अंकित पर था। शरीर से असहाय हो चुके सोनू को अंकित अपने घर ले आया और इलाज कराने लगा। उसकी कमाई का बड़ा हिस्सा इलाज में खर्च हो रहा था और इधर, मां की हत्या के प्रयास में जेल से जमानत पर बाहर आया संदीप हर रोज नशे में धुत होकर घर पहुंचता था। अंकित अपने बड़े चाचा संदीप को भी खर्चा देता था, लेकिन जब बीमारी पर ज्यादा खर्च होने लगा। संदीप ने इसका दोषी भाई को मान लिया। उसे तो इस बात पर भी आपत्ति थी कि उसकी मां सोनू की सलामती के लिए प्रार्थना भी क्यों करती है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कहा कि संदीप ने अपने बयान में कहा कि वह वर्तमान में जमानत पर चल रहा था। छोटे भाई की तबियत खराब थी। आर्थिक तंगी में उसका इलाज कराने में कठिनाई हो रही थी, जिस कारण उसने रात को शराब पीकर गुस्से में आकर भाई को मौत के घाट उतार दिया।

### पांच मुकदमे दर्ज, साझीदार के सिर में मारी थी गोली

संदीप के ऊपर हल्द्वानी कोतवाली में हत्या, हत्या का प्रयास और धमकी समेत पांच मुकदमे दर्ज हैं। उसने जुलाई 2014 में व्यापारी योगेश गुप्ता को उन्हीं के घर के पास सिर में गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या में संदीप का साथ उसके खेड़ा रुद्रपुर निवासी दोस्त राहुल राठौर ने दिया था। इस मामले में तत्कालीन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार की कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### कोर्ट में जज को धमकाने की हिमाकत की थी

बताया जाता है कि संदी व उसके साथी राहुल को 20 दिसंबर 2016 को आईपीसी की धारा 302 व 25 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी करार दिया गया तो अभियुक्तों के पास मोहर्रिर भारती कागजात पर दस्तखत कराने पहुंचीं, लेकिन अभियुक्तों ने इंकार कर दिया और भरी कोर्ट में चिल्लाते हुए जज को अंजाम भुगतने की हिमाकत की।

## दीक्षांत स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी फेयरवेल


दीक्षांत स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को 11वीं के विद्यार्थियों ने 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी दी। इसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, टाइटल्स वितरण, गीत–नृत्य और कविता से समारोह को रंगारंग बनाया। वहीं, वॉक डाउन द मेमोरी लेन स्लाइड शो ने विद्यार्थियों की पुरानी यादों को जीवंत कर भावुक कर दिया। कार्यक्रम के अंत में स्मृति-चिन्ह देकर विद्यार्थियों को बधाई दी गई। इस दौरान स्कूल की निदेशिका स्मृति टिक्कू, निदेशक समित टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 19 को होगी आउटसोर्स कर्मियों की सुनवाई

**हल्द्वानी :** ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन और यूपीसीएल के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। संगठन सचिव पान सिंह चिलवाल की ओर से दायर याचिका पर संज्ञान लेते हुए सहायक श्रम आयुक्त आशा पुरोहित ने सुनवाई की तिथि 19 फरवरी तय की है। यह सुनवाई शहर के श्रम आयुक्त के कार्यालय में होगी। इस प्रकरण में यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक सहित 15 प्रमुख ठेकेदारों के नाम शामिल हैं, जिनको इस सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। यह विवाद हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा शर्तों, कार्यदशाओं और श्रमिक अधिकारों से जुड़ा है। ऐसे में हल्द्वानी में होने वाली इस आमने-सामने की सुनवाई पर पूरे प्रदेश के ऊर्जा कर्मियों की निगाहें टिकी हैं।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चार स्वर्ण सहित 20 पदक झटके

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देहरादून के आमवाला स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक राज्य स्तरीय कराटे खेल महाकुंभ मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी में नैनीताल जिले के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, पांच रजत और 11 कांस्य जीते हैं।

नैनीताल टीम के तकनीकी निदेशक वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि अंडर-14 बालिका वर्ग में काता स्पर्धा में प्रियांशी जोशी ने रजत पदक जीता। 11 वर्ष आयु वर्ग में 40 किग्रा में बरखा लोहनी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। 12 वर्ष आयु वर्ग में –45 किग्रा में पावना खाती ने स्वर्ण पदक, जबकि 45 किग्रा में भवन्या पांडे ने रजत पदक जीता। इसी वर्ग में 50 किग्रा में इशिता मेहरा ने रजत और 50 किग्रा में ईशा पतलिया ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में 11 वर्ष काता में जतिन विष्ट, 12 वर्ष काता में देवराज मेहरा, 45 किग्रा काता में अनन्य कुमार और 50 किग्रा में बसंत बिष्ट ने कांस्य पदक जीते। अंडर-19 बालिका वर्ग में 45 किग्रा में अमीषा गिरी, 59 किग्रा में जानवी जोशी और 59 किग्रा में साक्षी जोशी ने कांस्य पदक, जबकि 53 किग्रा में फसीन सैफी ने रजत पदक जीता। अंडर-19 बालक वर्ग में 50 किग्रा में जीवितेश पांडे, 55 किग्रा में मनीष और 61 किग्रा में नयन जोशी ने कांस्य पदक, जबकि 76 किग्रा में आदित्य बिष्ट ने रजत पदक नाम किया।



राज्यस्तरीय कराटे महाकुंभ में चार स्वर्ण समेत 20 पदक विजेता। ● अमृत विचार

## बेस अस्पताल में कक्ष मिला पर शुरू नहीं हुआ आधार केंद्र

हल्द्वानी, अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेस अस्पताल में आधार केंद्र शुरू करने का आदेश जिला प्रशासन ने करीब तीन सप्ताह पूर्व दिया था। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए कक्ष भी आवंटित कर दिया लेकिन अभी तक केंद्र शुरू नहीं हो पाया है।

आधार कार्ड सेवा सीएसएसी सेंटरों पर बंद करवा दी गई है और आधिकारिक तौर पर केवल कुछ ही स्थानों पर इसका संचालन होता है। हल्द्वानी में ब्लॉक कार्यालय, तहसील परिसर, मुख्य डाकघर जैसे कुछ ही गिने-चुने स्थानों पर आधार केंद्र मौजूद है जबकि आधार केंद्र की जरूरत सभी को है। इस वजह से मौजूदा आधार केंद्र में लंबी कतार लगी रहती है। एक आम व्यक्ति को आधार केंद्र में काम करवाने के लिए तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। तीन सप्ताह पूर्व बेस अस्पताल में आधार केंद्र खोलने के लिए कक्ष आवंटित किया था, लेकिन अभी तक केंद्र शुरू नहीं हो सका है। अगर यहां आधार केंद्र का संचालन हो जाए तो आमजन को काफी राहत मिलेगी और अन्य स्थानों पर लगने वाली भीड़ कुछ कम होगी। इसमें पार्किंग की समस्या भी आड़े आ रही है। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि अब जो कुछ करना है वह जिला प्रशासन को करना है। अस्पताल अपनी तरफ जिम्मेदारी पूरी कर चुका है। फिर भी प्रशासन को कोई सहयोग की आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जाएगा।

## विधायक भगत ने रामड़ी आनसिंह में दिलाई ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामड़ी आन सिंह में ग्राम प्रधान गीता डोगरा की अध्यक्षता में 20 से अधिक ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बुधवार को ग्राम प्रधान के आवास पर हुए कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। ग्रामीणों ने कहा कि कालाढूंगी विधायक की सक्रिय कार्यशैली, नियमित जनसंवाद और त्वरित समाधान की नीति ने जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच की दूरी को समाप्त किया है। विधायक ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि सेवा, समर्पण और सुशासन के मूल मंत्र पर कार्य करती है। ग्राम पंचायत रामड़ी आन सिंह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों का भाजपा परिवार से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है। इस दौरान विकास भगत, संदीप सनवाल, वीरेंद्र रावत, बीडीसी सदस्य नीता बिष्ट, ग्राम प्रधान मनीष भट्ट, प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप डोगरा, शीला देवी, पूर्व प्रधान मनीष आर्या, पंकज निगल्टिया, हरीश बिष्ट, सागर गुर्रानी, त्रिभुवन अधिकारी आदि रहे।


रामड़ी आन सिंह में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक बंशीधर भगत।

## विषयों को सॉफ्ट स्किल से जोड़ बनाएं सिलेबस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया (सीईएमसीए) की ओर से संयुक्त रूप से हुई कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ। इस दौरान प्रो. राजेश पी खंबायत ने पाठ्यक्रमों में सुधार के लिए सुझाव देते हुए लर्निंग ऑब्जेक्टिव्स और कोर्स आउटकम पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

समापन सत्र में वर्चुअली जुड़े सीईएमसीए, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. बी शद्रक ने विश्वविद्यालयी पाठ्यक्रमों को रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने इतिहास जैसे विषयों को सॉफ्ट स्किल से जोड़कर रोचक और उपयोगी पाठ्यक्रम विकसित करने की बात कही। कार्यशाला में कुल 9 टीमों का गठन किया गया था। डॉ. शद्रक ने बताया कि यूओयू के प्रतिभागी देशभर के 18 लाख शिक्षकों में शामिल हैं और रोजगारपरक पाठ्यक्रम विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया गया कि विवि स्तर पर एक टीम का गठन किया जाएगा जो रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का पुनरावलोकन करेगी और प्रत्येक माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के पाठ्यक्रम नैक में विवि की ग्रेडिंग बढाने में मददगार साबित होंगे।

## डहरिया का बिजलीघर अप्रैल में होगा शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के डहरिया, मुखानी और जज फार्म जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। डहरिया स्थित आईटीआई परिसर में 29 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा नया 33/11 केवी बिजलीघर 70 प्रतिशत बनकर तैयार हो गया है। आगामी अप्रैल माह तक इस बिजलीघर से बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जिससे क्षेत्र के लगभग 40 हजार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

वर्तमान में विद्युत वितरण ग्रामीण डिवीजन के अंतर्गत आने वाले कमलुवागांजा बिजलीघर पर 46 हजार और टीपीनगर पर 13 हजार उपभोक्ताओं का भार है। इन बिजलीघरों से दूरी अधिक होने से डहरिया और मुखानी जैसे इलाकों में न केवल लो-वोल्टेज की समस्या रहती है। गर्मी के मौसम में ओवरलोडिंग व फॉल्ट से उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। करीब 508 वर्गमीटर भूमि पर निर्मित यह नया बिजलीघर इन समस्याओं का स्थायी समाधान बनेगा। इसके शुरू होने से कमलुवागांजा बिजलीघर का भार कम होगा और फॉल्ट होने की स्थिति में केवल प्रभावित क्षेत्र की बिजली ही बंद करनी पड़ेगी, जिससे अनावश्यक शटडाउन से मुक्ति मिलेगी।


डहरिया आईटीआई परिसर में निर्माणधीन बिजलीघर। ● अमृत विचार

> डहरिया के आईटीआई परिसर में बन रहा नया बिजलीघर अप्रैल तक शुरू हो जाएगा। हमारी प्राथमिकता उन क्षेत्रों को राहत देना है जहां लो–वोल्टेज और ओवरलोडिंग के कारण फॉल्ट की समस्या अधिक रहती है। डहरिया, जज फार्म, मुखानी और रूपनगर की कॉलोनियों के 40 हजार उपभोक्ताओं को इससे सुचारू और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।
> –**डीडी पांगती**, अधिशासी अभियंता, ऊर्जा निगम

**विफल** | ईवीसीएल टी–20 लीग स्थगित होने के बाद आयोजकों ने लौटाए टिकट के रुपये

## क्रिकेट मैदान में बिना एक गेंद फेंके हटाया तामझाम


स्टेडियम में लाइट हटाता कर्मी।

- प्रवीण कुमार लौटे मेरठ, दर्शकों को मिला रिफंड
- खेल विभाग ने कहा स्थगित मैदान से हटी चकाचौंध

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मंगलवार शाम से शुरू होने वाली ईवीसीएल टी-20 लीग पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। दिल्ली नाइट्स और उत्तराखंड सोल्जर्स के बीच होने वाले पहले रोमांचक मुकाबले के रद्द होने के बाद बुधवार को स्टेडियम में खेल प्रेमियों की जगह सन्नाटा पसरा रहा।

बुधवार को स्टेडियम का नजारा बिल्कुल बदला हुआ था, मंगलवार तक जो मैदान दूधिया रोशनी और कैमरों से लैस था, वहां कर्मचारी टेंट, लाइटें और इंटरनेट उपकरण समेटते नजर आए। कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें प्रबंधन की ओर से सारा साजो-सामान हटाने के निर्देश मिले हैं। टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण रहे पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार भी वापस मेरठ लौट गए हैं, जहां आज से ऑल इंडिया लीग शुरू होने जा रही है। वहीं स्टेडियम के टिकट काउंटर से लोगों को रुपये वापस करना शुरू कर दिया। बुधवार को लोग अपना रिफंड लेते नजर आए।

ईवीसीएल टूर्नामेंट अब दोबारा कब शुरू होगा या पूरी तरह रद्द हो गया है, इस पर फिलहाल संशय बना हुआ है। मुख्य आयोजक विकास ढाका ने आगे की योजना पर चुप्पी साध रखी है, जिससे क्रिकेट प्रेमियों के बीच असमंजस बना हुआ है। वहीं खेल उपनिदेशक रशिका सिद्दकी का कहना है कि आयोजकों की और से कुछ दिनों के लिए मैच स्थगित कर दिया गया है। मैच अब कब शुरू होगा इसकी जानकारी के बारे में अभी भी संशय बना हुआ है।


गौलापार स्थित आईजीआई स्टेडियम से हटने लगे टूर्नामेंट के बोर्ड। ● अमृत विचार



अतिथि फाइनल जीतने के बाद ककोर टीम को नगद पुरस्कार व ट्रॉफी सौंपते हुए।

### रोमांचक फाइनल में ककोर बनी विजेता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महादेव क्रिकेट कमेटी की ओर से भोड़िया (हैड़ाखान) में आयोजित प्रथम क्रिकेट सीजन का समापन बुधवार को हुआ। 16 टीमों के बीच चले इस कड़े मुकाबले के फाइनल मैच में ककोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोनियरो को हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान हैड़ाखान, मुन्नी पलड़िया उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता टीम ककोर को 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, उपविजेता रही गोनियरो की टीम को 21,000 रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा गया। आयोजन कर्ता मनोज पलड़िया, भरत संभल, युगल पलड़िया, धीरज आर्य और महेंद्र आर्य ने बताया कि यह महादेव क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सीजन था, जिसकी शुरुआत बेहद सफल रही। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारना है। भविष्य में इस आयोजन को और अधिक भव्य और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## डीके स्पोर्ट्स को हराकर फाइनल में पहुंची एचसीसी

**हल्द्वानी :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बुधवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में एचसीसी और डीके स्पोर्ट्स के बीच खेला गया।

एचसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 238 रनों का स्कोर बनाया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की पूरी टीम 44वें ओवर में 229 रन ही बना पाई। एचसीसी ने 9 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच एचसीसी के लक्ष्य नयाल को दिया गया। मैच में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया रहे।

**सिटी ब्रीफ**

### मां-बेटी का सिर फोड़ने के मामले में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** एक फरवरी को मां-बेटी को सिर पर ईंट मारकर घायल किए जाने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुभाष कॉलोनी की रहने वाली उर्मिला देवी ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि एक फरवरी को उसके पड़ोसी आकिब, शाकिब, मुस्कान और छुडडू व पप्पू आये और बेवजह लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप था कि आकिब ने उस पर ईंट मार कर सिर फोड़ दिया, जबकि बेटी के हाथ पर डंडा मारकर एक हाथ तोड़ दिया था। प्रकरण को लेकर विधायक शिव अरोरा ने कोतवाल से मुलाकात कर नाराजगी जताई थी।

### विशेष स्वास्थ्य शिविर में सामान्य दिनों से 5 गुना अधिक पहुंचे मरीज

**शांतिपुरी :** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुरी में बुधवार को आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर में कुल 155 मरीजों ने अपना नि:शुल्क उपचार कराया, जो सामान्य दिनों की ओपीडी (28-30 मरीज) के मुकाबले पांच गुना अधिक है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने अस्पताल के जर्जर भवनों और कर्मचारी आवासों का निरीक्षण कर सुधार का आश्वासन भी दिया। शिविर में मुख्य रूप से आंखों के 53, सर्जिकल के 76 और गायनी की 26 मरीजों सहित बड़ी संख्या में बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं ने लाभ उठाया। डॉ. तनवीर अहमद, डॉ. अपर्णा शंकर और डॉ. राहुल सहित विशेषज्ञों की टीम ने सेवाएं दीं।

### कोसी में अवैध खनन पर चला वन विभाग का डंडा

**बाजपुर :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीम ने कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रभागीय वनाधिकारी और वन क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान टीम ने मौके से अवैध खनन में लिप्त एक संशोधित ट्रैक्टर (केकड़ा) और एक सामान्य ट्रैक्टर को जब्त किया। कार्यवाही के दौरान चालक सुंदर और अजय रावत को पकड़ा गया। वन दरोगा मो. इमरान और उनकी टीम ने दोनों वाहनों को विधिक कार्यवाही हेतु वन चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया है। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि नदी क्षेत्रों में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे सख्त अभियान जारी रहेंगे।

### बिना फिटनेस और बीमा के दौड़ रहीं बसों पर कार्रवाई की मांग

**बाजपुर :** क्षेत्र में मानकों के विरुद्ध और बिना वैध दस्तावेजों के संचालित हो रहे टैम्पो व बसों पर रोक लगाने के लिए ई-रिक्शा वेलफेयर समिति के पूर्व अध्यक्ष योगेश कुमार ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इन वाहनों को आम जनता की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है। योगेश कुमार का आरोप है कि काशीपुर-हल्द्वानी और रुद्रपुर रूट पर चलने वाली कई बसें व टैम्पो बिना बीमा, टैक्स और फिटनेस के अवैध रूप से चल रहे हैं। उन्होंने पूर्व में हुए गड़प्पू जंगल हादसे का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे अनफिट वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। साथ ही, बिना पंजीकरण चल रहे ये वाहन राज्य के राजस्व को भी चूना लगा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी वाहनों का पूर्ण सत्यापन कर अवैध संचालन पर तुरंत रोक लगाई जाए। एसडीएम ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### दो वारंटी किए गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने अभियान चलाते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की रात पुलिस ने वारंटी आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने प्रकाश सिंह उर्फ अज्जू निवासी हल्दुआ पीपलसाना, थाना रामनगर व लक्ष्मण निवासी वीरपुर लच्छी, थाना रामनगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे।


**अमृत विचार** क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468


**सूचना**

मेरे सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम YOGESH DHAMI व जन्मतिथि 07/12/2010 गलत दर्ज है जबकि सही /वास्तविक नाम YOGESH SINGH DHAMI व जन्मतिथि 07/12/2011 अपने अभिलेखों में दर्ज करना चाहता हूं। नंबर G/2301721 राइफलमैन GD पुष्कर सिंह पुत्र श्री हुकुम सिंह ग्राम दमगड़ा खटीमा, उधम सिंह नगर

## पिछले साल 6500 हेक्टेयर में लगाया गया था मक्का, ग्रीष्मकालीन धान को प्रतिबंधित करने के बाद जनपद में बढ़ा उत्पादन, किसान उत्साहित

# मार्च माह के अंत तक 10 हजार हेक्टेयर भूमि पर मक्का लगाने का लक्ष्य

**बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** कृषि विभाग ने मार्च के अंत तक ऊधमसिंह नगर जनपद में 10 हजार हेक्टेयर भूमि में मक्का लगाने का लक्ष्य रखा है। विगत वर्ष 6500 हेक्टेयर भूमि में किसानों ने मक्का लगाया था। वहीं जनपद में ग्रीष्मकालीन धान को प्रतिबंधित करने के बाद किसान मक्के का उत्पादन करने को प्रेरित हो रहे हैं।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर में करीब एक लाख हेक्टेयर भूमि पर धान और गेहूं का उत्पादन होता है। करीब एक लाख 29 हजार किसान दोनों फसलों का उत्पादन करते हैं। वहीं कई किसान मक्के का उत्पादन भी करते थे, लेकिन कोरोना काल में मक्के का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण किसानों ने मक्के का उत्पादन कम कर दिया है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से कंपनी से बैठक कर मक्के का उचित मूल्य देने के निर्देश दिए थे।



जनपद में एक फरवरी से मक्के की बुवाई शुरू हो गयी है। विभाग ने 31 मार्च तक 10 हजार हेक्टेयर भूमि में मक्का लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
-डॉ. वीके यादव, मुख्य कृषि अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

वहीं कि 23 जुलाई 2025 जनपद में ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी तैयार करना और रोपाई करना प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद से जनपद में किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान की जगह मक्के का उत्पादन शुरू कर दिया। वहीं कृषि विभाग की ओर से भी किसानों को मक्के का उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया। इसके चलते विगत वर्ष किसानों ने 6500 हेक्टेयर भूमि में मक्के का उत्पादन किया, जबकि इस वर्ष विभाग ने 10 हजार हेक्टेयर भूमि में मक्का लगाने का लक्ष्य रखा है।

## जलभराव वाली भूमि पर तैयार होगी धान की नर्सरी

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में ऐसी भूमि जहां जलभराव के कारण खेत मक्का उगाया जाना संभव नहीं है। वहां सिर्फ धान की ही खेती की जा सकती है। ऐसे पात्र किसान प्रतिबंधित ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी लगा सकता है। जबकि ऐसी भूमि जहां मक्का लगाना संभव है वहां किसानों को इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही अनाधिकृत रूप से तैयार की जा रही नर्सरियों को प्राथमिकता के आधार पर नष्ट करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को दिए हैं।

बुधवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की ओर से जारी निर्देश में उप जिलाधिकारियों से कहा है कि 23 जुलाई 2025 के आदेश में जनपद में ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी तैयार करना और रोपाई करना प्रतिबंधित किया गया है। इसको लेकर 29 जनवरी 2026 को समिति भी गठित की गयी है। उन्होंने इस आदेश के तहत ग्रीष्मकालीन धान की अनाधिकृत तैयार की जा रही नर्सरियों को प्राथमिकता के आधार पर नष्ट करने के निर्देश दिए।



**आवेदन की जांच के बाद मिलेगी किसानों को अनुमति**

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आवेदन पत्रों का कृषि विभाग (विकासखंड प्रभारी व न्याय पंचायत प्रभारी) एवं राजस्व विभाग (राजस्व उपनिरीक्षक) के कर्मचारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत की जाएगी। प्रकरण सही पाए जाने पर अनुमति संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालय से जारी की जाएगी। साथ ही स्थलीय जांच में उपयुक्त नहीं पाये जाने पर आवेदन पत्रों को निरस्त कर संबंधित कृषक को लिखित में जानकारी दी जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसे खेत जहां पर जलभराव के कारण मक्का उगाया जाना संभव नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी तैयार करने और रोपाई करने की अनुमति आप अपने स्तर से दे सकते हैं। जलभराव वाले क्षेत्र के कृषक कृषि विभाग के विकासखंड, न्याय पंचायत स्तरीय कार्यालय और राजस्व विभाग के राजस्व उपनिरीक्षक, तहसील में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। जहां पर ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का उगाया जाना संभव है वहां किसानों को नर्सरी लगाने की अनुमति नहीं दी जाए। सामूहिक रूप से पूरे गांव या पूरे क्षेत्र को इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सौरभ ने मीडिया के समक्ष मांगी माफी

## हमले के मामले में बोले-गुरुद्वारे में लोगों के जूते-चप्पल की सेवा कर करूंगा पश्चाताप

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** खुद पर जानलेवा हमला करवाकर सनसनी फैलाने वाले किच्छा विधायक के संबंध विच्छेद बेटे सौरभ राज बेहड़ अचानक मीडिया के सामने आये। खुद के द्वारा किए गए भ्रामक कृत्य पर माफी मांगते हुए कहा कि वह वास्तव में अपने पिता का खोटा सिक्का हैं। जिसने हजारों समर्थकों की भावनाओं को आहत किया और पिता को शर्मसार किया। वह गुरुद्वारे में लोगों के जूते-चप्पलों की सेवा करके पश्चाताप करेंगे। भावुक होते हुए बेटे सौरभ ने यह भी कहा कि पूरे घटनाक्रम की पिता को कोई जानकारी नहीं थी।

बताते चलें कि 22 जनवरी की शाम 7 बजे किच्छा विधायक एवं कांग्रेस के कद्दावर नेता तिलकराज बेहड़ के बेटे पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया था। जिसके बाद धामी सरकार सहित पुलिस प्रशासन भी हिल गया था। तीन दिन की मशक्कत के बाद आखिरकार जब पुलिस ने चौकाने वाला खुलासा किया तो पता चला कि विधायक के बेटे पार्षद सौरभ राज बेहड़ ही हमला प्रकरण का मास्टरमाइंड निकला। इसके बाद विधायक बेहड़ ने रोते हुए सोशल मीडिया पर बेटे से संबंध विच्छेद करने का ऐलान कर दिया था।

बुधवार का अचानक घटनाक्रम के तेरहवें दिन विधायक का संबंध विच्छेद बेटा पार्षद सौरभ राज बेहड़ मीडिया के सामने आया और बोले कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। कहा कि वह बेहद ही शर्मसार हैं। हालांकि जो अपराध उनके द्वारा किया है, वह क्षमा योग्य नहीं है। वह पिता, जनता और शुभचिंतकों से हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। अपने कृत्यों का पश्चाताप करने लिए वह गुरुद्वारा गोल मार्केट स्थित गुरुद्वारे जाकर पांच दिन लगातार जूते-चप्पलों की सेवा करेंगे।

**राजनीति नहीं, पिता ने निभाया अपना धर्म**

**रुद्रपुर :** मीडिया के सामने सौरभ ने अपने गुरुओं की कसम खाते हुए कहा कि अपने ऊपर हमला करने की साजिश का एहसास उनके पिता को नहीं था। पिता ने भावुक होकर सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने अपना पिता धर्म निभाया। जब सोशल मीडिया पर पिता की शर्मिंदगी का मजाक बनाकर राजनीतिकरण का आरोप लगाने लगा तो उन्होंने खुद मीडिया के सामने आकर वास्तविकता बयां की। हाथ जोड़कर निवेदन है कि पिता व उनके रोने पर कोई राजनीति न करे।



मीडिया के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगते विधायक पुत्र सौरभ बेहड़।

**सौरभ से नहीं सरोकार जनता का है दोषी: बेहड़**



**रुद्रपुर :** अपने संबंध विच्छेद बेटे सौरभ बेहड़ द्वारा मीडिया के सामने आकर माफी मांगने के बाद किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि जिस बेटे ने अपने पिता की भावनाओं को रौंद दिया हो। जिसने जनता की भावनाओं पर कुठाराघात किया हो ऐसे बेटे से उनका कोई सरोकार नहीं है। उनके द्वारा बेटे से संबंध विच्छेद का ऐलान अटल रहेगा। कारण वह जनता का भी दोषी है। जनता सौरभ को माफ करे या न करे, यह उसका निर्णय है।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर युवक से 15.5 लाख की ठगी

**किच्छा:** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले ''कबूतरबाजों'' ने एक युवक से साढ़े 15 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे युवक को एयरपोर्ट तक भेज दिया, लेकिन अधिकारियों ने कागजात फर्जी बताते हुए उसे वापस भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में किच्छा और बहेड़ी निवासी तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पंजाब निवासी अमनदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि किच्छा निवासी जसवंत सिंह बेदी, सुखबीर सिंह बेदी और बहेड़ी निवासी अमन चट्टा ने उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दिया था। इसके बदले में उसने अलग-अलग किश्तों में कुल 15 लाख 50 हजार रुपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए।

पैसे लेने के बाद आरोपियों ने उसे कुछ दस्तावेज देकर ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए एयरपोर्ट भेजा। वहां जांच के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उसके सभी कागजात फर्जी हैं।

# गैस वाहन ने वृद्धा को सड़क पर घसीटा, मौत

**संवाददाता, सितारगंज**

**अमृत विचार :** सितारगंज बाईपास पर बुधवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जहां एक तेज रफ्तार गैस सिलेंडर वाहन ने दवा लेकर लौट रही वृद्धा को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला वाहन के टायरों के बीच फंस गई और चालक उसे कई मीटर तक सड़क पर घसीटता हुआ ले गया। इस हृदयविदारक घटना में वृद्धा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



बानो बेगम (फाइल)।

चिंतीमझरा वार्ड निवासी 65 वर्षीय बानो बेगम पत्नी नबी शाह अपने दामाद के साथ स्कूटी पर सवार होकर उप जिला अस्पताल से दवा लेकर घर लौट रही थीं। जैसे ही वे बाईपास पर होटल श्रीहरि के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एचपी गैस के एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी चला रहा दामाद दूसरी दिशा में छिटक कर गिर गया और उसकी जान बच गई, लेकिन पीछे बैठी बानो बेगम सीधे वाहन के नीचे आ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा बेहद खौफनाक था। चालक ने टक्कर के बाद वाहन रोकने के बजाय उसे आगे बढ़ा दिया, जिससे महिला का शरीर ट्रक के नीचे घिसटता चला गया। इससे महिला का शरीर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और सड़क खून से लाल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को देखते हुए हाइड्रा मशीन मंगवाई गई। हाइड्रा की मदद से ट्रक को उठाकर शव को बाहर निकाला जा सका।

**क्षेत्र में आक्रोश**

**सितारगंज :** पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया है। इस घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। लोगों ने बाईपास पर बढ़ती बेलगाम रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

# राहुल गांधी का पुतला फूंका

- केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ कथित अपशब्दों से रोष

**संवाददाता, गदरपुर**

**अमृत विचार:** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ कथित अपशब्दों के प्रयोग से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुख्य बाजार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।





गदरपुर के मुख्य बाजार में राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता।

भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि राहुल गांधी ने संसद के बाहर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के लिए असंसदीय भाषा का प्रयोग कर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाई है। नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा कि देश के एक जिम्मेदार मंत्री का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपाइयों ने मांग की है कि राहुल गांधी अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंबेडकर की प्रतिमा के लिए धनराशि मिली

**किच्छा:** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दो महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए संस्कृति विभाग ने एक करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। शुक्ला ने बताया कि पुरानी टैक्सी स्टैंड पर भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी झेलने वाले सेनानियों की स्मृति में 51.51 लाख की लागत से एक भव्य स्मारक का निर्माण होगा। साथ ही, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 45.88 लाख की लागत से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से किच्छा की ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान मिलेगी।

# केंद्र सरकार का बजट जनहितकारी

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार:** भाजपा किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को किसानों, मजदूरों एवं आम जनमानस के लिए लाभकारी बताया गया। बैठक में बजट में शामिल कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। इस दौरान प्रदेश, जिला व मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी का स्वागत किया।

बुधवार को जिला कार्यालय महतोष मोड़ में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश बजाज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष बजाज ने कहा कि केंद्र सरकार का जारी बजट किसान, मजदूर और आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा तैयार किया गया है। बजट का लाभ आम जनमानस को मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर कुमाऊं संयोजक जेसी वेदी, प्रदेश महामंत्री नरेश हुड़िया व सुनील चौहान ने बैठक को संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री तरुण दत्ता ने किया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह-संयोजक प्रदीप अधिकारी, पूर्व महामंत्री ईश्वरी दत्त पांडे, धर्मेंद्र मिश्रा, धीरज सिंह, नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू आदि मौजूद रहे।



भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश बजाज का स्वागत करते पदाधिकारी।

**मान-मनौव्वल** गाबा बोले-गलती का है बेहद अफसोस, कांग्रेस नेत्री ने सोशल मीडिया पर जमकर निकाली थी भड़ास

# मीना शर्मा हुईं खफा तो तुरंत पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर खुलेआम मोर्चा खोलने के बाद आखिरकार कांग्रेस जिलाध्यक्ष को अपनी ही पार्टी की कांग्रेस नेत्री की व्यथा सुननी पड़ी। वह अपनी कोर कमेटी के नेताओं के साथ उनके आवास पहुंचे। उन्होंने चरित्र हनन प्रकरण में फोन या फिर मीना से नहीं मिलने पर अफसोस जताया। कहा कि पार्टी कांग्रेस नेत्री के साथ खड़ी है। ठुकराल के कांग्रेस में आने का निर्णय पार्टी हाईकमान का है। घटना के सात दिन बीत जाने के बाद गाबा का अचानक आना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताते चलें कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर चरित्र हनन का मुकदमा दर्ज कराने के बाद जहां पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने मोर्चा खोल दिया था। इस पूरे प्रकरण में कांग्रेस नेत्री ने अपने हक की लड़ाई अकेली ही लड़ी, जबकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा लड़ाई से बिल्कुल नदारद दिखे। मामला उस वक्त ज्यादा तूल पकड़ गया जब मंगलवार को खुद जिलाध्यक्ष गाबा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ पूर्व विधायक ठुकराल के वैशाली कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे।

इससे पहले अस्पताल में भर्ती ठुकराल की माता का हालचाल जाना था। इसके बाद कांग्रेस नेत्री मीना का दर्द छलका और मीना शर्मा ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गाबा पर पार्टी को कमजोर करने का आरोप मढ़ दिया। उनका कहना था कि चरित्र हनन की लड़ाई वह पिछले सात दिनों से लड़ रही हैं, लेकिन जिलाध्यक्ष गाबा ने एक बार फोन तक नहीं किया, जबकि ठुकराल के यहां वह दो बार पहुंचे। हकीकत यह है कि गाबा के एक आदेश पर वह पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाती रही और गाबा उन्हें गुमराह करते रहे।

मीना का बयान आते ही बुधवार की दोपहर को जिलाध्यक्ष गाबा खफा मीना के घर पहुंचे और अफसोस जताया कि समय अभाव के कारण वह मामले की जानकारी नहीं ले पाए। गाबा का इस प्रकार किरदार निभाना, शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



कांग्रेस नेत्री के घर पहुंचकर वार्ता करते जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा। ● अमृत विचार

महिला कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा द्वारा चरित्र हनन प्रकरण के खिलाफ मोर्चा खोले जाने का मामला संज्ञान में था। कोतवाली धरना प्रदर्शन के दौरान वह शहर में मौजूद नहीं थे। समय नहीं मिलने के कारण वह कांग्रेस नेत्री को फोन या स्वयं नहीं मिल पाए थे। जिसका उन्होंने अफसोस भी जता दिया है और चरित्र हनन की लड़ाई कांग्रेस पार्टी संगठित होकर लड़ेगी। ठुकराल के कांग्रेस में आने या नहीं आने का निर्णय पार्टी हाईकमान का है। पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि है।
**-हिमांशु गाबा**, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

जिस ठुकराल ने हमेशा कांग्रेस पार्टी को कमजोर किया और भाजपा प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया। जिसने राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया। ऐसे पूर्व विधायक के घर जब नेता प्रतिपक्ष के साथ जिलाध्यक्ष गाबा पहुंचे तो वह बेहद आहत हुई थीं। चरित्र हनन की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। उस व्यक्ति को कांग्रेस में नहीं आने दिया जाएगा, जिसने शहर को सांप्रदायिकता की आग में झोंक का काम किया। फिलहाल गाबा द्वारा खुद आकर अफसोस जताने के बाद वह सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी।
**-मीना शर्मा**, कांग्रेस नेत्री

# ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर हड़पे 28.85 लाख

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- कारोबारी को दिया मुनाफे का प्रलोभन, साइबर क्राइम सेल ने किया मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** काशीपुर के रहने वाले एक कारोबारी को ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने कम निवेश पर ज्यादा मुनाफा देने का प्रलोभन दिया था। साइबर क्राइम सेल ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

काशीपुर के रहने वाले कारोबारी एकांत जैन ने बताया कि 11 दिसंबर 2025 को वह अपनी फेसबुक चला रहे थे कि सोशल साइड पर ऑनलाइन ट्रेडिंग का प्रसार देखा। जब उसे क्लिक किया तो मोबाइल नंबर ट्रेडिंग की वेबसाइट के अलावा व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। कई वेबसाइट को डाउनलोड भी कर लिया। ग्रुप में कई लोग खुद को मोटा मुनाफा मिलने का मैसेज भी डाल रहे थे। कम निवेश पर ज्यादा मुनाफे का लालच देने पर उसे 10 दिसंबर 2025 से 13 जनवरी 2026 तक खातों में 28.85 लाख का भुगतान कर चुका था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी मुनाफा खाते में नहीं दिखा तो व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज और वैकल्पिक नंबर पर कॉल की, लेकिन कोई संपर्क नहीं हुआ। जिसके बाद एहसास हुआ कि साइबर ठगों ने झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम सेल ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ब्रीफ न्यूज

### अज्ञात वाहन चालक पर दर्ज की प्राथमिकी

**सितारगंज :** तेजी और लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव नौगवांठग्गू, खटीमा निवासी रूबी देवी ने बताया कि 15 जनवरी को उसके पति धीरज सिंह अपने साथी संदीप सिंह के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी किच्छा हाईवे पर नयागांव के पास अज्ञात वाहन ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके पति के बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके पति धीरज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, उसका साथी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। खटीमा के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वहीं, मामले में महिला ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**खटीमा :** राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में कैंसर जैसे रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने "सही समय पर जांच, कैंसर से बचाव" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ भगत सिंह बोरा, पूर्व प्रधानाचार्य शेर सिंह बिष्ट, पवन पांडे, होशियार, नीरज, हिमांशु जोशी, प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### घर से लापता हुई किशोरी, गुमशुदगी दर्ज

**सितारगंज :** सिडकुल क्षेत्र से एक किशोरी घर से लापता हो गई। मामले में पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। गांव उकरौली निवासी महिला ने बताया कि 2 फरवरी को उसकी 14 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है।

### जसपुर में आज लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**जसपुर :** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारा कार्यक्रम के तहत पतरामपुर रोड स्थित मंडी परिसर में आज गुरुवार को बहुउद्देशीय शिविर लगेगा। तहसीलदार दलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगेंगे।

793 एकड़ भूमि पर 387 करोड़ रुपये से होगा विस्तार, 1342 मीटर के स्थान पर तीन हजार मीटर का बनेगा रन-वे

# अब नए तेवर और कलेवर में आकार लेगा पंतनगर एयरपोर्ट

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत नई अधिग्रहीत 524 एकड़ भूमि पर बाउंड्री वाल का निर्माण चल रहा है। मार्च के अंत तक अन्य कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। इसके बाद दो साल की अवधि में यहां नए तेवर और कलेवर में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट आकार लेगा। जिससे पर्यटकों, स्थानीय निवासियों, औद्योगिक माल ढुलाई और शैक्षणिक संस्थानों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी।

पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर पवन कुमार ने बताया कि हवाई अड्डे के विस्तारीकरण में बड़ा रनवे और नया टर्मिनल भवन शामिल है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 387 करोड़ रुपये है। बताया कि मौजूदा रनवे 30 मीटर चौड़ा और 1372 मीटर लंबा है। जिसका विस्तार कर 45 मीटर चौड़ा और तीन हजार मीटर करना है। जिससे यहां बंबार्डियर, बोइंग और एयरबस जैसे कोड-ई श्रेणी के विमान उतर और उड़ान भर सकेंगे। नए रनवे में अत्याधुनिक नेविगेशन एड सुविधाएं (डीवीओआर, ग्लाइड पाथ, लोकलाइजर) और रात्रि लैंडिंग के लिए कैट-1 लाइटिंग सिस्टम भी होगा। बताया कि विस्तारीकरण में नया टर्मिनल भवन भी बनाया जाएगा। जिसके तहत व्यस्त समय में 475 यात्रियों की क्षमता वाले और प्रतिवर्ष 1.01 मिलियन यात्रियों को संभालने में सक्षम 8500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले टर्मिनल भवन का निर्माण होगा।



पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण का ले-आउट प्लान। ● फाइल

### नया बनेगा टर्मिनल भवन, मिलेंगी ये सुविधाएं

**पंतनगर :** डायरेक्टर ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए नए टर्मिनल भवन में दो बोर्डिंग ब्रिज, पांच लिफ्ट और पांच एस्केलेटर होंगे। दो एयर ब्रिज होंगे, पांच एप्रन पार्किंग उपलब्ध होंगे, दो टैक्सी वेज सहित अन्य सुविधाएं (अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में उपलब्ध) भी मिलेंगी। बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार कार्य न केवल एयर क्षेत्र में, बल्कि सिटी साइड में ऑटोमैटिक पार्किंग एरिया भी मिलेगा। इसके अलावा यहां एटीएम व कार रेंटल सुविधा सहित फूड एवं ब्रेवरेज और रिटेल के काउंटर भी उपलब्ध होंगे। वर्तमान में दो पार्किंग वे हैं, जिसको बढ़ाकर पांच किया जा रहा हैं। जिससे पांच एयरपोर्टों को पार्किंग उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे बड़े शहरों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

> पंतनगर एयरपोर्ट कुमाऊं क्षेत्र का गेट वे है। इसके विस्तार से न केवल पंतनगर-रूद्रपुर, बल्कि कुमाऊं में सिडकुल व अन्यत्र जगहों पर स्थापित उद्यमों, शिक्षण क्षेत्र व पर्यटकों सहित और पूरे उत्तराखंड का विकास होगा। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए हम राज्य सरकार के प्रति कृतज्ञ हैं। हम चाहते हैं कि सरकार की ओर से सुरक्षा तंत्र और मजबूत किया जाए।
>
> **-पवन कुमार**, डायरेक्टर-पंतनगर एयरपोर्ट

### कार्गो की होगी व्यवस्था

**पंतनगर :** डायरेक्टर ने बताया कि एयरपोर्ट में माल ढुलाई (कार्गो) की व्यवस्था होगी। साथ ही बैगेज हैंडलिंग सिस्टम, बैगेज कन्वेयर बेल्ट के साथ बैगेज क्लेम क्षेत्र उपलब्ध होगा। साथ ही सीयूटीई/सीयूपीपीएस और सीयूएसएस व बीआरएस प्रणाली की भी व्यवस्था होगी। इसके अलावा जीआरआईएचए-4 मानकों का अनुपालन, अर्थात् नवीकरणीय ऊर्जा से बिजली उत्पादन, सिटी साइड क्षेत्र में अग्निशमन के लिए एक लाख लीटर क्षमता वाले दो भूमिगत जल टैंकों की व्यवस्था भी की जाएगी।

### पंत विवि में मनाई गई रविदास जयंती

**पंतनगर:** सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई। जिसका उद्देश्य रविदास जी के समता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने एवं प्रार्थना के साथ हुई। साथ ही पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, भाषण एवं कविता पाठ जैसी रचनात्मक और साहित्यिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। जिसमें विद्यार्थियों ने रविदास जी के जीवन, दर्शन और सामाजिक सुधार में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अधिष्ठात्री डॉ. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलने तथा समानता, करुणा और समाज सेवा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# तंबाकू के बहिष्कार से ही खत्म होगा कैंसर

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल में हुआ कार्यक्रम, सीएमओ ने लोगों को दिलाई शपथ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल में एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और न्यायिक सेवा के प्रतिनिधियों ने कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों जैसे शरीर में असामान्य गांठ या पुराने घावों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की प्राथमिक जांच की गई और लोगों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल ने कहा कि बदलती जीवनशैली और प्रदूषण के कारण कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। यदि हम तंबाकू, शराब और जंक फूड का त्याग कर दें तो कैंसर के जोखिम को 40 फीसदी तक कम किया जा सकता है। विशेषतः उनके द्वारा मुख कैंसर के प्रति आम-जनमानस को सचेत रहने की सलाह दी। भारत में मुख कैंसर महामारी की तरह फ़ैल रहा है, तम्बाकू उत्पाद जिसका प्रमुख कारण है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्तन कैंसर के लिए उपलब्ध मेमोग्राफी का आवश्यक प्रचार-प्रसार पर बल देने पर जोर दिया। जिससे समय पर रोग की पहचान हो सके। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आरके सिन्हा ने अस्पताल की सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समय पर स्क्रीनिंग ही कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। जिला अस्पताल में प्रारंभिक लक्षणों की जांच के लिए सभी आवश्यक परामर्श उपलब्ध हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने स्वास्थ्य अधिकारों के कानूनी पहलुओं पर जानकारी साझा की। इस दौरान जिला अस्पताल से डॉ. मधु माथुर, डॉ.अंकुर धवन, डॉ.सुनील उपाध्याय, डॉ. ऋचा पांडेय, सत्यपाल सिंह, हिमांशु, उमेश पाल, छवि अग्रवाल मौजूद रहे।





कार्यक्रम में लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करते सीएमओ व अन्य अधिकारी।





सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में प्रमाण पत्रों के साथ बच्चे।

### स्वास्थ्य शिविर के जरिए कैंसर के प्रति किया सचेत

**बाजपुर :** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर उप जिला चिकित्सालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. एकता तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कैंसर के बचाव और उपचार पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने बताया कि हर वर्ष 4 फरवरी को यह दिवस समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। डॉ. अशोक तोमर ने धूम्रपान और शराब से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की, वहीं डॉ. विनीत कोठारी ने सिंगल यूज पॉलीथिन के घातक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। इस दौरान डॉ. नवीन कुमार और संगीता सहित चिकित्सालय का स्टाफ मौजूद रहा। विशेषज्ञों ने जोर दिया कि प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और समय पर जांच ही कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है।

### कैंसर पीड़ितों की सहायता के लिए एकत्र किए 36 हजार

**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में कैंसर कैपेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना एवं इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। प्रबंधन और बच्चों ने कैंसर पीड़ितों के सहायतार्थ 36 हजार की धनराशि एकत्र की। कैंसर कैपेबल फाउंडेशन से आए अधिकारी एके मिश्रा ने विद्यार्थियों को कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कैंसर के कारण, लक्षण, समय पर जांच और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधन और विद्यार्थियों द्वारा कैंसर पीड़ितों की सहायता हेतु 36 हजार 60 रुपये की धनराशि एकत्र कर कैंसर कैपेबल फाउंडेशन को भेंट की गई।

# सीमैप में किसान मेले का कल होगा शुभारंभ

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) में एक दिवसीय किसान मेला शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। सीमैप निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में मेले का शुभारंभ जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान करेंगे।

सीमैप पंतनगर के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. आरसी पडलिया ने बताया कि केंद्र में छह फरवरी को एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तराखंड यूपी, दिल्ली व हरियाणा सहित नेपाल से लगभग एक हजार किसानों के पहुंचने की संभावना है। सुबह नौ से शाम चार बजे तक चलने वाले इस मेले में किसान-वैज्ञानिक परिचर्चा, औषधीय व सगंध पौधों का प्रदर्शन, गुलाब जल व अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण, अगैती मिंट तकनीक के प्रदर्शन सहित औषधीय व सगंध पौध सामग्री विक्रय की जाएंगी। साथ ही डिबेर, बायोटेक और स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। मेले की व्यवस्था में उनके अलावा मेला कन्वीनर संजय यादव, ऋषिकेश भिसे, राम सुरेश, राजेश कुमार वर्मा, डॉ. रतन एनडी, डॉ. आरके उपाध्याय, डॉ. वेंकटेश केटी, डॉ. दिपेंद्र कुमार, डॉ. सोमवीर सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अमित चैहान और मनीष मौर्या व प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहेंगे।

### सगंध खेती से बढ़ रही किसानों की आय

**पंतनगर :** प्रभारी डॉ. पडलिया ने बताया कि वैज्ञानिक तकनीक से औषधीय व सगंध (औंस) पौधों की खेती, किसानों की आमदनी बढ़ाने में मुख्य व सार्थक भूमिका निभा सकती है। इसकी खेती सह फसली या दो फसलों के बीच में भी की जा सकती है। कम पानी में भी भरपूर उपज देने वाली इन फसलों को जानवरों से कोई नुकसान नहीं है। किसान विभिन्न भौगोलिक व जलवायु परिस्थितियों में मेंथा, जिरेनियम, लेमन ग्रास, खस व पामारोज़ा आदि प्रजातियों की खेती से अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। सीमैप की ओर से औंस की पौध सामग्री उपलब्ध करवाकर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। किसानों के उपज की बिक्री भी सुनिश्चित की जाती है।

# शक्तिफार्म-दिल्ली बस हो नियमित

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने शक्तिफार्म से दिल्ली तक नियमित रोडवेज बस सेवा संचालित किए जाने की मांग करते हुए एआरएम को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि अनियमित बस संचालन के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

एआरएम श्रीराम कौशल को सौंपे ज्ञापन में नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने कहा कि वर्षों से शक्तिफार्म-दिल्ली रोडवेज बस सेवा संचालित है। नगर के अधिकांश लोग दिल्ली जाने के लिए इसी बस पर निर्भर रहते हैं। लेकिन पिछले एक वर्ष से बस के अनियमित संचालन होने के कारण, लोगों को खासा समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने एआरएम से शक्तिफार्म से दिल्ली रूट पर नियमित बस संचालन कराने की मांग की है। इस दौरान देवेंद्र मल्होत्रा, देवाशीष पोद्दार, सचिन अग्रवाल, हर्षवर्धन सिंह, राधाकृष्ण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



एआरएम को ज्ञापन देते नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल व अन्य। ● अमृत विचार

### स्थायी रोडवेज स्टैंड की उठाई मांग

**शक्तिफार्म :** नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने एआरएम से शक्तिफार्म में एक रोडवेज बस स्टैंड बनाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस समय शक्तिफार्म चारों दिशाओं से हाईवे से कनेक्ट है। सूखी नदी पर पुल और सिरसा सड़क के निर्माण होने के बाद शक्तिफार्म की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। उन्होंने लोगों को रात्रि बस सेवा उपलब्ध कराने के लिए शक्तिफार्म में एक स्थायी बस स्टैंड बनाने की मांग की है।

### 60 सफाई कर्मियों को बांटी स्वच्छता किट

**पंतनगर:** विवि में आईसीएआर की ओर से ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन वन हेल्थ परियोजना संचालित है। जिसके अनुसूचित जाति उप योजना के तहत वेटरिनरी कॉलेज, इंस्ट्रक्शनल डेयरी व पोल्ट्री फार्म और पशुपालन प्रबंध विभाग की डिमांस्ट्रेशन यूनिट में कार्यरत 60 सफाई कर्मियों के लिए स्वच्छता किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीन वेटरिनरी डॉ. एएच अहमद ने स्वच्छता किट वितरित करते हुए कहा कि स्वच्छता एवं व्यक्तिगत सफाई रोगों की रोकथाम में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परियोजना अन्वेषक डॉ. अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि इसका उद्देश्य संक्रामक रोगों की रोकथाम, निगरानी एवं नियंत्रण को सशक्त बनाना है। इस दौरान डॉ. मानसी व डॉ. राजीव रंजन कुमार मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारियों को दी हिदायत

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने एवं अतिक्रमण के खिलाफ अब पुलिस ने भी सख्त रूप अपना लिया। कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम प्रत्येक दुकानों में जाकर, अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि सड़क पर वाहन खड़ी करने एवं अतिक्रमण किए जाने पर, चालानी कार्रवाई की जाएगी।

नगर के मुख्य मार्ग के दोनों छोर कुछ व्यापारियों द्वारा सड़क तक अतिक्रमण कर दुकानें फैलाई गई हैं। इसके कारण आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम लगना आम हो गया है। वहीं सड़क पर चलने वाली टुक- टुक एवं अन्य वाहन भी सड़क पर ही खड़े किए जाने के कारण पल-पल जाम लगता है। नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था बाधित होने एवं आम लोगों को हो रही असुविधा को देखते हुए कोतवाल सुंदरम शर्मा ने, क्षेत्र के संभ्रांत लोगों एवं व्यापारियों से बैठक कर सहयोग की अपील की थी। इसी कड़ी में कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट, एएसआई सुरेंद्र बोरा एवं अन्य पुलिस कर्मी मुख्य मार्ग के प्रत्येक व्यापारियों के पास पहुंचे एवं अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कहा कि व्यापारियों को नाली के बाहर दुकानें लगाने की अपील की गई है, साथ ही सड़क पर वाहन खड़ा न करने की भी लोगों से अपील की गई है। उन्होंने कहा कि गुरुवार से अतिक्रमण पाए जाने एवं सड़क पर वाहन खड़ा किए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।



अतिक्रमण के खिलाफ हिदायत देते कोतवाल व अन्य पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### तीन भैंसों को ठूंसकर ले जाता वाहन पकड़ा

**खटीमा:** स्थानीय जागरूक युवाओं ने पशुओं को क्रूरतापूर्वक वाहन में भरकर ले जा रहे दो व्यक्तियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगरपालिका वार्ड संख्या 14 निवासी क्षितिज अरोड़ा और उनके साथियों ने बुधवार शाम करीब सवा चार बजे कंजाबाग पुलिया के पास एक वाहन को रोका। वाहन में तीन भैंसों और एक पड्डे को बेहद निर्दयता के साथ ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। वाहन में सवार चांद अख्तर और यासीन ने बताया कि वे इन पशुओं को बनबसा से अमरिया (पीलीभीत) ले जा रहे थे। युवाओं की तहरीर पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हिमांशु मिस्टर फेयरवेल व लवी मिस फेयरवेल



मिस्टर हिमांशु कन्याल और मिस फेयरवेल लवी वर्मा के साथ प्रबंधक। ● अमृत विचार

**खटीमा:** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का शुभारंभ चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रशासिका विनीता चंद और प्रधानाचार्य रामयश ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को लेकर कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। समारोह में उन्होंने 12वीं के विद्यार्थियों के आगमन पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में 12वीं से लवी वर्मा को "मिस फेयरवेल" और हिमांशु कन्याल को "मिस्टर फेयरवेल" चुना गया।

जांच | अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन की समीक्षा की

# मूल्यांकन टीम ने उप जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** बाह्य मूल्यांकन टीम ने उप जिला अस्पताल, सितारगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन की समीक्षा की।


बुधवार को पिथौरागढ़ से कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. चंदन सिंह और डॉ. अमन आलम की टीम ने अस्पताल में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं, नीतियों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। साथ ही, अस्पताल में स्वच्छता एवं स्वच्छ वातावरण निर्माण, रोग संक्रमण की रोकथाम, रोगी सुरक्षा तथा समुदाय की भागीदारी सहित अन्य पहलुओं का मूल्यांकन किया। इसके अलावा टीम ने बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम-2016 के अनुपालन, बायो मेडिकल वेस्ट कलेक्शन लॉग बुक, अधिकृत एजेंसी से किए गए अनुबंध, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त अनुमति, वार्षिक रिपोर्ट एवं संक्रमण नियंत्रण समिति की संरचना तथा बैठक कार्यवृत्त की जांच की गई। साथ ही, एंटीबायोटिक पॉलिसी, नीडल स्टिक इंजरी प्रोटोकॉल, स्पिल मैनेजमेंट, इन्फेक्शन कंट्रोल एसओपी एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण अभिलेखों का भी अवलोकन किया।

टीम ने अस्पताल में कार्यरत सेवा प्रदाताओं के चिकित्सीय परीक्षण एवं टीकाकरण रिकॉर्ड, ड्रेस कोड नीति, नो स्मोकिंग पॉलिसी तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) की उपलब्धता एवं स्टॉक रजिस्टर की भी समीक्षा की गई। वहीं, स्वच्छता के दृष्टिकोण से अस्पताल के वार्ड, ओपीडी, आईपीडी, कॉरिडोर, शौचालय, सिंक, ड्रेनेज सिस्टम, डस्टबिन एवं कचरा भंडारण क्षेत्र की भौतिक जांच की। नियमित साफ-सफाई, नालियों की सफाई, वेक्टर कंट्रोल उपायों तथा परिसर के अंदर एवं बाहर की स्वच्छता व्यवस्थाओं की भी जांच की।





पिथौरागढ़ से पहुंची टीम में मौजूद कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. चंदन सिंह व अन्य।



एचएम जोशी स्कूल में हॉल निर्माण के लिए भूमि पूजन करतीं विद्यालय प्रबंधन कमेटी।

### शांतिपुरी में 2000 क्षमता के हॉल के लिए हुआ भूमि पूजन

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी सरस्वती विहार स्थित हीरावती माधवानंद जोशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने 2000 क्षमता वाले हॉल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। भूमि पूजन प्रातः 11 बजे पंडित दीप चंद्र जोशी ने संस्था के अध्यक्ष सर्वदमन सिंह, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी तथा प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में संपन्न करवाई। संस्था अध्यक्ष सर्वदमन सिंह ने बताया कि विद्यालय में बनाए जा रहे इस हॉल में उचित मेटिंग, बैठक व्यवस्था, माइक व्यवस्था, हाईटेक शौचालय, चेंजिंग रूम, लाइटिंग व्यवस्था व लिफ्ट समेत सभी प्रकार के अत्याधुनिक एवं वातानुकूलित सुविधाएं होंगी। जिसका विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को भी व्यापक लाभ मिलेगा। इस दौरान अध्यक्ष सर्वदमन सिंह, प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी, प्रबंधक राजकुमार खनिजो, पं दीपक जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, सुलोचना पांडे नरेंद्र दानू ज्योति पाठक आदि मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

## जनसेवा केंद्र संचालक पर 6 लाख हड़पने का आरोप पीड़िता ने दिया धरना

**बाजपुर :** ग्राम महेशपुरा की एक महिला ने जनसेवा केंद्र संचालक और उसके भाई पर धोखाधड़ी कर ऋण की 6 लाख रुपये की राशि हड़पने का आरोप लगाया है। न्याय की मांग को लेकर पीड़िता नरगिस ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय के गेट पर सांकेतिक धरना दिया। पीड़िता के अनुसार, वह और उसके पति अशिक्षित हैं। बैंक से लोन की राशि खाते में आने के बाद, जनसेवा केंद्र संचालक ने जानकारी देने के बहाने उनसे बार-बार मशीन पर अंगूठा लगवाया और पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। 12 सितंबर 2025 को बैंक जाने पर उन्हें इस गबन का पता चला। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि दोराहा पुलिस चौकी में शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि, एसडीएम और कोतवाली पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ठाकुर मंदिर में हुई मूर्ति जलाधिवास पूजा

**जसपुर :** नगर के ठाकुर मंदिर में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत बुधवार को मूर्ति जलाधिवास पूजा की गई। इससे पहले सुबह मंदिर प्रांगण में नित्य यज्ञ पूजा की गई। दोपहर से भागवत कथा का आयोजन हुआ। भागवत कथा में व्यास द्वारा राजा परीक्षित की कलियुग कथा सुनाई गई। इस दौरान मंदिर महंत बाबा भागवत दास महाराज, खीमानंद भट्ट, दीप भट्ट, कुसुमपाल नाथ, कौशल, मुकुल आदि मौजूद रहे।

## जैविक उत्पादों के कारोबार के लिए बनाए जाएंगे लाइसेंस

**काशीपुर :** मंडी समिति की ओर से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना है। इस योजना के तहत जैविक उत्पादों का कारोबार करने वाले कारोबारियों को बुलाया जा रहा है। मंडी समिति के सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने को मंडी समिति में जैविक उत्पादों के कारोबार के लिए जैविक लाइसेंस बनाए जाएंगे। लाइसेंस के लिए पांच से 13 फरवरी तक कारोबारियों को बुलाया गया है, ताकि उनको पंजीकृत किया जा सके।

## वन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**काशीपुर :** यूपी बॉर्डर से लगे जंगलों में वन कर्मियों ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान लकड़ी तस्करों के अलावा शिकारियों पर नजर रखी गई। एसडीओ जसपुर संदीप गिरी ने बताया कि मंगलवार को यूपी बॉर्डर से लगे जंगलों पर कड़ी चौकसी रखी जा रहा है। ऐसे में कुंडेश्वरी, दोराहा, कुंडा और मालधन क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ की गई।

## बाजपुर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**बाजपुर :** नगर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए बुधवार को पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान नाले और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। टीम ने सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों के ऑनलाइन चालान किए और दुकानदारों का सामान जब्त कर सख्त चेतावनी दी। कोतवाल ने स्पष्ट किया कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई होगी। इस अभियान में राजू पांडेय, एसएसआई विक्रम सिंह धामी समेत कई चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# गन्ना बुवाई को देंगे गति, अफसरों ने साधा लक्ष्य

### गन्ना एवं चीनी आयुक्त ने ली गन्ना अधिकारियों की बैठक, शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में अधिकारियों की बैठक लेते गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश में आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई और विभागीय विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को गन्ना एवं चीनी आयुक्त कार्यालय, काशीपुर के सभागार में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बुधवार को बैठक की अध्यक्षता गन्ना एवं चीनी आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने की। उन्होंने वर्ष 2025-26 के बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सहायक गन्ना आयुक्तों और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिए कि लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय रणनीति के अनुसार गन्ने के क्षेत्रफल में वृद्धि के लिए धरातल पर परिणामोन्मुख प्रयास दिखने चाहिए। आयुक्त ने शोध केंद्रों से आवंटित नवीनतम गन्ना प्रजातियों के बीज का समयबद्ध उठान कर पौधशाला बुवाई सुनिश्चित करने को कहा। पुरानी पड़ चुकी प्रजाति को0-0238 को हतोत्साहित करने और उसके स्थान पर नई, उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। गत वर्ष की आधार पौधशालाओं से शत-प्रतिशत बीज वितरण कर नई प्राथमिक पौधशालाएं स्थापित करने को कहा गया। जिला योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत आवंटित बजट का समयबद्ध और पूर्ण सदुपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

आयुक्त मर्तोलिया ने फील्ड अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देशित किया कि चीनी मिलों को पर्याप्त और ताजा गन्ना उपलब्ध कराने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि समय पर बीज बदलाव और उन्नत खेती ही किसानों और मिलो के हित में है। समीक्षा बैठक में अपर गन्ना एवं चीनी आयुक्त चन्द्र सिंह इमलाल, संयुक्त गन्ना एवं चीनी आयुक्त हिमानी पाठक, सहायक गन्ना आयुक्त (मुख्यालय) आशीष नेगी सहित सहायक गन्ना आयुक्त, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और सहकारी गन्ना विकास समितियों के सचिव मौजूद रहे।

## जसपुर में गन्ना किसानों को चौपाल में दी जानकारी

**जसपुर :** वर्तमान पेराई सत्र समाप्त होने के बाद गन्ना विभाग ने आगामी सत्र के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। गन्ने का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गन्ना किसानों की चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम सन्यासियोंवाला में आयोजित गन्ना कृषक चौपाल में किसानों को गन्ना लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही गन्ने में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, उनके लक्षण तथा समय पर नियंत्रण के उपायों के बारे में बताया। क्षेत्र के लिए उपयुक्त उन्नत एवं रोग प्रतिरोधी गन्ना प्रजातियों 0118, 15023, 12221, 12226, 16030, 13235, 17018, 14201, 15201, 16202, 18231 तथा 19231 की जानकारी देकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने पर जोर दिया गया। चौपाल में गन्ना फसल में संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक व रासायनिक खादों के सही उपयोग, तथा कीट-रोग नियंत्रण के लिये अनुशंसित दवाइयों की मात्रा एवं छिड़काव विधि पर भी विस्तार से चर्चा की गई। यहां गन्ना परिषद एससीडीआई उदल सिंह, प्रियंका आर्या, सुनील कुमार, प्रियंका बधानी, मनाली चौधरी आदि मौजूद रहे।

## गन्ने के 48 करोड़ बकाया भुगतान को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**बाजपुर :** बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेताओं ने बुधवार को उपजिलाधिकारी व चीनी मिल की प्रधान प्रबंधक डॉ. अमृता शर्मा से मुलाकात की। किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मिल पर किसानों का 48 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक लंबित है, जबकि मात्र 12 करोड़ रुपये ही जारी किए गए हैं। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसान अगली फसल की बुवाई और खाद-बीज के लिए परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि कम से कम 15 दिन के गन्ने का भुगतान तत्काल किया जाए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भुगतान प्रक्रिया में तेजी नहीं आई, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि समस्या का समाधान जल्द कर भुगतान में तेजी लाई जाएगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोबरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा, किसान सेवक जसवीर सिंह भुल्लर मौजूद रहे।

# 50 साल में दूसरी बार सबसे कम हुई पेराई

संवाददाता, जसपुर

- 48 लाख कुंतल गन्ने की पेराई भी कर चुकी है नादेही

**अमृत विचारः** नादेही चीनी मिल की स्थापना के बाद से इस बार दूसरी सबसे कम पेराई है।

बता दें कि वर्ष 1976-77 में प्रथम सत्र ट्रायल के तौर पर प्रारंभ करने वाली नादेही चीनी मिल द्वारा वर्ष 1979-80 में मात्र 7 लाख 62 हजार 574 कुंतल गन्ने की पेराई की गई थी। तब मिल का पेराई सत्र 18 नवंबर को शुरू होकर 12 फरवरी को समाप्त हुआ था। इसके बाद वर्ष 2009-10 में मिल द्वारा 12 लाख 58 हजार 587 कुंतल गन्ने की पेराई की गई थी। तब चीनी मिल का पेराई सत्र 1 दिसंबर को शुरू होकर 5 मार्च को समाप्त हुआ था। जबकि वर्ष 1996-97 में यही चीनी मिल 48 लाख 41 हजार कुंतल गन्ने की पेराई कर चुकी थी। तब यह मिल 9 जून तक चली थी। वर्तमान सत्र में कम गन्ना मिलने का मुख्य कारण रकवा पूरा होने के बावजूद गन्ने की कम पैदावार होना एवं किसानों की गन्ना प्रजाति 0238 में बीमारी लगना रहा। जिस कारण गन्ना किसानों को भी बीते 3 वर्षों से आर्थिक नुकसान से जूझना पड़ रहा है। चीनी मिल के प्रयासों से क्षेत्र में बीमार प्रजाति 0238 को समाप्त कर किसानों को नई प्रजातियां उपलब्ध कराई गई है। जिसके चलते अधिकतर किसानों ने इस बार अपना नया बीज रोकना भी बेहतर समझा। मिल के जीएम चंद्र सिंह इमलाल ने बताया कि मिल द्वारा अगले सत्र की अभी से तैयारी की जाएगी।



बाजपुर में एसडीएम डॉ .अमृता शर्मा से वार्ता करते किसान प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# 321 करोड़ का मास्टर ड्रेनेज प्लान किया तैयार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत खटीमा नगर को स्थायी रूप से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए 321 करोड़ रुपये का ड्रेनेज प्लान अंतिम चरण में है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आनंद नेगी के बीच हुई बैठक में इस योजना के कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।

लगभग 16 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले नगर के लिए तैयार इस योजना में प्राकृतिक स्रोतों जैसे ऐंठा, खकरा और मुकरान नालों को मुख्य आधार बनाया गया है। इसके अलावा पीलीभीत, टनकपुर, सितारगंज और मेलाघाट रोड पर 5 फीट गहरी और 5 फीट चौड़ी नालियां बनाई जाएंगी, जिनका निकास लोहिया नदी और प्रमुख नालों में होगा। यह योजना केवल वर्तमान स्थिति ही नहीं, बल्कि वर्ष 2047 तक की संभावित शहरी वृद्धि को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

अभियंता नेगी ने नालों को अतिक्रमण मुक्त करने की आवश्यकता जताई, जिस पर पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि तीनों प्रमुख नालों पर अतिक्रमण चिह्नित किए जा चुके हैं। ड्रेनेज कार्य शुरू होते ही इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। सिंचाई विभाग के अनुसार, आगामी वित्तीय वर्ष की शुरुआत में इस बड़े प्रोजेक्ट पर धरातल पर काम शुरू होने की पूरी संभावना है।

## कराटे ट्रेनर ने छात्रा को मारा थप्पड़

**काशीपुरः** एक स्कूल में कराटे ट्रेनर ने एक छात्रा के कान पर थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ से छात्रा के कान से खून निकलने लगा। उसकी सहेलियां उसे स्कूल से घर लेकर गईं। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। मामले में छात्रा के परिजनों ने कटोराताल चौकी में तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की है।

बता दें कि नगर के एक सरकारी विद्यालय में दो फरवरी को यह घटना घटित हुई। कक्षा 11 की पीड़ित छात्रा का कहना है कि वह दो दिन अवकाश के बाद स्कूल पहुंची थी। उसने बताया कि स्कूल समाप्त होने पर कराटे प्रशिक्षिका ने किसी बात को लेकर उसे प्राचार्य ऑफिस बुलाया। वहां पहुंचने पर उसे डांटा और प्राचार्य के समक्ष ही उसे जोर से थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद उसके कान से खून आने लगा।

# सात सड़कों का किया शिलान्यास

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में सड़कों का शिलान्यास करते महापौर व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महापौर दीपक बाली ने वार्ड संख्या 40 में सात सड़कों का शिलान्यास किया। इन सड़कों का एक करोड़ 38 लाख 75 हजार रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा।

महापौर दीपक बाली ने बुधवार को मानपुर रोड पर सुरेंद्र सिंह के शोरूम से प्रदीप वर्मा के गोदाम तक, विश्वनाथ पुरम, छाबड़ा कॉलोनी और कुमाऊं कॉलोनी में टाइल्स व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। महापौर ने कहा कि उन्होंने काशीपुर नगर निगम क्षेत्र के ग्रामीण वार्डों में सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था, जिन्होंने काशीपुर के विकास को और चार चांद लगाने के लिए 23 करोड़ से भी अधिक रुपये और स्वीकृत कर दिए हैं। इससे शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्र के वार्डों में भी सड़कों का जाल बिछा दिया जाएगा। महापौर ने कार्यक्रमों में एकत्र लोगों से कहा कि दूसरे देशों में आठ दिन में एक दिन कूड़ा गाड़ी आती है फिर भी वे लोग सड़कों पर कूड़ा नहीं फेंकते, जबकि हमारे यहां सुबह शाम गाड़ी आने के बाद भी लोग सड़कों पर कूड़ा डाल देते हैं। ऐसा नहीं किया जाए, क्योंकि यह शहर हमारा है और उसे साफ स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है। इस दौरान पार्षद रवि प्रजापति मंडल, अध्यक्ष मानवेंद्र मानस, शक्ति केंद्र संयोजक अनिल यादव, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, बूथ अध्यक्ष कमल कुमार, महापौर प्रतिनिधि चौधरी समरपाल सिंह कमल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## मलबे के निस्तारण को दिए सख्त निर्देश

**काशीपुरः** शहर के भवन एवं भू-स्वामियों से निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से निकलने वाले मलबे के निस्तारण को नगर निगम ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि निर्माण या भवन मरम्मत के दौरान निकलने वाला मलबा किसी भी सार्वजनिक स्थान पर फेंकना प्रतिबंधित है।

नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह ने बताया कि मलबा हटवाने के लिए निगम के दूरभाष नंबर 75514 पर सूचना देना अनिवार्य होगा। निगम की ओर से मलबा उठाने के लिए 400 रुपये प्रति टन की दर से यूजर चार्ज निर्धारित किया गया है। यदि किसी भवन स्वामी की ओर से स्वयं सार्वजनिक स्थान पर मलबा फेंक दिया जाता है और उसे 24 घंटे के भीतर नहीं हटाया जाता तो इसे नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

# शुभम का स्वागत कर सहयोग का आश्वासन

- केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद का जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी

संवाददाता, दिनेशपुर



जिलाध्यक्ष शुभम वाधवा का स्वागत करती नपं अध्यक्ष मनजीत कौर व अन्य।

**अमृत विचारः** नगर पंचायत अध्यक्ष मंजीत कौर के नेतृत्व में केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शुभम वाधवा का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मंजीत कौर ने शुभम वाधवा को नवीन दायित्व के लिए दी। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने कहा कि शुभम वाधवा की नियुक्ति क्षेत्र के लोगो के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शुभम वाधवा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जनकल्याण के कार्यों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन, सभासद सविता बैरागी, सभासद संजय सरकार, सभासद प्रतिनिधि बिशंबर बैरागी, पंजाबी सभा अध्यक्ष केके गावा, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अशोक कालड़ा, दीपक मक्कड़, दीपक गुप्ता, चेतन मिगलानी, प्रमोद अरोड़ा, शिवम पुनियानी, सर्वेश मिगलानी, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, सागर सिंह, गुरजीत सिंह पन्नू आदि उपस्थित रहे।

## जसपुर में साध्वी प्राची का भव्य स्वागत

**जसपुरः** हिंदू फायरब्रांड नेता साध्वी प्राची के जसपुर आगमन पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। नगर में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की और जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। बुधवार को साध्वी प्राची हिंजाम कार्यकर्ता मुकेश चौहान के आवास पर पहुंची। यहां भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह, शीतल जोशी ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में साध्वी प्राची ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रवाद और धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया।

# व्यापार मंडल चुनाव में हंगामा, मतगणना रोकी

संवाददाता, खटीमा

- विवाद के चलते एसडीएम ने मतपेटियां कराईं सील
- एक मतपेटी में मतपत्र कम पाए जाने पर किया हंगामा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चुनाव की मतगणना बुधवार को विवादों के चलते बीच में ही रोकनी पड़ी। सनातन धर्मशाला में मतदान के बाद जब मतगणना शुरू हुई, तो एक मतपेटी में मतपत्र कम पाए जाने पर एक प्रत्याशी के समर्थकों ने जमकर हंगामा काटा। चुनाव अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी और बढ़ते तनाव को देखते हुए एसडीएम तुषार सैनी और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

हंगामा बढ़ने पर प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से मतपेटियों को सील कर कमरे में बंद करवा दिया। हालांकि, इससे पहले कोषाध्यक्ष पद की गिनती पूरी हो चुकी थी, जिसमें जरीफ को 967, शुभम गोयल को 863 और गौरव अग्रवाल को 824 मत मिले। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि चुनाव अधिकारी शांतिपूर्ण चुनाव करा रहे थे। स्थानीय प्रशासन के दबाव में मतगणना का कार्य रोक गया। कहा कि व्यापारियों के छोटे चुनाव में सत्तापक्ष और प्रशासन की दखलंदाजी दुर्भाग्यपूर्ण है।

## 14 टायरा ट्रक में आग लगी, हड़कंप

**किच्छाः** कोतवाली अंतर्गत हाईवे किनारे 14 टायरा ट्रक में आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। चीता पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बुधवार की देर शाम नगर के आदित्य चौक पर सड़क किनारे खड़े 14 टायरा ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में लिया और वाहन से आग की ऊंची ऊंची लपटें निकलने लगीं। सूचना पर चीता मोबाइल की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दमकल टीम को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दमकल टीम ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। ट्रक स्वामी हसनैन खान ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते ट्रक में आग लगी है ।



यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर प्रेस वार्ता में पहुंचे विधायक अरविंद पांडे।

## कांग्रेस ने विधायक पांडे के पुत्र पर बुक्सा समाज की जमीन हड़पने का लगाया आरोप

**गदरपुर :** यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने भाजपा विधायक अरविंद पांडे के पुत्र अतुल पांडे पर बुक्सा जनजाति की 3 एकड़ भूमि जालसाजी से हथियाने का गंभीर आरोप लगाया है। भुल्लर ने दस्तावेजों के साथ खुलासा किया कि वर्ष 2011 में राजस्व विभाग ने सत्ता के रसूख के चलते मात्र 24 घंटे के भीतर इस जमीन को भूमिधरी घोषित कर दिया था। हैरानी की बात यह है कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर यह कार्यवाही हुई, उन पर गवाहों के हस्ताक्षर तक नहीं थे। आरोप है कि संवैधानिक संरक्षण प्राप्त आदिवासी भूमि को वर्ष 2020 में बेच दिया गया, जो एक संगठित भू-माफिया गतिविधि है। प्रेस वार्ता के दौरान तब नाटकीय स्थिति बन गई जब खुद विधायक अरविंद पांडे भुल्लर के आवास पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से राजनीतिक तनाव साफ दिखाई दिया। हालांकि किसी प्रत्यक्ष टकराव की स्थिति नहीं बनी। अरविंद पांडे ने इसे शिष्टाचार भेंट कहकर पूरे घटनाक्रम से अपना पल्ला झाड़ लिया।

सख्ती | आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने का दिया संदेश

# शांति व्यवस्था को लेकर काशीपुर में फ्लैग मार्च

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर



जसपुर में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अपराधियों/नशा तस्करों और अराजक तत्वों पर नकेल कसने तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने एवं आम जन में सुरक्षा का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से आरएएफ एवं स्थानीय पुलिस कर्मियों ने सड़क पर उतरकर फ्लैग मार्च किया।

बुधवार को आरएएफ मेरठ की 108 बटालियन की ब्रेवो कंपनी ने डिप्टी कमांडेंट सतीश सागवान, इंस्पेक्टर नेमा राम तथा स्थानीय पुलिस ने एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में एक साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च काशीपुर कोतवाली से शुरु होकर, पालिका बाजार, मेन बाजार, किला बाजार, अल्ली खां, बांसफोड़ान, नई सब्जी मंडी होते हुए वापस कोतवाली परिसर में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में एसआई सौरभ कुमार, गिरीश चन्द्र, संतोष तिवारी, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रेम कनवाल सहित भारी संख्या में पुलिस बल शामिल था।

उधर जसपुर में आगामी कांवड़ यात्रा एवं त्योहारों के मद्देनजर नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स संग फ्लैग मार्च किया। बुधवार को कोतवाली परिसर से शुरू हुआ फ्लैग मार्च नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए संवेदनशील, घनी आबादी क्षेत्र से होकर गुजरा। एसएसआई जावेद मालिक, रुचिका चौहान मौजूद रहे।

# रिटायर्ड शिक्षक से 15 लाख की मांगी रंगदारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** एक रिटायर्ड शिक्षक से 15 लाख की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

टांडा उज्जैन, गौतम नगर, काशीपुर निवासी मुरारी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उनके मोबाइल पर लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे थे। आरोपी अपना नाम बृजपाल निवासी कुकुरझुंडी, थाना भगतपुर, मुरादाबाद बताकर उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा था। मुरारी सिंह ने बताया कि बृजपाल उनपर उसकी जमीन बेचने के झूठे आरोप लगा रहा है, जबकि जमीन से उनका कोई लेना-देना नहीं है। बताया कि कोई अप्रिय घटना की आशंका के डर से जब बृजपाल के मोबाइल नंबर को उन्होंने ब्लैक लिस्ट कर दिया, तो आरोपी उनके मोबाइल पर धमकी भरे मैसेज व गंदी-गंदी गाली भेजने लगा। बताया कि मैसेजों का जवाब न देने पर परिवार के प्रति धमकी भरे मैसेज भेजने शुरू कर दिये। आरोपी उनके मकान का पता लगवाकर मकान की रेकी करने लगा और रंगदारी के रूप में मैसेजों के माध्यम से 15 लाख रुपये की डिमांड करने लगा। आरोप है कि 15 लाख रुपये न देने पर बृजपाल उन पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें व उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### उत्तराखंड की उपेक्षा पर उठाए सवाल

**अल्मोड़ा :** डॉ. शमशेर सिंह बिष्ट की 80 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को समसामयिक उत्तराखंड राजनीति एवं राष्ट्रीय परिदृश्य पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने उत्तराखंड के पिछड़ेपन, अंकिता प्रकरण तथा भारतीय बजट पर अपने विचार रखे। यहां रेवती बिष्ट, अधिवक्ता जगज रौतेला, अजय मित्र सिंह बिष्ट, जंगबहादुर थापा, बिशन दत्त जोशी, हारिस मुहम्मद, दयाकृष्ण कांडपाल, अजय मेहता, आराध्य आदि मौजूद रहे।

### मरम्मत कार्य के चलते दो दिन रोपवे बंद

**नैनीताल :** शहर में कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित रोपवे का संचालन मरम्मत कार्य के चलते बंद रहा। गुरुवार को भी मरम्मत कार्य सम्पन्न होने के बाद शुक्रवार से संचालन सुचारू किया जाएगा। केएमवीएन जीएम विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि रोपवे में हर वर्ष रुटीन मरम्मत कार्य करवाया जाता है। इन दिनों पर्यटकों का दबाव कम होने के कारण बुधवार व गुरुवार को दो दिन मरम्मत के निर्धारित किये गए थे। मरम्मत कार्य के बाद शुक्रवार से संचालन सुचारु करवा दिया जाएगा। ईधर रोपवे संचालन बंद होने से स्नोव्यू क्षेत्रवासियों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी। वहीं पर्यटक भी निराश लौटे।

# आखिर जेल में कैसे पहुंचे इलेक्ट्रानिक उपकरण

## अल्मोड़ा जेल में सुरक्षा चूक, उपकरणों के उपयोग की हो रही जांच, जेल में बंद हैं कई कुख्यात अपराधी

- उम्रकैद काट रहे कैदी के बैरक में उपकरण मिलने से हड़कंप
- जेल प्रशासन इस गंभीर मामले की जांच में जुटा

**कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** जिला कारागार में सुरक्षा में चूक के मामले थमने के नाम नहीं ले रहे हैं। अल्मोड़ा जेल एक बार फिर सुर्खियों में है। आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की बैरक से डाटा केबल, दो वायर और एक स्मॉर्ट वॉच मिलने से हड़कंप मच गया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर जेल के अंदर इलेक्ट्रानिक उपकरण कैसे पहुंच गए। इनका इस्तेमाल कहां और किस उद्देश्य से किया गया। हालांकि जेल प्रशासन पूरे प्रकरण की जांच में जुट गया है।

दरअसल, अल्मोड़ा जेल पिछले कुछ समय से सुर्खियों में है। कभी अंडरवर्ल्ड डॉन पीपी के महंत बनने, तो कभी जेल से पूर्व में रंगदारी, हत्या आदि के षडयंत्र रचे जाने जैसे मामले में सामने आये है। वहीं, अब जेल के बैरक से डाटा केबल, दो वायर और एक स्मॉर्ट वॉच मिलने से जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार प्रवीण वाल्मीकि एक कुख्यात अपराधी है। उस पर हत्या समेत कई संगीन मामले पंजीकृत है। 2016 में हत्या के एक मामले में प्रवीण को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जिसके बाद उसे अलग-अलग जेलों में रखा गया था।

इधर, कुछ समय से वह अल्मोड़ा जिला कारागार में बंद है। इधर, मामले में जेल प्रशासन की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। हालांकि बैरक में इलेक्ट्रानिक उपकरण मिलने की घटना के बाद सुरक्षा एजेंसी भी अलर्ट हो गई है और उनके उपयोग की जांच मे जुट गई हैं।



अल्मोड़ा की ऐतिहासिक जेल। ● अमृत विचार

### बैरक के टॉयलेट में मिली स्मार्ट वॉच व डाटा केबल

अल्मोड़ा जेल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिलने से सनसनी फैली हुई है। जिस जेल में कई संगीन मामलों में आरोपी बंद हैं, वहा बंद कैदी के बैरक की टाइलेट में डाटा केबल, दो वायर और एक स्मॉर्ट वॉच का मिलना तमाम सवाल खड़े कर रहा है। दरअसल, जेल के अंदर प्रवेश करने से पहले कड़ी चेकिंग की जाती है। मशीन से हर आने जाने वाले की जांच होती है। इसके बाद भी कैदी ने सुरक्षा व्यवस्था को तोड़ स्मॉर्ट वॉच अंदर पहुंचा दिया।

### पूर्व में भी मोबाइल और सिम कार्ड हुए थे बरामद

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा जेल में साल 2021 में छापेमारी के दौरान वहां बंद कुख्यात अपराधि महिपाल और एक अन्य कैदी मोहम्मद सलीम के बैरक से तीन मोबाइल और दस सिम कार्ड बरामद हुए थे। वहीं, इससे कुछ माह ही पूर्व कुख्यात कलीम और महिपाल के पास भी नगदी और मोबाइल बरामद हुए थे। जबकि पिछले साल जनवरी में विचाराधीन बंदी नुमाइशखेत बागेश्वर निवासी दिव्यांशु दफौटी की चेकिंग के दौरान उसके पास भी मोबाइल बरामद हुआ था। ये कुख्यात अपराधी जेल में बैठकर मोबाइल के जरिये चरस, गांजे समेत रंगदारी का धंधा चला रहे थे।

### पीपी का महंत बनना भी रहा चर्चाओं में

अल्मोड़ा जेल में कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी पांडे का सन्यास का मामला भी खूब चर्चाओं में रहा। अल्मोड़ा के खनौइया गांव निवासी प्रकाश पांडे उर्फ पीपी छोटा राजन का दाहिना हाथ हुआ करता था। वह उम्रकैद की सजा काट रहा है। पीपी पांडे को अल्मोड़ा जेल में गुरु दीक्षा देकर महंत बनने का मामला भी प्रकाश में आया था।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जेल में बंद अपराधी के बैरक से डाटा केबल, दो वायर और एक स्मॉर्ट वॉच मिलने से जेल की सुरक्षा व्यवस्था में भी सवाल खड़े होने लगे है। कि इतनी सुरक्षा व्यवस्था और चांक चौबंद के बाद भी कैदी बैरक के अंदर मोबाइल ले जाने में कामयाब हुआ। कहीं इसमें किसी की मिलीभगत तो नहीं, इन सब मामलों की जांच को सुरक्षा एंजेसी भी अलर्ट मोड पर आ गई है।

> मामले को लेकर कैदी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर सौंप जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद मामले में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> –जयंत पांगती, जेल अधीक्षक अल्मोड़ा

# पुस्तकालय का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा


अल्मोड़ा जिला पुस्तकालय में युवाओं से संवाद करते डीएम। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने बुधवार को जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को परखा और युवाओं के साथ संवाद किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। बीते समय में पुस्तकालय की सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। पुस्तकालय में वाईफाई सुविधा, हीटर, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, शौचालय सुविधा, बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए पुस्तकालय के संचालन की समय अवधि भी बढ़ाई गई है। डीएम ने विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित हुए युवाओं से भी मुलाकात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने चयनित युवाओं से कहा कि व अपने अध्ययन को निरंतर जारी रखें तथा उच्च पदों के लिए तैयारी करते रहें।

उन्होंने चयनित युवाओं को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनकी पीठ थपथपाकर शाबाशी दी और पुस्तकालय में अध्ययनरत अन्य छात्रों का भी मनोबल बढ़ाया। जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक रवि मेहता, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग आर चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

- दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड का हुआ शुभारंभ
- बाल वैज्ञानिकों ने स्वास्थ्य, कृषि आदि पर प्रस्तुत किये मॉडल

**संवाददाता, अल्मोड़ा**


जीजीआईसी में मॉडलों का अवलोकन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। इस दौरान बाल वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। प्रतियोगिता में जिलेभर से 135 बाल वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे हैं।

बुधवार को जीजीआईसी में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रोजेक्ट एसोसिएट सुनिल भाष्कर ने किया। उन्होंने कहा कि समस्त छात्र-छात्राएं अपने अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाए। कहा कि इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनीय एवं परियोजना प्रतियोगिता के माध्यम से बाल वैज्ञानिकों में सोच एवं अनुवेषण की रुचि विकसित हो रही है और बच्वें नई-नई खोजों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिला समन्वयक विनोद राठौर ने कहा कि बच्चे अपने अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करें। कहा कि शिक्षण के साथ-साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में प्रतिभाग करने से आत्म विश्वास में वृद्धि होती है। डॉ. प्रभाकर जोशी, पंकज जोशी, विजया पंत, प्रदीप सिंह बिष्ट, नीरज जोशी, मदन भंडारी, सुरेन्द्र सिंह चौहान, महिमा पांडे, अभय साह, गिरीश बिष्ट, नितेश कांडपाल, जीवन लाल साह, धीरज कुमार, मनोज जोशी, दमयंती कन्याल, भोपाल मेहता आदि रहे।

# रानीखेत में कोतवाल बीसी जोशी ने संभाला कार्यभार

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचार:** कोतवाली रानीखेत का कार्यभार नवनियुक्त कोतवाल बीसी जोशी ने संभाल लिया है। इस अवसर पर कोतवाली परिसर में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के पत्रकारों ने नवागत कोतवाल से परिचय किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।


बीसी जोशी।

पत्रकार वार्ता के दौरान नगर की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पत्रकारों ने रानीखेत में बढ़ती यातायात अव्यवस्था, दोपहिया वाहनों के कारण लगने वाले जाम तथा अन्य जनसमस्याओं की ओर कोतवाल का ध्यान आकर्षित किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कोतवाल बीसी जोशी ने कहा कि नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना और नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें पूर्व में भी नशे के खिलाफ अभियान चलाने का अनुभव है और रानीखेत में भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। कोतवाल जोशी ने कहा कि विशेष रूप से नई युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बीसी जोशी अल्मोड़ा में एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) में तैनात रह चुके हैं।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर छतीना के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन


नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते छतीना के ग्रामीण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** वर्ष 2019 में स्वीकृत बागेश्वर–छतीना मोटर मार्ग का निर्माण अब तक शुरू न होने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर छतीना के ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निर्माण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2019 में मार्ग की स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों को यातायात सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और गांव से पलायन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मोटर मार्ग का निर्माण शुरू कराने की मांग की। इस अवसर पर राधिका कनवाल, धन सिंह, कैलाश सिंह, गोविंद सिंह, इंद्रा देवी, दीपक कठायत, गंगा देवी, भावेश सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का किया गया आयोजन



बस्तियां विद्यालय में विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार:** वन क्षेत्राधिकारी बूम के निर्देशानुसार बस्तियां अनुभाग के कार्मिकों द्वारा प्रधानाचार्य श्रवण कुमार की अध्यक्षता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बस्तियां में वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में वन विभाग के अनुभाग अधिकारी महेश सिंह अधिकारी ने विद्यार्थियों को आगामी वन अग्नि सुरक्षा एवं मानव वन्यजीव सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उन्होंने वन अग्नि की स्थिति में वन विभाग को आवश्यक सहयोग प्रदान करने की भी अपील की गई। कार्यक्रम में वन दरोगा सुरेंद्र सिंह बोरा, चंद्र कुमार बिष्ट, प्रदीप सिंह चौहान, दिव्यांशु, शिक्षिका नमिता जोशी, भुवन गड़कोटी, स्वास्तिक भट्ट आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सरस फूड फेस्ट व चम्पावत महोत्सव 18 से

**टनकपुर:** चम्पावत जिले में तीन साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय सरस फूड फेस्ट एवं चम्पावत महोत्सव (सरस मेला) 18 फरवरी से आयोजित होगा। यह महोत्सव टनकपुर के ककरालीगेट स्थित रावत फार्म में 24 फरवरी तक चलेगा।

सीडीओ डॉ. जीएस खाती ने बताया कि महोत्सव में देशभर के स्वयं सहायता समूहों की 60 से अधिक दुकानें लगेंगी। इससे ग्रामीण महिलाओं के उत्पाद सीधे लोगों तक पहुंचेंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी। महोत्सव में हस्तशिल्प, हथकरघा, जैविक उत्पाद और पारंपरिक खाद्य पदार्थ प्रदर्शित किए जाएंगे। मेला अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में साहसिक खेल और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। टनकपुर में पहला सरस मेला मार्च 2023 में आयोजित किया गया था।

# गर्मी शुरू होने से पहले ही धधकने लगे जंगल

**संवाददाता, बागेश्वर**

- जंगलों को आग से बचने में वन विभाग हो रहा असफल
- दावाग्नि से बहुमूल्य वन संपदा जलकर हो रही राख

**अमृत विचार:** जनपद में फायर सीजन शुरू होने से पहले ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। वन विभाग फायर सीजन से पूर्व ही जल रहे जंगलों को आग से बचाने में असफल नजर आ रहा है। इससे एक ओर जहां वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं जंगली जानवर आबादी की ओर आने लगे हैं। साथ ही वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है।

जनपद के जौलकांडे, दयांगण और चामी क्वैराली क्षेत्र के जंगल आग की चपेट में हैं। दिन के समय जंगलों से उठता धुआं और रात में धधकती आग साफ देखी जा सकती है। बावजूद इसके वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आग पर काबू पाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, जिससे बहुमूल्य वन संपदा जलकर राख हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि फायर सीजन से पहले ही वन विभाग आग पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा है, तो अग्निकाल के दौरान स्थिति कैसे संभाली जाएगी।

जनता ने वन विभाग से जंगलों को आग से बचाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### दूरस्थ केंद्रों में ड्यूटी से अतिथि शिक्षक नाराज

**टनकपुर:** बोर्ड परीक्षा ड्यूटी दूरस्थ केंद्रों में लगाने पर अतिथि शिक्षकों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट को ज्ञापन भेजकर अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी भी अन्य शिक्षकों की भांति निकटस्थ केंद्रों में लगाने की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष चंचल सिंह कुंवर ने कहा है कि हर साल बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन में अतिथि शिक्षक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। इस बार 21 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षाएं होनी हैं। लेकिन अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी हर वर्ष की भांति इस बार भी दूरस्थ परीक्षा केंद्रों में लगाई जा रही है। उन्होंने कहा है कि अतिथि शिक्षकों को अल्प मानदेय मिलता है, लिहाजा उनकी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कार्यस्थल से नजदीक के स्कूल में लगाई जानी चाहिए।


ग्राम अम्याड़ी में ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेतीं ग्रामीण महिलाएं।

### ठंड से बचाव को सतीश कर रहे अलाव की व्यवस्था

**रानीखेत, अमृत विचार :** नगर के समाजसेवी सतीश चंद्र पांडे निर्धन और असहाय लोगों की सेवा के लिए पहचाने जाते हैं। लावारिस, बेसहारा और अज्ञात शवों का वे निशुल्क दाहसंस्कार करते आ रहे हैं। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अपने गांव अम्याड़ी में प्रात: समय अलाव जलाकर लोगों की मदद कर रहे हैं। विकासखंड ताड़ीखेत, अम्याड़ी निवासी सतीश चंद्र पांडे मानवता के लिए नगर क्षेत्र में चर्चित हैं। वर्तमान में भीषण सर्दी के दौरान वे ग्रामीणों को ठंड से बचाने के लिए अपने आवास के आंगन में प्रात: समय अलाव जलाकर राहत पहुंचा रहे हैं। यह गांव पांच–छह गांवों का केंद्र है, जहां रोजाना ग्रामीण महिलाएं प्रात: समय सब्जी बेचने के लिए आती हैं। इसके साथ ही वाहन से जाने वाले लोग भी इसी स्थान पर ठहरते हैं। ऐसे में सतीश पांडे सुबह 6 बजे से 10 बजे तक अपने घर के आंगन में अलाव जलाकर ग्रामीणों को ठंड से राहत प्रदान कर रहे हैं। यह उनके सेवा भाव और मानवता का परिचायक है।

### किसानों ने बनवाई डिजिटल आईडी

**रामनगर :** उत्तराखंड में एग्री स्टैक के तहत किसानों की डिजिटल आईडी (फार्मर रजिस्ट्री) बनाने के लिए करनपुर सहकारी समिति में आयोजित शिविर में क्षेत्र के 36 किसानों ने पंजीकरण करवाया।

सहकारी समिति करनपुर के अध्यक्ष विजय पाल सिंह रावत ने बताया कि डिजिटल आईडी बनने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिलेगा। इसके अलावा, ऋण व अन्य सेवाओं का लाभ उठाना आसान होगा। उन्होंने इसे जमीन रिकॉर्ड से जुड़ी सुरक्षित पासबुक की तरह बताया और जल्द डिजिटल आईडी बनाने का सुझाव दिया। शिविर में निर्मला गैडा (लेखपाल), अलका (सहायक कृषि अधिकारी, रामनगर) और भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विपिन उप्रेती के साथ कई कृषक मौजूद रहे।

# जंगलिया गांव में बैसी कार्यक्रम का भव्य भंडारे के साथ समापन

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** जंगलिया गांव के तोक बूढ़ा धूरा में स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में बैसी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माघ मास के प्रथम दिवस से मंदिर में ध्यान और पूजा का आयोजन किया गया था, जिसमें हवन और यज्ञ भी शामिल थे।

कल रात्रि रातभर जागर का आयोजन कर ईष्ट देवों को आमंत्रित किया गया। आज विशेष प्रसाद रोट, हलवा और सूजी बनाकर ग्रामीणों में वितरित किया गया। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने ग्रामीणों की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक होंगे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी ने कहा कि जंगलिया के ग्रामीणों की यह पहल अन्य जगहों के लोगों के लिए प्रेरणा बनेगी। जिला पंचायत सदस्य बिपिन सिंह जंतवाल ने कहा कि ऐसे अनुष्ठानों न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि सुख-शांति का संचार होता है। इस अवसर पर हीरा बल्लभ भट्ट, सुरेश चंद्र भट्ट, घनानंद भट्ट, युगल भट्ट, भुवन भट्ट, लीलाधर भट्ट, महेश चंद्र भट्ट, हरीश चंद्र भट्ट, डूंगर सिंह पडियार, गोबिंद बल्लभ पलड़िया, प्रमोद भट्ट, हेम भट्ट सहित कुल तेरह लोगों द्वारा 21 दिन तक लगातार भक्ति की गई। ग्राम पंचायत द्वारा इन लोगों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।


बैसी कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सरस्वती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बाजी मारी

**भीमताल:** जनपद के शिक्षण संस्थाओं की मतदाता दिवस एवं समान नागरिक संहिता बिषय पर आयोजित निबन्ध, चित्रकला एवं रील प्रतियोगिता में सरस्वती पब्लिक स्कूल के 4 छात्र-छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रबन्धक हरीश चन्द सिंह रौतेला ने बताया कि मतदाता दिवस पर निबन्ध प्रतियोगिता में हिमांशु कक्षा 7 तृतीय, समान नागरिक संहिता पर रील प्रतियोगिता में नेहा कपिल कक्षा 8 प्रथम रहे। निबन्ध प्रतियोगिता में सुलेखा कक्षा 8 प्रथम स्थान रहे। चित्रकला में खुशी-कक्षा 7 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्र- छात्राओं को प्रबन्धक हरीश चन्द सिंह रौतेला, प्रधानाचार्या गीता रौतेला, उप प्रधानाचार्या पुष्पा सुयाल, पीटीए अध्यक्ष राम पाल सिंह गंगोला ने बधाई दी है।

# पत्नी ने पति व महिला के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** बीते दिसंबर में तल्लीताल में पति पत्नी के बीच हुए बवाल में गाजियाबाद की महिला की शिकायत पर तल्लीताल पुलिस ने महिला के पति और अन्य महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी है।

गाजियाबाद निवासी महिला प्रीति शर्मा ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजते हुए कहा था कि वह अपने परिवार के महिला सदस्यों के साथ 29 दिसम्बर को नैनीताल घूमने आई थी। वह तल्लीताल क्षेत्र में खाना खाने के लिए जा रहे थे, तभी उसका पति अपनी सहकर्मी के साथ कार में दिखाई दिए। उनकी कार को रोकने के लिए उसने हाथ दिया लेकिन वह नहीं रुके। पति ने उसको मारने के लिए उसकी ओर कार चला दी। उसको कार के बोनट पर कुछ दूर तक घसीट कर ले गया। उसके चिल्लाने पर स्थानीय लोगों ने उसे बचाया। इस दौरान उसको चोट भी आई। महिला का आरोप है कि तल्लीताल पुलिस को शिकायत की लेकिन पुलिस ने जांच नहीं की। बार बार कहने के बाद भी मेडिकल नहीं कराया गया।

महिला ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए एसएसपी से जांच की मांग की है। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मामले में गाजियाबाद निवासी अभिषेक कौशिक व उन्नाव निवासी शालिनी सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 (1) व 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अल्मोड़ा में हिन्दू सम्मेलन 22 को

**अल्मोड़ा:** अल्मोड़ा में मां नंदा देवी हिन्दू सम्मेलन समिति की बैठक में आगामी 22 फरवरी को हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन को लेकर सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

वक्ताओं ने बताया कि सम्मेलन सांस्कृतिक जागरण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बताया कि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में लक्ष्मण सिंह भोज, मनोज सनवाल, शैलेंद्र साह, चंद्र प्रकाश फुलोरिया, हेमा कांडपाल, बिना नयाल, प्रमोद बिष्ट, अमित साह मोनू, विनय वर्मा, हरि कृष्ण खत्री, दिनेश सिंह, योगेश रौतेला रहे।



खुशी तब होती है जब आपके विचार, आपके शब्द और आपके कर्म आपस में सामंजस्य में हों।

–महात्मा गांधी

## डिजिटल संप्रभुता का संदेश

डिजिटल युग में नागरिकों की निजता और तकनीकी कंपनियों के कारोबारी मॉडल के बीच खिंचाव अब खुलकर सामने आ गया है। यह मामला केवल एक कंपनी का नहीं, बल्कि भारत की उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा तय कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मेटा को यह कहना कि 'देश का कानून मानो या बाहर जाओ' महज टिप्पणी नहीं, डिजिटल संप्रभुता का स्पष्ट संदेश है। यह टिप्पणी उस समय आई है, जब व्हाट्सएप और मेटा, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 213.14 करोड़ रुपये के जुर्माने और निर्देशों को चुनौती दे रहे हैं।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2021 की व्हाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी के तहत अनिवार्य डेटा शेयरिंग को प्रतिस्पर्धा-विरोधी मानते हुए मेटा पर जुर्माना लगाया और निर्देश दिया कि यूजर्स का डेटा अन्य मेटा कंपनियों के साथ साझा न किया जाए। कंपनी का तर्क था कि यह डेटा सेवाओं को बेहतर बनाने और एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए आवश्यक है, लेकिन पहले आयोग और अब सुप्रीम कोर्ट के सामने प्रश्न यह है कि क्या सेवा सुधार के नाम पर उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी को व्यापक व्यावसायिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है? यह विवाद केवल डेटा गोपनीयता का नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा और डेटा के आर्थिक मूल्य का भी है। आज डेटा 'नया तेल' कहा जाता है। उपयोगकर्ता की आदतें, लोकेशन, संपर्क और व्यवहार सबका मौद्रिक मूल्य है। यदि यह जानकारी उपयोगकर्ता की स्पष्ट और समझी हुई सहमति के बिना साझा होती है, तो यह केवल निजता का उल्लंघन नहीं, बल्कि उसकी डिजिटल संपत्ति का दोहन भी है। अदालत का स्पष्ट संकेत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार तकनीकी विस्तार के साथ कमजोर नहीं हो सकते। 'टेक्नोलॉजी के युग में डेटा शेयरिंग अनिवार्य है'- यह तर्क न्यायालय ने स्वीकार नहीं किया। यह टिप्पणी महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को याद दिलाती है कि सुविधा और नवाचार का अर्थ अधिकारों से समझौता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यूजर कंसेंट और ऑप्ट-आउट के तर्क पर भी सवाल उठाना सही था, क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों की प्राइवेसी पॉलिसी नागरिकों की समझ से परे जटिल भाषा में होती है। ऐसे में 'सहमति' कितनी स्वैच्छिक है, यह गंभीर प्रश्न है। यदि सहमति अस्पष्ट और असंतुलित है, तो वह वैधानिक सुरक्षा नहीं दे सकती। यह टिप्पणी भविष्य में सभी डिजिटल कंपनियों के लिए चेतावनी है कि पारदर्शिता और सरलता अनिवार्य होगी।

भारत मेटा के लिए सबसे बड़ा बाजार है, जहां 50 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, इसलिए यह मामला केवल कानूनी नहीं, आर्थिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पक्षकार बनाने का आदेश इस बात का संकेत है कि अदालत इस विवाद को व्यापक नीति-प्रश्न के रूप में देख रही है। नौ फरवरी का अंतरिम आदेश भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है। यदि न्यायालय स्पष्ट रूप से निजता और प्रतिस्पर्धा की रक्षा को पूर्ण प्राथमिकता देता है, तो यह न केवल मेटा बल्कि सभी वैश्विक टेक कंपनियों के लिए नजीर बनेगा।

### प्रसंगवश

## स्वच्छता को मौलिक अधिकार मानने का महत्व

जब एक लड़की मासिक धर्म के कारण स्कूल नहीं जाती, तो सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उसके सपनों और भविष्य की पढ़ाई अधूरी रह जाती है। ऐसा अक्सर होता रहा है, लेकिन अब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने स्वच्छता को संवैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है। इस फैसले में कहा गया है कि स्वच्छता का अधिकार भी अधिकारों के सबसे मूलाधार आर्टिकल 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) के अंतर्गत आता है, जो प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, स्वास्थ्य और समानता सुनिश्चित करता है। यही कारण है कि अदालत ने स्कूलों में लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

पुरानी सामाजिक मान्यताओं की वजह से मासिक धर्म को 'अशुद्ध' या 'अछूत' माना जाता रहा है। इससे लड़कियों को सामाजिक और मानसिक दबाव झेलना पड़ता था। ऐसी सोच कभी 'आराम' देने के नाम पर शुरू हुई, लेकिन वह अंधविश्वास और नकारात्मक रूढ़िवाद में बदल गई, जिससे लड़कियों को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और शिक्षा के मौके से वंचित होना पड़ा।



निवेदिता शर्मा

शिक्षिका

जहां सही जानकारी और स्वच्छ सुविधा न हो, वहां स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। शोध बताते हैं कि लगभग 64% किशोर लड़कियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं जैसे यूटीआई, दर्द या संक्रमण का सामना करना पड़ता है, जिसकी एक बड़ी वजह स्वच्छता और जानकारी की कमी है।

आजकल कई अख़बारों में रिपोर्ट आती हैं कि 15 साल से कम उम्र की लड़कियां भी मासिक धर्म और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की कमी के कारण मानसिक और भावनात्मक असमंजस का सामना कर रही हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि सही जानकारी न मिलने पर लड़कियां भ्रम, डर या असमंजस में आ जाती हैं, जो कभी-कभी स्वास्थ्य और मानसिक निर्णयों पर गंभीर असर डालता है।

स्कूल में मासिक धर्म के दौरान अनुपस्थिति आम है। अध्ययन बताते हैं कि लगभग 40% लड़कियां मासिक धर्म के दिनों में स्कूल नहीं जातीं। इससे स्कूल में भागीदारी कम होती है और लगभग 2.3 करोड़ लड़कियां हर साल इसी वजह से आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की श्रेणी में शामिल हो जाती हैं। यह सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि उन सपनों और अवसरों की कहानी है, जो अधूरे रह जाते हैं जब सही संसाधन उपलब्ध नहीं होते।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह भी कहा गया है कि केवल पैड देना ही काफी नहीं है; इसके साथ स्वच्छ शौचालय, पानी, साबुन, गोपनीयता और जागरूकता की शिक्षा भी जरूरी है, ताकि लड़कियां अपनी स्वास्थ्य ज़रूरतों को बिना किसी शर्म या डर के पूरा कर सकें। कानूनी तौर पर यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आर्टिकल 21 का अधिकार सिर्फ जीवन की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि गरिमा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी ज़रूरतों को भी शामिल करता है। अदालत ने कहा है कि अगर स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द भी की जा सकती है।

हर मुफ्त पैड एक लड़की को स्कूल भेजता है, और हर सुरक्षित टॉयलेट उसके स्वास्थ्य और अधिकार की गारंटी है। यह आदेश उन लगभग 2.3 करोड़ लड़कियों के लिए खास मायने रखता है, जो मासिक धर्म के कारण स्कूल से दूर हो जाती हैं। जब लड़कियों को स्वच्छता, जानकारी, गोपनीयता और समर्थन मिलेगा, तो वे सिर्फ़ नियमित रूप से स्कूल ही नहीं जाएंगी, बल्कि अपने भविष्य और अवसरों को मजबूती से थाम सकेंगी। यही 'स्वच्छता से सफलता तक' का असली अर्थ है।

# जब बिजली जा रही है तो मक्का क्यों नहीं!





पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश में अगस्त- 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। आश्चर्य है कि क्रिकेट लीग केकेआर की टीम से बांग्लादेशी खिलाड़ी को हटवा कर अपना राष्ट्रवाद सिद्ध कर रहे संगठनों द्वारा बांग्लादेश को बेची जा रही बिजली की मात्रा बढ़ने के आंकड़े पर शुतुरमुर्ग बन जाते हैं। बदले हालात और भारत के साथ रिश्तों में आई खटास का खामियाजा बिहार के मक्का पैदा करने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है, लेकिन गोड्डा (झारखंड) के कोयला आधारित बिजली घर से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति लगातार जारी है।

सभी जानते हैं कि कोसी और सीमांचल में अच्छी मक्का होती है और वहां का किसान बांग्लादेश के बाजार को आपूर्ति के लिए ही जमकर मक्का उगाता रहा है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा, तो बीते छह महीन से मक्का का निर्यात बंद हो गया। विदित हो कि यहां उगने वाली करीब 70 फीसदी मक्का का निर्यात बांग्लादेश में होता रहा है। स्थानीय बाजार में मक्का की आवक ज्यादा हो गई, तो पिछले साल 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकने वाले मक्के को अभी 1800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। बहुत से किसानों को भरोसा है कि कुछ दिन में फिर से निर्यात सामान्य हो जाएगा, सो उन्होंने अपने घर-गोदामों में मक्का का स्टॉक कर लिया है। बरसात के साथ सीलन और भंडारण की दिककते बढ़ीं, तो अब किसान इस सोने से दमकती मक्का को गाय-भैंस को खिला रहे हैं।

स्थानीय किसान बताते हैं कि मक्के का भाव साल-दर साल बढ़ रहा था। उन्नत बीज और तकनीकी के इस्तेमाल से उनकी फसल भी बढ़िया हो रही थी, लेकिन बांग्लादेश का रास्ता बंद होते ही मक्का को कौड़ियों के दाम खरीदने वाले नहीं मिल रहे हैं। आज इसके दाम बीते पांच साल में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

विदित हो कि यदि परिवेश में नमी 13–14% से अधिक हो, तापमान 25–35C और हवादार भंडारण न हो तो मक्का में अफ्लाटॉक्सिन नामक एक ज़हरीला मायकोटॉक्सिन निर्मित हो जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में फफूंद लगना कहते हैं। इससे फसल जहरीली हो जाती है। किसान के यहां फफूंद लग रही है तो थोक कारोबारियों ने उधारी पर भी खरीद से मना कर दिया है। बड़े थोक व्यापारी कहते हैं कि चूंकि सीमा पर तनाव है। साथ ही डॉलर की कमी भी है, इसलिए बांग्लादेशी व्यापारी मक्का खरीदने में कम रुचि दिखा रहे हैं। अब हालात इतने खराब हैं कि किसान के लिए लागत निकालना भी मुश्किल है।

किसान को प्रभावित करने वाले ऐसे हालता प्याज, मसाले यदि के साथ भी हैं। भारत ने हाल के समय में गैर-बासमती चावल पर कई प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन बांग्लादेश के साथ विशेष कोटा रहता था। अब तनाव के कारण यह व्यापार भी अनिश्चितता के घेरे में है। अदरख, मिर्च और अंगूर जैसे सामान जो ट्रकों में भरकर सीमा पर जाते हैं, वे बॉर्डर पर देरी होने के कारण अक्सर सड़ जाते हैं। इससे छोटे व्यापारियों को सीधे तौर पर लाखों का घाटा होता है।

बांग्लादेश दुनिया का बड़ा गारमेंट एक्सपोर्टर है और वह इसके लिए भारत से धागा और कच्चा कपास खरीदता है। वहां राजनीतिक उथल-पुथल से फैक्ट्रियां बंद हुईं, जिससे भारत के सूरत, तिरुपुर और लुधियाना के स्पिनिंग मिलों का माल डंप हो गया है। खासकर उत्तर-पूर्वी राज्यों के सीमावर्ती राज्यों में लगने वाली खुली हाट में इस तनाव का व्यापक असर देखा गया।

साल-दर-साल बढ़ रही थी कीमत

| उत्पादन वर्ष | कीमत |
|---|---|
| 2019-20 | 1,300-1,500 |
| 2021-22 | 1,600-1,800 |
| 2022-23 | 1,800-2,000 |
| 2023-24 | 2,100-2,300 |
| 2024-25 | 2,400-2,700 |
| 2025-26 | 1700-1900 |

(भाव व्यापारियों के अनुसार।)

इसके ठीक विपरीत दोनों देशों की सरकारों के आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश को बिजली निर्यात बढ़ रहा है। झारखंड के गोड्डा स्थित प्लांट की क्षमता 1600 मेगावाट है और अनुबंध के अनुसार इसका शत-प्रतिशत उत्पादन बांग्लादेश को भेजा जाना है। वैसे बांग्लादेश सरकार द्वारा नियुक्त एक पैनल ने इस आपूर्ति को अत्यधिक महंगा बताया था। भारतीय और बांग्लादेशी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश को होने वाला बिजली निर्यात दिसंबर तक के तीन महीनों में सालाना आधार पर लगभग 38% बढ़कर लगभग 2.25 बिलियन किलोवाट-घंटा (केवीएच) हो गया। बांग्लादेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, इसने वर्ष के लिए बांग्लादेश के कुल बिजली मिश्रण में भारतीय निर्यात को रिकॉर्ड 15.6% तक पहुंचा दिया, जो 2024 में 12% था। भारत से 2023 की शुरुआत में बांग्लादेश को आपूर्ति शुरू की गई थी।

कैसी विडंबना है कि किसान की फसल सड़ रही है और निर्यात बैन है, लेकिन जिस कारखाने से इस अनुमान के अनुसार औसतन लगभग 9.35 मिलियन टन CO प्रति वर्ष का उत्सर्जन होता है, सल्फर ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों के साथ सूक्ष्म कण (PM10/PM2.5) वायु में उड़ते हैं और लाखों लोगों के फेफड़ों तक पहुंचते हैं, उस पर कोई नियंत्रण या कमी नहीं है। जान लें गोड्डा प्लांट को चलाने के लिए नजदीकी गंगा नदी से पानी लिया और वापिस निस्तारित किया जाता है। इसने आसपास जल का pH बदल दिया और जलजीवन व कृषि पर नकारात्मक असर डाला है।

2025 में बांग्लादेश को रिकॉर्ड 8.63 बिलियन किलोवाट-घंटा बिजली की आपूर्ति गोड्डा से की गई, जो कुल आपूर्ति का 8.2% है। वहीं अन्य भारतीय कंपनियों से होने वाला आयात मामूली रूप से बढ़कर 7.92 मिलियन किलोवाट-घंटा हो गया। इस साल जनवरी के पहले 27 दिनों के दौरान, कुल बिजली आपूर्ति में गोड्डा की हिस्सेदारी लगभग 10% रही।

बांग्लादेश के भारत के साथ रिश्तों में आई खटास का खामियाजा बिहार के मक्का पैदा करने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है। अलबत्ता बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति जारी है।

### आमने सामने



साल-दर-साल बजट की रकम तो बढ़ाई जा रही है, लेकिन इसका सार्थक लाभ धरातल पर नजर नहीं आता। बिहार सरकार बजट का सही इस्तेमाल करने में पूरी तरह फिसड्डी साबित हुई है। यह बजट आम नागरिकों को छलावे के सिवा कुछ नहीं देता।

–राजेश राम

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, बिहार



आज का विपक्ष इतना 'विद्वान' हो गया है कि बिना बजट समझे ही प्रतिक्रिया दे देता है, जबकि पहले बजट को समझने में दो दिन तक लगते थे। बिहार का बजट विस्तृत और तकनीकी होता है। विपक्ष का यह रवैया बताता है कि उसने बजट को पढ़ने या समझने की कोशिश तक नहीं की।

–दिलीप जायसवाल

उद्योग मंत्री, बिहार

# ग्रामीण समृद्धि की रीढ़ बनेगा पशुधन



प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

ग्राम और ग्रामीण की समृद्धि की रीढ़ अब केवल खेती-किसानी तक सीमित नहीं रह गई है। इस आम बजट में सरकार ने पशुधन से पशु पालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के ठोस उपाय किए हैं। इससे रोजगार बढ़ने के साथ दैनिक और मासिक आमदनी में स्थिरता आएगी। खेती पर बढ़ते संकट कम होंगे। पशुधन, मुर्गी व मत्स्य पालन ग्रामीणों की आजीविका का सहारा बनेंगे। यह पशुधन स्वस्थ्य बना रहे, इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 20 हजार से अधिक पशु चिकित्सकों की उपलब्धता भी तय की गई है, ताकि गांव में ही त्वरित इलाज की सुविधा मिले।

फिलहाल देश में पशु-चिकित्सकों की बहुत कमी है, इस कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए डेढ़ लाख पशु देखभाल प्रशिक्षित सेवकों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। इस उपाय से दुधारू पशुओं की असमय मृत्यु में कमी आएगी। यदि पालतू पशुओं को आरक्षित वनों में चरने की छूट दे दी जाती है तो सड़क दुर्घटनाओं में पशुओं के मरने में तो कमी आएगी ही, पौष्टिक चारा मिलने से दूध भी पौष्टिक होगा।

पशुधन की महिमा इस तथ्य से जानी जा सकती है कि खेती से होने वाली कुल आय में करीब 16 प्रतिशत की भागीदारी पशुपालन और उनसे उत्पादित आहार से है। इस आय में लगातार पिछले ग्यारह साल से 12.77 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि हो रही है। यानी खेती जहां लघु व मध्यम किसानों के लिए घाटे का सौदा बनी हुई है, वहीं पशुपालन ग्रामीणों को भरोसे की आय का साधन बन गया है। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर है। विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

बीते 10 साल में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2024-25 में 485 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। नौ वर्ष पहले यह उपलब्ता महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी, किंतु अब पशु संवर्धन के लिए किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। मुर्गी एवं मत्स्य पालन के साथ जलीय कृषि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, इसीलिए अमेरिका जैसे देश भारत के दूध बाजार को हड़पना चाहते हैं।

पशुधन का संरक्षण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ग्रामों में दूध नियमित नकद आय का पुख्ता आधार बना हुआ है। ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था में इसकी बड़ी भागीदारी है। देश में 2019 में हुई 20वीं पशुधन गणना के अनुसार करीब 14 करोड़ गाएं और 11 करोड़ भैंसें हैं। याक, ऊंट, भेड़ और बकरी भी दुधारू पशुओं में गिने जाते हैं, हालांकि अभी तक हमारा राष्ट्रीय आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो महज 20 फीसदी पशुओं का ही आनुवांशिक वर्गीकरण कर पाया है। इससे पता चलता है कि हम अपने पशुधन के प्रति कितने लापरवाह हैं।

घरेलू नस्ल के दुधारू जानवरों को स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों में पलने-बढ़ने व वंश वृद्धि में ज्यादा मजबूत और जुझारू पाया जाता है। ये पशु जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बर्दाश्त करने में भी ज्यादा समर्थ होते हैं। भारत दूध उत्पादन में दुनिया का अग्रणी देश है। फिर भी दूध की आपूर्ति सिंथेटिक दूध बनाकर और पानी मिलाकर की जा रही है। यूरिया से भी दूध बनाया जा रहा है। दूध की बढ़ती मांग के कारण दूध का कारोबार गांव-गांव फैल गया है।

जैविक तकनीक के क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार इस क्षेत्र में देश में पहली बार ई-3 (इकोनोमी एनवायरमेंट, एम्प्लायमेंट) नीति कुछ समय पहले जारी की गई है। इसके तहत दूध, खाद्यान्न, पर्यावरण सहित आम जनजीवन के सामने खड़ी होने वाली प्रत्येक चुनौती से निपटने की तैयारी है। इस क्षेत्र में फिलहाल जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है।

पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरा करने के साथ पौष्टिक भी होगा। यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी। आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग कतई नहीं होगा।

अब तक बिना किसी सरकारी मदद के दूध का कारोबार फलता-फूलता रहा है। दूध का 70 फीसद कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस व्यापार में लगे ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे दूध उत्पादन में दक्ष हैं, बल्कि दूध के सह-उत्पाद बनाने में भी कुशल हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित क्षेत्र, मसलन दूध डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध के उत्पादन से 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की भी अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं।

बजट में सरकार ने पशु पालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के ठोस उपाय किए हैं। इससे रोजगार बढ़ने के साथ ही आमदनी में स्थिरता आएगी।

### सोशल फोरम

## हाकी के उस्ताद केडी बाबू

एक दर्ज़ी के लड़के को लकड़ी के डंडे से हॉकी खेलते देखा। यह नैनीताल था, वह वहां बैठे चाय पी रहे थे। लड़के की हॉकी के प्रति लगन देखी। बाप से बात की, जो उसे दर्ज़ी बनाना चाहता था, ताकि घर का खर्च चल सके। बाप राज़ी हो गए और वह उस लड़के को नैनीताल से लखनऊ ले आए। यहां उसके टैलेंट को तराशा, निखारा और इस तरह ज़माने को मशहूर हॉकी प्लेयर सैय्यद अली मिले, जिसने मुल्क के कंधे पर कितने ही मेडल टांक दिए और अपने उस्ताद का सीना चौड़ा कर दिया, कौन उस्ताद, वही, जो...



हफीज किदवई

ब्लॉगर

ग़रीब बच्चों को उनकी आंखों में झांककर, उसमें तैर रहे ख्वाबों को देखकर, उनकी आंखों की पुतलियों में झलक रही ललक को देखकर, अगर कोई उसे साकार करने की तड़प रखता हो, तो वह थे कुंवर दिग्विजय सिंह जी यानि केडी सिंह बाबू, जो हमारी हॉकी के खूबसूरत दिनों का पर्याय हैं।

सन 1922 को बाराबंकी में जन्मा यह सितारा जब दुनिया पर एक ज़माने की मोहर बनकर बैठा, उसके पांव जब पहली बार इस जमीन पर पड़े, तब से अब तक एक शतक बीत गया है। बाराबंकी और लखनऊ के बीच घूमती यह शख्सियत दुनिया में हर उस घर में अपनी दस्तक देती गई, जहां हॉकी ने अपनी जगह बना रखी थी।

देश राजनीति, विज्ञान, कला, भाषा,साहित्य के साथ खेल में भी अपनी दस्तक देने खड़ा हो पाया, इसके श्रेय मेजर ध्यानचंद और केडी बाबू को जाता है। केडी बाबू खिलाड़ी में सिर्फ खेल और जुनून देखते। हर समाजी अंतर से परे सिर्फ हॉकी से मोहब्बत ही उनके लिए योग्यता थी और ज़िन्दगी भर इसी नियम को माना।

देश दो हिस्सों में बंट चुका था। अंग्रेज खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि बहुत से भारतीय खिलाड़ी भी पाकिस्तान जा चुके थे। हॉकी को भी गहरे जख्म लगे थे। मगर मेजर ध्यानचंद के नेतृत्व में जब 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत जाने लगा, तो उस दूर द्रष्टा प्रधानमंत्री का भरोसा यह टीम ही थी, जिसमें केडी बाबू भी थे। उनके आत्मविश्वास और आपसी मोहब्बत से लबरेज़ दिलों ने हर ज़ख्म से मुंह फेरा, पूरी टीम इकट्ठे हुई और सब दर्द भूलकर लंदन में ही इंग्लैंड को हराकर अपने आने वाले मज़बूत भविष्य की दस्तक दे डाली।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कच्चे घरों के बीच पक्की उम्मीदों का सपना

केंद्रीय बजट से ग्रामीण क्षेत्रों को काफी आशाएं थीं। बात चाहे घर की हो, सड़क की हो या फिर नलजल योजना की, लोगों को उम्मीद थी कि सरकार गांव के विकास के लिए बजट के पिटारे खोल देगी। इसके पीछे कई कारण भी हैं। आज भी देश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र विकास की योजनाओं में काफी पीछे चल रहे हैं। केवल उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो इस पहाड़ी इलाके के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवास जैसी अहम योजना भी देरी से पहुंचती है।

पहाड़ों के बीच बसे गांव बाहर से जितना शांत दिखाई देते हैं, भीतर से उतना ही संघर्षों से भरे हैं। गांव की पगडंडियों पर चलते हुए सबसे पहले जो बात ध्यान खींचती है, वह हैं मिट्टी, लकड़ी और टिन से बने कच्चे मकान, जिनकी दीवारें समय के साथ जर्जर हो चुकी हैं और छतें हर बारिश में डर पैदा करती हैं। कई बार इसके गिरने का खतरा भी बना रहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह इसकी मरम्मत भी करा सकें।



किरण आर्या

एक्टिविस्ट

अन्य राज्यों की तुलना में उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में ऐसी चुनौती और भी जटिल हो जाती है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, सीमित संसाधन और दूर-दराज़ में बसे गांव, योजना के क्रियान्वयन को धीमा कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, पौड़ी जिले के कल्जीखाल क्षेत्र में एक वर्ष में 805 घरों का निर्माण हुआ, जबकि बीरोंखाल जैसे क्षेत्रों में यह संख्या केवल 65 घरों तक सीमित रही। यह अंतर दर्शाता है कि एक ही राज्य के भीतर भी विकास की गति समान नहीं है।

देश और राज्य स्तर पर आंकड़े देखें तो ग्रामीण आवास की स्थिति एक बड़ी तस्वीर पेश करती है। ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत देश भर में लगभग 3.79 करोड़ घरों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से लगभग 2.72 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है, यानी करीब 72 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। अब इस योजना का विस्तार कर लक्ष्य को 5.79 करोड़ घरों तक ले जाने की बात की जा रही है।

आंकड़ों से परे असली सवाल जमीन पर नजर आने वाली सच्चाई का है। पहाड़ों में रहने वाले परिवारों के लिए पक्का घर न केवल ठंड और बारिश से बचाव का माध्यम है, बल्कि यह किसी भी समय होने वाले भूस्खलन से बचाव का भी साधन है। यहां की गलियों से गुजरते हुए यह साफ़ महसूस होता है कि जब किसी परिवार को घर मिलने की सूचना मिलती है, तो वह केवल एक सरकारी लाभ नहीं होता, बल्कि उम्मीदों का एक कारवां होता है। वहीं जिन परिवारों तक यह सुविधा नहीं पहुंच पाती, उनके लिए स्थानीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार गांव के विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इन योजनाओं की जानकारी हर गांव और हर परिवार तक समय पर पहुंचे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है। साथ ही उन आवाजों को भी सुनने की बहुत जरूरत है, जो हाशिये पर होते हैं और अक्सर फाइलों और आंकड़ों के बीच उनकी आवाज कहीं दब जाती हैं, क्योंकि यही हाशिये पर रहने वाले लोग कच्चे घरों में भी रहकर पक्की उम्मीदों का सपना देखते हैं, जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन के साथ-साथ समाज की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ



### स्क्रूटनी शब्द की उत्पत्ति

स्क्रूटनी शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'स्क्रूटिनियम' से मानी जाती है, जिसका मूल अर्थ खोज, छानबीन अथवा सूक्ष्म परीक्षण है। यह शब्द पुरानी फ्रेंच भाषा के माध्यम से विकसित होकर अंग्रेजी भाषा में प्रविष्ट हुआ, जहां इसका प्रयोग किसी विषय या तथ्य की गहन और व्यवस्थित जांच के अर्थ में होने लगा। भाषाई विकास की इस प्रक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि जांच की अवधारणा सदैव तथ्यों की गहराई तक पहुंचने से जुड़ी रही है। शैक्षणिक दृष्टि से जांच-पड़ताल का आशय किसी घटना, वस्तु या अवधारणा का तार्किक, सावधानीपूर्ण और विस्तृत अध्ययन करना है। इसमें तथ्यों का संग्रह, उनका विश्लेषण तथा उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया शामिल होती है। जांच केवल सतही निरीक्षण तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके अंतर्गत कारण-परिणाम संबंधों को समझना और विषय के विभिन्न पक्षों का मूल्यांकन करना भी आवश्यक होता है। अनुसंधान, न्यायिक प्रक्रिया, प्रशासन और सामाजिक विज्ञानों में जांच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। सही और निष्पक्ष जांच न केवल सत्य की खोज में सहायक होती है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया को भी अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाती है। इस प्रकार, जांच ज्ञान-विकास, सत्यापन और उत्तरदायित्व की स्थापना का एक अनिवार्य साधन है।

## शिक्षा बजट 2026: शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के साझा मॉडल की परिकल्पना



केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा को लेकर सरकार ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि भविष्य की अर्थव्यवस्था की नींव कक्षा, कौशल और तकनीक के मेल से रखी जाएगी। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार शिक्षा पर कुल आवंटन बढ़ाकर लगभग 1.39 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 1.28 लाख करोड़ रुपये की तुलना में करीब 8.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। पहली नजर में यह बढ़ोतरी उल्लेखनीय लगती है और सरकार इसे भविष्य की तैयारी के रूप में प्रस्तुत कर रही है, लेकिन गहराई से देखने पर यह सवाल भी सामने आता है कि क्या यह बजट वास्तव में पुरानी संरचनात्मक समस्याओं से किनारा करता है या उन्हें नई शब्दावली में ढक देता है।



कुमार सिद्धार्थ
लेखक

### तकनीकी कौशल से करियर की राह

इस बजट का केंद्रीय विचार शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को एक साझा रणनीति के रूप में जोड़ने का है। सरकार का मानना है कि केवल डिग्री आधारित शिक्षा अब पर्याप्त नहीं है, इसलिए पाठ्यक्रमों को उद्योग, तकनीक और वैश्विक जरूरतों से जोड़ना आवश्यक है। इसी सोच के तहत स्कूलों और कॉलेजों में कौशल आधारित ढांचे को मजबूत करने की घोषणाएं की गई हैं। सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला प्रस्ताव 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब' स्थापित करने का है। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों को भविष्य के रोजगार से जोड़ते हुए सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि डिजिटल और क्रिएटिव इकोनॉमी अब औपचारिक शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनेगी। बजट दस्तावेजों में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2030 तक एवीजीसी और इससे जुड़े डिजिटल क्रिएटिव सेक्टर में लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार की आवश्यकता होगी। ऐसे में स्कूल स्तर से ही कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और तकनीकी कौशल सिखाने की योजना को सरकार एक दूरदर्शी कदम के रूप में पेश कर रही है। इससे युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन में सक्षम बनाने का दावा किया गया है।




### शिक्षा नीति को लचीला बनाने का लक्ष्य

उच्च शिक्षा के मोर्चे पर बजट का झुकाव तकनीक, अनुसंधान और उद्योग से सीधे जुड़ाव की ओर दिखाई देता है। औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरिडोर के पास पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव इसी दिशा में उठाया गया कदम है। सरकार का तर्क है कि जब विश्वविद्यालय, रिसर्च सेंटर, स्किल हब और उद्योग एक ही भौगोलिक क्षेत्र में होंगे, तो छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव, इंटर्नशिप और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह मॉडल शिक्षा और उद्योग के बीच लंबे समय से चली आ रही दूरी को पाटने का प्रयास है। बजट में यह भी कहा गया है कि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए एक उच्च-स्तरीय स्थायी समिति गठित की जाएगी। यह समिति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और उभरती तकनीकों के संदर्भ में यह आकलन करेगी कि भविष्य में कौशल और रोजगार की जरूरतें कैसे बदलेंगी और उसी अनुसार पाठ्यक्रमों में सुधार की सिफारिश करेगी। यह पहल संकेत देती है कि सरकार शिक्षा नीति को स्थिर नहीं, बल्कि बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप लचीला बनाना चाहती है।

### डिजिटल अवसंरचना पर जोर

स्कूल शिक्षा के संदर्भ में बजट में डिजिटल और तकनीकी अवसंरचना पर जोर दिखाई देता है। डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन संसाधन और नई तकनीकों के माध्यम से शिक्षा को सुलभ बनाने की बात कही गई है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूलों की भौतिक सुविधाएं और ग्रामीण-आदिवासी क्षेत्रों की जमीनी हकीकत इस डिजिटल छलांग के साथ तालमेल बिठा पाएगी। कई विश्लेषणों में यह चिंता भी जताई गई है कि यदि शिक्षक ही प्रशिक्षित नहीं होंगे, तो स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल लैब और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म धूल ही फांकेंगे। राज्य विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों की स्थिति पर बजट अपेक्षाकृत मौन दिखाई देता है। जबकि देश के लगभग 80 प्रतिशत विद्यार्थी इन्हीं संस्थानों में पढ़ते हैं, अनुसंधान और बुनियादी सुविधाओं के लिए मिलने वाला अधिकांश फंड अब भी केंद्रीय और प्रीमियम संस्थानों तक सीमित रहता है। इस असंतुलन के कारण राज्य विश्वविद्यालयों में शोध संस्कृति कमजोर होती जा रही है और बजट में इस खाई को पाटने के लिए कोई ठोस रोडमैप साफ नजर नहीं आता। बजट में यह भी उल्लेख है कि शिक्षा, कौशल और रोजगार को जोड़कर "भविष्य की अर्थव्यवस्था" की नींव रखी जा रही है। युवाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने की बात कही गई है और इसे जनसांख्यिकीय लाभांश से जोड़ा गया है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और सरकार इस युवा शक्ति को उत्पादक मानव संसाधन में बदलने का लक्ष्य रखती है, लेकिन यह लक्ष्य तभी साकार होगा, जब शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित न रहे, बल्कि आलोचनात्मक सोच, सामाजिक संवेदनशीलता और रचनात्मकता को भी स्थान दे।

कुल मिलाकर, बजट 2026-27 का शिक्षा खंड एक दोहरे संदेश के साथ सामने आता है। एक ओर यह तकनीक, कौशल और रोजगार के जरिए भविष्य की तैयारी की बात करता है, दूसरी ओर यह पुरानी समस्याओं जैसे अपर्याप्त सार्वजनिक निवेश, शिक्षक भर्ती की कमी और राज्य स्तरीय संस्थानों की उपेक्षा से पूरी तरह मुक्त होता नहीं दिखता। यह बजट शिक्षा को आर्थिक विकास के औजार के रूप में तो देखता है, लेकिन उसे सामाजिक समानता और बौद्धिक स्वतंत्रता के व्यापक संदर्भ में रखने का साहस अभी अधूरा लगता है। आखिरकार, यह कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा बजट 2026-27 दिशा तो दिखाता है, लेकिन दूरी अभी तय होनी बाकी है। यह भविष्य की तैयारी का दावा करता है, पर साथ ही यह सवाल भी छोड़ जाता है कि क्या हम पुरानी समस्याओं को हल किए बिना सचमुच एक समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ पाएंगे?

## नोटिस बोर्ड



- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रयागराज रीजन ने संविदा चालकों की भर्ती के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 5 से 12 फरवरी के बीच अलग-अलग स्थानों पर भर्ती मेले लगाए जाएंगे। विभाग के मुताबिक इस अभियान के तहत लगभग 250 संविदा चालकों की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। वहीं आयु सीमा 23 वर्ष 6 माह से 58 वर्ष तक तय की गई है। चयन के दौरान मौके पर ही दस्तावेजों की जांच की जाएगी, इसके बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा।




- एमजेपीआरयू द्वारा सेंटर फॉर एजुकेशन एवं ऑनलाइन एजुकेशन के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जनवरी सत्र हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस सत्र में अभ्यर्थी एमए शिक्षा, एमए अर्थशास्त्र, बीकॉम (सामान्य), एमएसडब्ल्यू, एमबीए (मार्केटिंग), एमए अंग्रेजी, एमए हिंदी, एमकॉम (सामान्य), एमए इतिहास तथा एमएससी गणित जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त बीए तथा इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता विषय में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भी नामांकन की सुविधा उपलब्ध है।

## कैंपस में पहला दिन

### एक दिन, जो उम्र भर साथ चला

कॉलेज जीवन की उन यादों में शामिल है, जो समय बीतने के साथ और भी अधिक चमकदार हो जाती हैं। कॉलेज के पहले दिन स्वयं को किसी रियासत का राजकुमार समझते हुए जब बरेली कॉलेज, बरेली की अंग्रेजी शासनकाल की विशाल और भव्य इमारत के भीतर प्रवेश किया, तो मन में एक अद्भुत रोमांच भर उठा। ऊंची छतें, लंबे बरामदे और इतिहास की गवाही देती दीवारें मानो नए सपनों का स्वागत कर रही थीं। विद्यालय के अनुशासित, सीमित और नियमबद्ध वातावरण से निकलकर महाविद्यालय के खुले, उन्मुक्त माहौल में कदम रखते ही लगा कि जीवन ने जैसे नई उड़ान भरने का अवसर दे दिया हो। बिना किसी यूनिफॉर्म के छात्र-छात्राओं की टोलियां परिसर में इधर-उधर घूम रही थीं। कहीं हंसी-ठिठोली थी, कहीं नए परिचयों की झिझक और कहीं भविष्य के सपनों की हलचल। उस क्षण यह एहसास गहराई से हुआ कि जीवन वास्तव में आज ही से शुरू हुआ है।



धर्मेंद्र सिंह चौहान
हल्द्वानी

इसी दौरान कॉलेज के फीस काउंटर के पास एक बुजुर्ग मिले, जो मेरे बड़े भाई को जानते थे। उन्होंने स्नेह से पूछ लिया, "तुम उनके भाई हो?" यही एक छोटा-सा संवाद आगे चलकर गहरी मित्रता की नींव बन गया। अगले कुछ ही मिनटों में अपनापन इतना बढ़ गया कि वह रिश्ता वर्षों तक परम मित्रता में बदल गया और आज भी हम एक-दूसरे के परिवार में बेटे की तरह जुड़े हुए हैं। अभी इस आत्मीयता की गर्माहट मन में थी कि कुछ सीनियर छात्रों के समूह ने हमें रोक लिया। वे हमें कॉलेज की कैंटीन में ले गए, जहां हल्के-फुल्के सवाल-जवाब हुए और परिचय के नाम पर कोई न कोई गतिविधि करने को कहा गया, किसी से गाना, किसी से नाच, तो किसी से चुटकुला। जब मेरी बारी आई और मैंने चुटकुला सुनाया, तो पूरा वातावरण हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। प्रसन्न होकर सीनियर छात्रों ने सभी को जलपान भी कराया।




तब तक शाम ढल चुकी थी। महाविद्यालय का वह पहला दिन मेरी स्मृतियों में सदा के लिए अंकित हो गया। आज भी जब उस दिन को याद करता हूं, तो अतीत की वे तस्वीरें मन में ताजा हो जाती हैं और होंठों पर अनायास ही मुस्कान बिखर जाती है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हो गया है, जिसके तहत शुल्क (टैरिफ) तत्काल प्रभाव से कम किए जाएंगे। यह घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई सीधी बातचीत के बाद की गई। ट्रंप के अनुसार, इस समझौते के तहत भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिकी 'पारस्परिक टैरिफ' को 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इस डील से द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि, ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव और शुल्क में राहत की उम्मीद जताई गई है। हालांकि इसके कानूनी स्वरूप और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर अभी भी कुछ सवाल बने हुए हैं।
- हाल ही में रक्षा मंत्री ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड के निगमितकरण के बाद गठित रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम यंत्रा इंडिया लिमिटेड को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा देने की मंजूरी दी। महज चार वर्षों में यह कंपनी पारंपरिक सरकारी ढांचे से निकलकर मजबूत बिक्री और बढ़ते निर्यात के साथ एक लाभकारी उपक्रम बनकर उभरी है। इस निर्णय को भारत में आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को मज़बूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।
- बीते दिनों भारतीय पर्वतारोही कबक यानो ने अर्जेंटीना में स्थित माउंट अकॉनकागुआ की सफलतापूर्वक चोटी पर चढ़ाई की, जो दक्षिण अमेरिका और पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची चोटी है। 22,831 फीट ऊंचाई वाली इस चढ़ाई ने उनके 7-सम्मिट पर्वतारोहण अभियान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। इस उपलब्धि से उनके दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और साहस का परिचय मिलता है और यह पूरे देश के युवा खिलाड़ियों और साहसिक उत्साही लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।
- बीते दिनों भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गंगा के मैदानों में स्थित एक आर्द्रभूमि और कच्छ के शुष्क भू-भाग में स्थित दूसरी आर्द्रभूमि को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि वैश्विक ढांचों के तहत आर्द्रभूमि और जैव विविधता संरक्षण के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पाटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ क्षेत्र में स्थित छरी-ढांड (Chhari-Dhand) को आधिकारिक रूप से रामसर आर्द्रभूमि घोषित किया गया है। इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 98 हो गई है।

## जॉब अलर्ट

### बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB)

- पद का नाम- विभिन्न IT पद (डेवलपर, इंजीनियर, एडमिनिस्ट्रेटर आदि)
- कुल रिक्तियां-418 पद
- योग्यता-CS/IT/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E/B.Tech/M.Tech/M.E/MCA
- आयु सीमा-22 से 37 वर्ष (पद के अनुसार अलग-अलग)
- आवेदन शुल्क-UR/OBC/EWS: 850 | SC/ST/PwD/महिला: 175
- आवेदन की अंतिम तिथि-19 फरवरी 2026
- वेबसाइट-bankofbaroda.bank.in

### डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार



- पद का नाम-ग्रामीण डाक सेवक (GDS) - ब्रांच पोस्टमास्टर (BPM), असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर (ABPM), डाक सेवक
- पदों की संख्या-28636 (संभावित) अनुलग्नक-I के अनुसार (डिवीजन-वार रिक्ति पोर्टल पर उपलब्ध है)
- वेतन-BPM: 12,000 से 29,380, ABPM/डाक सेवक: 10,000 से 24,470
- योग्यता- गणित और अंग्रेजी में पासिंग मार्क्स के साथ 10 वीं कक्षा (SSE)
- आयु सीमा-18 से 40 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तारीख-16 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://indiapost.gov.in/

### यंत्र इंडिया लिमिटेड ट्रेड अप्रेंटिस

- पद का नाम-ट्रेड अप्रेंटिस (पूर्व-आईटीआई और गैर-आईटीआई)
- कुल रिक्तियां-लगभग 3979 पद
- आवेदन का तरीका-ऑनलाइन
- प्रशिक्षण स्थान-आयुध और आयुध उपकरण कारखाने (पूरे भारत में)
- वजीफा-8200 - 9600 प्रति माह
- आवेदन की अंतिम तिथि-03 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://recruit-gov.com

## स्कूल-शिक्षक-समाज : नीति के चौराहे पर खड़ा उत्तराखंड

उत्तराखंड में विद्यालयों और महाविद्यालयों में न्यून छात्र संख्या के आधार पर पदों के समायोजन, स्थानांतरण और नई भर्तियों पर रोक से जुड़ी हालिया खबर केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह राज्य की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के भविष्य और ग्रामीण समाज की संरचना से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यह विषय जितना वित्तीय अनुशासन से जुड़ा है, उतना ही सामाजिक न्याय, शैक्षिक समानता और संवैधानिक दायित्व से भी।



जीवन सिंह सैनी
लेखक

राज्य के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन की धुरी रहे हैं। पलायन, बेरोजगारी, स्वास्थ्य व आधारभूत सुविधाओं के अभाव ने पहले ही इन क्षेत्रों को कमजोर किया है। ऐसे में छात्र संख्या में प्रतिवर्ष 7 से 12 प्रतिशत की गिरावट एक स्वाभाविक सामाजिक परिणाम है, न कि शिक्षकों या विद्यालयों की विफलता। यदि इसी गिरावट को आधार बनाकर स्कूलों को 'अप्रासंगिक' ठहराया जाएगा, तो यह समस्या के समाधान के बजाय उसे और गहरा करेगा। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत क्लस्टर योजना का उद्देश्य संसाधनों का साझा उपयोग और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार है। किंतु जब इस योजना को केवल न्यून छात्र संख्या से जोड़कर देखा जाता है और उसका परिणाम शिक्षकों को 'सरप्लस' घोषित कर स्थानांतरण के रूप में निकलता है, तो नीति की आत्मा ही आहत होती है। शिक्षा नीति का लक्ष्य शिक्षक को असुरक्षित करना नहीं, बल्कि उसे सशक्त बनाना होना चाहिए।



वित्त विभाग का यह तर्क कि संसाधनों का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है, अपनी जगह उचित है, लेकिन क्या बेहतर प्रबंधन का अर्थ पदों को कम करना या रिक्त छोड़ देना ही है? क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि राज्य के कई दुर्गम क्षेत्रों में आज भी विषय विशेषज्ञों और योग्य शिक्षकों की भारी कमी है? यदि कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या कम है, तो समाधान विद्यालय बंद करना या पद घटाना नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नवाचार, बहुस्तरीय शिक्षण, डिजिटल सहायता और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना होना चाहिए।

शिक्षकों को बार-बार दुर्गम से सुगम और सुगम से दुर्गम स्थानों पर स्थानांतरित करने की नीति ने पहले भी शिक्षा की निरंतरता को नुकसान पहुंचाया है। शिक्षक असुरक्षा के वातावरण में न तो शैक्षणिक नवाचार कर पाता है और न ही समाज के साथ स्थायी रिश्ता बना पाता है। यदि सरप्लस के नाम पर स्थानांतरण का नया फॉर्मूला लागू हुआ, तो इसका सीधा असर शिक्षकों के मनोबल, पारिवारिक जीवन और शैक्षणिक गुणवत्ता पर पड़ेगा। यह भी विचारणीय है कि पद समाप्त होने या रिक्त रहने से अल्पकालिक वित्तीय बचत तो हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल में इसका मूल्य समाज को चुकाना पड़ेगा। जब स्कूल कमजोर होंगे, तो निजी और महंगी शिक्षा का दबाव बढ़ेगा, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी होगी। ग्रामीण बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार केवल कागजी रह जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ द्वारा समय रहते इस विषय को उठाना दूरदर्शिता का परिचायक है। यदि 2023 में पदोन्नति मुद्दा था, तो 2026 में आर्थिक हानियों से बचाव और 2028-2030 में स्कूल व नौकरी बचाने की चेतावनी एक गंभीर संकेत है। यह केवल शिक्षकों की लड़ाई नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा प्रणाली को बचाने की लड़ाई है। अब आवश्यकता है कि शिक्षक संगठन भावनात्मक नहीं, बल्कि अकादमिक और नीतिगत स्तर पर ठोस प्रस्ताव लेकर आगे आए। जैसे-

- न्यून छात्र संख्या वाले विद्यालयों में बहु-विषयक और बहु-ग्रेड शिक्षण मॉडल लागू करना।
- क्लस्टर योजना में शिक्षक सुरक्षा को अनिवार्य शर्त बनाना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शैक्षिक प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करना।
- पदों को समाप्त करने के बजाय पुनर्नियोजन और प्रशिक्षण के माध्यम से उपयोगी बनाना।

सरकार और शिक्षक संघ दोनों को यह समझना होगा कि शिक्षा खर्च नहीं, निवेश है। यदि आज विद्यालय और शिक्षक सुरक्षित नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में समाज, राज्य और लोकतंत्र तीनों इसकी कीमत चुकाएंगे। कलम की शक्ति तभी बुलंद होगी, जब नीति में संवेदनशीलता और निर्णय में दूरदृष्टि होगी।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8400, गौरी प्रीमियम 9800, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150, लाडली 4100

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4400, मसूरी- 1500, बासमती- 8400-9200, परमल- 3000-3500

दाल दलहन : काला चना- 3500-4400, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5600, राजमा- 9500-11100, दाल उड़द- 7500, साबुत मसूर दाल- 4300, मसूर दाल- 1100, उड़द साबुत- 10200, काबुली चना- 8300-10500, अरहर दाल- 10200 -11000, लोबिया/करमानी- 3200-4600

# अमेरिका के औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की शृंखला पर शुल्क शून्य करेगा भारत

## अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि बोले- भारत कुछ क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा जो संरक्षित हैं

- **अमेरिका भारत के खिलाफ 18 प्रतिशत का शुल्क स्तर बनाए रखेगा : यूएसटीआर**

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**

भारत व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत शृंखला जैसे कि फल और सब्जियों पर शुल्क को घटाकर शून्य कर देगा। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने इस समझौते को बड़ी जीत करार दिया और कहा कि भारत उन कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा जिन्हें संरक्षण प्राप्त है।

ग्रीर ने कहा कि अब समझौता पक्का हो गया है। हम कागजी कार्रवाई पूरी कर लेंगे, लेकिन हमें सारी बारीकियां पता हैं। हमें सारी जानकारी है। यह एक बहुत ही बेहतरीन अवसर है। अमेरिका भारत के खिलाफ 18 प्रतिशत का शुल्क स्तर बनाए रखेगा, क्योंकि हमारा उनके साथ बहुत बड़ा व्यापार घाटा है लेकिन उन्होंने कृषि उत्पादों, निर्मित वस्तुओं, रसायनों, चिकित्सा उपकरणों आदि की एक विस्तृत शृंखला पर हमारे लिए अपने शुल्क को कम करने पर भी सहमति व्यक्त की है। यह दोनों देशों के लिए बेहतरीन मौका है।

ग्रीर ने कहा कि भारत के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर वर्तमान में औसत शुल्क 13.5 प्रतिशत है। यह सभी वस्तुओं पर लगभग शून्य हो जाएगा। लगभग कहने का मतलब 98-99 फीसदी से है। कृषि क्षेत्र में कृषि उत्पादों की एक विशाल शृंखला है। इसलिए यह शुल्क शून्य हो जाएगा। ग्रीर ने कहा कि अमेरिका समेत दुनिया के हर देश की तरह भारत में भी कुछ खास क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था है, जिन पर हमारा नियंत्रण बना रहेगा। हम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम करते रहेंगे। हालांकि कई चीजों जैसे मेवे, शराब, स्पिरिट, फल, सब्जियां आदि पर लगभग शून्य शुल्क होगा। यह एक बड़ी जीत है।

### भारत प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब डॉलर के निवेश पर सहमत



अमेरिकी राष्ट्रपति आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत के साथ हुए नए व्यापार समझौते पर कहा कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है। कैरोलिन ने कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सीधे बात की। दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत न केवल रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने को भी प्रतिबद्ध है। संभवतः वेनेजुएला से भी जिससे हमें पता है कि अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 500 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है जिसमें परिवहन, ऊर्जा एवं कृषि उत्पाद भी शामिल हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप की बदौलत यह एक और शानदार व्यापार समझौता है। इससे पहले, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कैरोलिन ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच सोमवार को शानदार बातचीत हुई जिसके बाद द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा हुई।

# भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने वाली विदेशी कंपनियों पर कोई कर जोखिम नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **आईटी मंत्रालय से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों को ही मिलेगा लाभ**

वैश्विक स्तर पर क्लाउड सेवाएं देने वाली विदेशी कंपनियों को 20 साल की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव केवल उन्हीं कंपनियों पर लागू होगा, जिन्होंने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित किया है। ऐसे मामलों में इन विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बजट की यह घोषणा उन विदेशी कंपनियों को भी निश्चितता प्रदान करेगी, जो भारत में डेटा सेंटर से क्लाउड सेवाएं और खरीद सेवाएं के कारोबार में हैं। अब भारतीय डेटा सेंटर वैश्विक क्लाउड इकाइयों को आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकते हैं क्योंकि इन वैश्विक इकाइयों को भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करने पर किसी कर जोखिम की आशंका नहीं रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के बजट में घोषणा की थी कि जो भी विदेशी कंपनी भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग कर वैश्विक ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करती है, उसे 2047 तक कर छूट दी जाएगी। हालांकि, ऐसी कंपनियों को भारतीय ग्राहकों को सेवाएं एक भारतीय रीसेलर इकाई के माध्यम से देनी होंगी।

# आरबीआई की बैठक में रेपो दर यथावत रखने की संभावना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया।

यह बैठक आम बजट और भारत-अमेरिका समझौते की घोषणा पर हो रही है। समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा घोषित करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है। कुछ के अनुसार, उधारी लागत को और कम करने के लिए केंद्रीय बैंक एक और दर कटौती कर सकता है।

# ... तो बहेड़ी से केसर की 95 साल पुरानी रिश्ते की डोर टूट जाएगी

- **1933 में बनी केसर शुगर मिल के सामने खड़ी हो गई आर्थिक तंगी, बेचने की होने लगी बात**

**शुऐब, बहेड़ी।**




**अमृत विचार :** केसर मतलब बहेड़ी और बहेड़ी मतलब केसर। केसर की चीनी, देश भर में मशहूर रही। दिन और रात मिल की कई समय पर बजने वाली सीटी, लोगों के कानों को भाती ही नहीं थी, बल्कि वह उससे वक्त का अंदाज़ा भी लगा लेते थे। 95 साल तक बनी रही इस पहचान का यह रिश्ता अब टूटने की कगार पर है।

ब्रिटिश शासन 1933 में बहेड़ी में लगी केसर शुगर मिल के जरिए केसर के बहेड़ी से बने रिश्ते टूटने की वजह केसर ग्रुप का आर्थिक संकट में फंस जाना है। किसानों का गन्ना मूल्य का 140 करोड़ रुपया बकाया है और बैंकों के साथ सप्लायर्स की भी बड़ी देनदारी मिल पर है। आर्थिक संकट से उबरने को मिल प्रबंधन ने कई साल हाथ पैर मारे, लेकिन संकट से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला। थक हार कर प्रबंधन अब मिल को किसी दूसरे को सौंपने की तैयारी में हैं।

किलाचंद ग्रुप की मिल के मालिकान के सामने अब सिर्फ दो ही विकल्प हैं। पहला मिल को बेच देना और दूसरा किसी के साथ पार्टनर शिप कर मिल को चलाते रहना। फिलहाल मिल प्रबंधन दोनों विकल्पों पर काम कर रहा, और बहुत जल्द तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

### किलाचंद-देवचंद ग्रुप ने लगाई थी केसर मिल

गुजरात से मुंबई आकर व्यापार कर रहे सेठ किलाचंद देवचंद ग्रुप ने बहेड़ी में 1932-33 में चीनी मिल लगाई थी। द केसर शुगर वर्क्स लिमिटेड के नाम से लगाई मिल से बनी चीनी दूर-दूर तक मशहूर थी। मिल में उस वक्त गन्ना पेराई के लिए हालैण्ड की स्टॉक कंपनी के एंटीक भाप इंजन को लगाया गया था। 800 टन पेराई क्षमता वाली चीनी मिल तरक्की करते हुए अब 7200 टन क्षमता वाली मिल बन गई है। इस बीच 1991 में इसका नाम केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड हो गया। मिल में डिस्टिलरी व कोजेन प्लांट भी लगे, लेकिन डिस्टलरी बंद हो गई। डिस्टलरी को कुछ साल पहले शुरू करने के फिर प्रयास हुए, और 90 करोड़ रुपये लगाकर इसमें इथेनोल प्लांट लगाया गया, लेकिन यह चल नहीं पाई, और इसे फिर बंद करना पड़ा। हालांकि मिल में 1 लाख बोरी चीनी रखने का गोदाम बनने के साथ आलीशान एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक भी बना।

### हमारा प्रयास है इंडस्ट्री चलती रहे : शरत



केसर ग्रुप के सीईओ शरत मिश्रा ने कहा कि 11 साल में कुछ इस तरह की परिस्थितियां बनी कि हम आर्थिक संकट में फंसते गए। कोजन प्लांट लगाने के बाद अचानक 4 साल चीनी मिलें घाटे में चली गईं, इसी बीच बिजली के तय रेट सरकार ने कम कर दिए, और इसमें भी लॉस होने लगा। अकेले बिजली दर में आए अंतर का करीब 125 करोड़ रुपये सरकार पर है, जिसका दूसरी मिलों के साथ कोर्ट में केस चल रहा है, ऐसे में बैंकों का बोझ बहुत ज़्यादा बढ़ गया, और इसी वजह से हमें किसानों का पैसा देने में देर होने लगी। उन्होंने कहा कि समस्या का हल निकालने को कुछ ग्रुप्स से बात जारी है। ट्रेनी के सबसे छोटे पद से नौकरी शुरू करने और केसर ग्रुप के सर्वोच्च पद सीईओ पर पहुंचने वाले शरत मिश्रा ने बताया कि हम चाहते हैं, इंडस्ट्री चलती रहे, और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास कर रहे हैं। इसी से किसानों और क्षेत्र का भला है। जहां इंडस्ट्री बंद हुईं, वहां बर्बादी का हाल हम सब देख ही रहे हैं।

### आर्थिक तंगी ने केसर के सामने खड़ी की मुश्किलें

दरअसल केसर मिल कई साल से आर्थिक तंगी से गुज़र रही है। हर साल मिल गन्ना किसानों का 150-200 करोड़ रुपया बकाया रखते हुए बंद हो रही है। चालू सत्र की चीनी बेचकर पुराना पैसा देने का चलन चल रहा था। पिछले सीजन में पैसा न मिलने से किसानों ने केसर को कम गन्ना दिया, जिससे मिल सिर्फ 60 लाख कुंटल गन्ना पेराई कर पाई। पिछले साल का पैसा न देने पर इस बार शासन ने मिल के करीब 2 दर्जन सेंटर काट दिए, जिससे मिल के पास आधे सेंटर ही रह गए। प्रबंधन ने इस साल 8 दिन में पैसा भुगतान का वादा करते हुए पेमेंट देना शुरू किया, तो मिल को आधे सेंटर होने के बावजूद अच्छा गन्ना मिल रहा है, और अब तक 45 लाख कुंटल गन्ना पेराई कर भी लिया है, लेकिन पिछले साल का 140 करोड़ रुपया देने का प्रबंधन के पास कोई इंतज़ाम नहीं हो पाया। दूसरी तरफ बैंकों का मोटा पैसा मिल पर बकाया है, जिसका ब्याज बढ़ रहा है। सप्लायर्स और चीनी व्यापारियों की देनदारी है, साथ ही कर्मचारियों को वेतन देने की चुनौती। कुल मिलाकर केसर प्रबंधन खुद को पैसों के इंतज़ाम के लिए असहाय महसूस करने लगा है।



# समझौते में हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा करने में रहे सफल

## केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा और राज्यसभा में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर दिया वक्तव्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण देते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

संसद में बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि भारत इस समझौते में कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में अपनी ओर से भारत एवं अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत को विकसित बनाने की दिशा में देश की यात्रा को मजबूती मिलेगी।

गोयल ने कहा कि दोनों देश नियमित रूप से चर्चा कर रहे थे, दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत की है। उनका कहना था कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए यह समझौता करने में सफल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर चर्चा की और इसके बाद ट्रंप ने अमेरिका के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। गोयल ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि यह अमेरिका द्वारा कई प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए शुल्क से कम है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को तुलनात्मक लाभ प्रदान करेगा।

मंत्री के अनुसार, भारतीय पक्ष विशेष रूप से कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने जोर दिया, खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक ढांचागत समझौता दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते की प्रक्रियाओं और कागजी कार्रवाई को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश को विकसित बनाने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा, विमानन, डेटा केंद्र और परमाणु ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता होगी और अमेरिका इन क्षेत्रों में अग्रणी देश है।

### संसद सत्र के दौरान वाणिज्य मंत्री की प्रेस वार्ता सदन की परंपरा का उल्लंघन है : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा सत्र के दौरान संसद के बाहर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस वार्ता करने पर चिंता व्यक्त की। तिवारी ने शून्यकाल के दौरान नियम 258 का हवाला देते हुए कहा कि सदन नियमों और परंपराओं के अनुसार चलता है। सदन की परंपरा रही है कि जब संसद का सत्र चल रहा हो, तो नीतिगत मुद्दों को सदन के बाहर नहीं उठाया जा सकता। हालांकि, कल वाणिज्य मंत्री ने व्यापार समझौते पर प्रेस वार्ता की। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने व्यवस्था के प्रश्न को खारिज करते हुए कहा कि मंत्री को बुधवार को ही सदन में इस मुद्दे पर बयान देना था। उन्होंने कहा कि मंत्री आज बयान देने वाले हैं, इसलिए व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है। इस पर तिवारी ने कहा कि वह मंगलवार की बात को लेकर चिंता जता रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस सदस्य की आपत्ति को स्वीकार करते हुए कहा कि वह व्यवस्था के प्रश्न से सहमत हैं और ऐसी परंपरा मौजूद है। रीजीजू ने कहा कि कल लोकसभा में (व्यापार समझौते पर) बयान देने का कार्यक्रम था। परिस्थिति ऐसी बनी कि बयान देना संभव नहीं हो सका। आज राज्यसभा और लोकसभा दोनों जगह बयान दिया जाएगा। तिवारी के बार-बार आग्रह करने के बावजूद सभापति ने इस विषय पर आगे की चर्चा की अनुमति नहीं दी। बाद में, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य जॉन ब्रिटास ने नियम 267 के तहत व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए निर्धारित कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की। सभापति ने इसे खारिज करते हुए कहा कि आप नियम 267 के आधार पर खुद को सही बता रहे हैं। पहले ही इस संबंध में फैसला दिया जा चुका है। बहुत ही आपातकालीन स्थिति को छोड़कर नियम 267 के तहत कोई प्रस्ताव नहीं रखा जाएगा।

# रोहिलखंड मेडिकल कालेज की डॉ. अपर्णा ने दिल्ली में जीता स्वर्ण

**संवाददाता, बरेली**



जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान।


- **नई दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को हुई 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में एमएस जनरल सर्जरी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर शोध पत्र प्रस्तुत कर स्वर्ण पदक एवं प्रथम पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी। इसमें जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर बेस्ट पेपर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि इससे रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जनरल सर्जरी विभाग की शैक्षणिक प्रतिष्ठा भी राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ हुई है। सफलता के बाद संस्थान आगमन पर डॉ. अपर्णा को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सेठ ने शुभकामनाएं दीं। विवि प्रशासन एवं विभागीय सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि को संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय बताया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने जानकारी दी है।

# मोदी सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते हैं। राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण की एक प्रति लेकर संसद पहुंचे थे और कहा था कि यदि प्रधानमंत्री सदन में आते हैं तो वह यह पुस्तक उन्हें भेंट करेंगे।

लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जैसा मैंने कहा, प्रधानमंत्री संसद में नहीं आएंगे क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। इससे पहले, उन्होंने इस अप्रकाशित पुस्तक के एक अंश का हवाला देते हुए दावा किया कि जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। उन्होंने पुस्तक दिखाते हुए कहा कि वे कहते हैं कि यह किताब अस्तित्व में नहीं है, लेकिन यह रही किताब।

### सच्चाई से डर रही सरकार : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दावा किया कि सरकार राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रही है क्योंकि वह इस बात को लेकर डरी हुई है कि चीन के साथ सैन्य तनाव के समय की उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में कहा कि जब मोदी सरकार सदन को बाधित करना चाहती है, तो निशिकांत दुबे को बोलने के लिए खड़ा कर देती है। राहुल गांधी को संसद में, पब्लिश हो चुकी किताब से कुछ उद्धृत नहीं करने दिया गया, वहीं निशिकांत दुबे 6 किताबें लिए हुए हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से उद्धृत कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है।

# छात्रा को थप्पड़ मारने में शिक्षिका को तीन साल की सजा

**गांधीनगर।** गुजरात में गांधीनगर की अदालत ने होमवर्क पूरा न करने पर नौवीं कक्षा की छात्रा को थप्पड़ मारने की आरोपी स्कूल शिक्षिका को दोषी ठहराते हुए तीन साल से अधिक की सजा सुनाई है। इस घटना से छात्रा के बाएं कान का पर्दा फट गया और उसे सुनने में दिक्कत होने लगी।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशु चौधरी ने 30 जनवरी को फैसले में कहा कि यह अपराध शिक्षक द्वारा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल था, जिससे 14 साल की लड़की को गंभीर चोट लगी और उसे सुनने में दिक्कत हुई। अदालत ने कहा कि घटना के साढ़े चार साल बाद भी पीड़िता का उपचार जारी है।

# उप्र के संविदा शिक्षक 17 हजार रुपये मासिक वेतन के हकदार



- **उच्चतम न्यायालय ने कहा- अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हजारों संविदा शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को फैसला सुनाया कि वे 2017-18 से 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार हैं और उनके अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए। न्यायालय ने कहा कि इन शिक्षकों का पारिश्रमिक हमेशा के लिए 7,000 रुपये तय करने जैसा अन्यायपूर्ण तरीका जबरन काम कराने और बेगार के समान है, जिसपर संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत कड़ी पाबंदी है।

उत्तर प्रदेश सरकार की अपील खारिज करते हुए न्यायमूर्ति पंकज मिश्रा और पीबी वराले की पीठ ने राज्य को आदेश दिया कि वह एक अप्रैल 2026 से इन शिक्षकों को प्रति माह 17,000 रुपये के हिसाब से मानदेय देना शुरू करे और बकाया राशि का भुगतान आज से छह महीने के अंदर किया जाए। अदालत ने कहा कि आंशिक समय या संविदा पर नियुक्त किए गए प्रशिक्षकों/शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभिक 11 महीने के अनुबंध या विस्तारित अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर संविदा नियुक्ति नहीं रह जाती। इन प्रशिक्षकों/शिक्षकों ने दस साल से अधिक समय तक लगातार काम किया है, इसलिए इन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा, क्योंकि समय के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे पदों का स्वचालित रूप से सृजन हो जाता है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या इस बात की संभावना है कि वह जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनकी हिरासत पर विचार कर सकती है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि वांगचुक की स्वास्थ्य रिपोर्ट ठीक नहीं है और केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज को इस मामले में निर्देश लेने चाहिए। अदालत ने कहा कि दलीलों, जवाबी दलीलों और कानूनी पहलुओं के अलावा अदालत का एक अधिकारी होने के अलावा इस बात पर भी विचार करें। पांच महीने पहले 26 सितंबर 2025 को हिरासत संबंधी आदेश जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति पर विचार करते समय हमने जो रिपोर्ट देखी है, उससे पता चलता है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कुछ आयु संबंधी और कुछ दूसरी समस्याएं हैं। क्या सरकार की ओर से पुनर्विचार किए जाने की कोई संभावना है? नटराज ने कहा कि संबंधित प्राधिकारियों से सुझाव लेंगे।

# पहले ही रोके जा सकते हैं कैंसर के 30 प्रतिशत मामले : संयुक्त राष्ट्र

- आईएआरसी के ताजा शोध के हवाले से किया गया दावा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र की कैंसर अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी (आईएआरसी) के एक ताज़ा अध्ययन में सामने आया है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत मामलों को पहले ही रोका जा सकता है। यह अध्ययन तंबाकू, शराब, उच्च बॉडी मास इंडेक्स, शारीरिक निष्क्रियता, वायु प्रदूषण और पराबैंगनी विकिरण सहित 30 रोकथाम योग्य कारणों पर आधारित है।

विश्व कैंसर दिवस,चार फरवरी के अवसर पर जारी इस अध्ययन में पहली बार नौ कैंसर पैदा करने वाले संक्रमणों को भी शामिल किया गया है, जैसे कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी), जो सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर का कारण बन सकता है। वर्ष 2020 में दुनिया भर में लगभग एक करोड़ मौतें इसी बीमारी से हुईं, जो कि लगभग हर छह मौतों में से एक का कारण है। अनुमान बताते हैं कि यदि वर्तमान रुझान जारी रहा, तो 2040 तक नए मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जो प्रभावी रोकथाम रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है।


### 185 देशों में किया गया अध्ययन

अध्ययन में 185 देशों और 36 प्रकार के कैंसर के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। इस तरह का अनुमान है कि वर्ष 2022 में कैंसर के कुल नये मामलों में से 37 प्रतिशत (लगभग 71 लाख) ऐसे थे जिन्हें रोका जा सकता था। डब्ल्यूएचओ के कैंसर नियंत्रण टीम के प्रमुख डॉ. आंद्रे इल्बावी ने कहा, देशों और जनसंख्या समूहों के स्वरूपों की जांच करके, हम अधिक विशिष्ट जानकारी दे सकते हैं ताकि कई कैंसर के मामलों को शुरू होने से पहले ही रोकने में मदद मिल सके।

## ऑनलाइन गेमिंग की घातक लत

# डिजिटल डेथ ट्रैप

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद (भारत सिटी सोसाइटी) में 4 फरवरी 2026 को एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। यहां तीन सगी बहनों (निशिका 16, प्राची 14 और पाखी 12) ने नौवीं मंजिल से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये किशोरियां एक कोरियन लव गेम (जिसे वी आर कोरियन्स या लव गेम भी कहा जा रहा है) की बुरी तरह आदी थीं। उनके सुसाइड नोट में सॉरी पापा के साथ-साथ कोरियाई संस्कृति और गेम के प्रति उनके जुनून की झलक मिली, जहां उन्होंने लिखा था कि वे इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकतीं। यह मामला केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि उस डिजिटल मकड़जाल का हिस्सा है जो बच्चों को धीरे-धीरे वास्तविकता से काटकर मौत के मुहाने तक ले जाता है।



### मनोवैज्ञानिक कारण

- व्यवहार सुदृढ़ीकरण : ये गेम टास्क-आधारित हो सकते हैं। छोटे टास्क पूरे करने पर मिलने वाली डोपामाइन की लहर बच्चों को इसका आदी बना सकती है।
- भावनात्मक शून्यता और अलगाव : गेम की दुनिया में डूबे बच्चे स्कूल जाना बंद कर देते हैं और सामाजिक संबंधों से कट जाते हैं। गाजियाबाद की बहनें भी दो साल से स्कूल नहीं गई थीं।
- नियंत्रण खोना : किशोरों का मस्तिष्क पूरी तरह विकसित नहीं होता, जिससे वे सही-गलत का फैसला नहीं कर पाते। जब माता-पिता गेम पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो वे इसे अपनी पहचान पर हमला मानते हैं।
- आत्महत्या का संक्रमण : जब एक ही परिवार के बच्चे एक साथ गेम खेलते हैं, तो वे एक-दूसरे के व्यवहार को प्रभावित करते हैं, जिससे सामूहिक आत्मघाती कदम उठाने का जोखिम बढ़ जाता है।

### कानूनी स्थिति और प्रतिबंध

- आईटी एक्ट की धारा 69ए : सरकार उन ऐप्स या गेम्स को प्रतिबंधित कर सकती है जो सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा के लिए खतरा हों।
- ब्लू व्हेल पर कार्रवाई : भारत सरकार ने पूर्व में इंटरनेट दिग्गजों (गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम) को निर्देश दिया था कि वे ब्लू व्हेल गेम के लिंक तुरंत हटा दें।
- वर्तमान स्थिति : हालांकि विशिष्ट 'कोरियन गेम्स' पर अभी राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध नहीं है, लेकिन पुलिस और साइबर एजेंसियां ऐसे संदिग्ध ऐप्स की जांच कर रही हैं।

### चेतावनी के संकेत

- अचानक से स्कूल जाना या पढ़ाई छोड़ देना।
- रात-रात भर जागकर फोन का इस्तेमाल करना।
- शरीर पर रहस्यमय कट या निशान होना।
- मोबाइल छीनने पर अत्यधिक गुस्सा या हिंसक व्यवहार करना।
- अकेले कमरे में बंद रहना और परिवार से दूरी बना लेना।

### बचाव के उपाय

- संवाद बढ़ाएं : बच्चों से बात करें। अहसास दिलाएं कि वे अकेले नहीं हैं।
- डिजिटल डिटॉक्स : फोन के इस्तेमाल के लिए समय सीमा तय करें। भोजन और सोते समय फोन का प्रयोग वर्जित करें।
- पैरेंटल कंट्रोल : मोबाइल में पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स का उपयोग करें ताकि आपत्तिजनक ऐप्स डाउनलोड न हो सकें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डेनमार्क में ग्रेनेड विस्फोट में दो को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजराइली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमश: 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजराइली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवक अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

### यौन उत्पीड़न केस में भारतीय दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एक संघीय जिला अदालत ने एक भारतीय नागरिक को विमान में महिला का यौन उत्पीड़न करने के मामले में दोषी करार दिया है। बिना वैध नागरिकता के रह रहे वरुण अरोड़ा (38) को मई में सजा सुनाई जाएगी और उसे दो साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अदालती विवरण और मुकदमे में पेश किए गए सबूतों के अनुसार, अगस्त 2024 में रोड आइलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान के उतरने के दौरान अरोड़ा ने महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

### पंजाब में ड्रोन से गिराई चार किग्रा हेरोइन

**तरनतारन।** पंजाब में तरन तारन पुलिस ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में सीमा चौकी कालियान के कृषि क्षेत्रों से 3 .925 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीम ने एक डीजेआई मैट्रिस ड्रोन भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से खेप पहुंचाने के लिए किया जाता था।

### नाइजीरिया में 162 लोगों की हत्या की

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हमलों के दौरान हथियारबंद चरमपंथियों ने कम से कम 162 लोगों की हत्या कर दी। हालिया महीनों में यह सबसे बर्बर हमला है। स्थानीय सांसद मोहम्मद उमर ने कहा कि हमले मंगलवार की शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों में किए गए। ये हमले लकुरावा नामक संगठन ने किए, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा समूह है।

# ड्रोन हमले की घटना के बाद ईरान अमेरिका वार्ता की उम्मीद धूमिल

## अपने विमान वाहक पोत के करीब अमेरिका ने मार गिराया था ईरानी ड्रोन

- ईरान की सफाई, ड्रोन से टूट गया था संपर्क, कारणों की हो रही जांच

काहिरा, एजेंसी

ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक निरीक्षण मिशन पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया जिसके कारणों की जांच की रही है। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों तरफ से हुई इस आक्रामक कार्रवाई से दोनों देशों में बातचीत की उम्मीद प्रभावित हो सकती है।

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिंकन की ओर अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था। ड्रोन को आत्मरक्षा की कार्रवाई में मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ और न ही किसी उपकरण को नुकसान पहुंचा। यह मुठभेड़ आने वाले दिनों में अमेरिका-ईरान वार्ता की अस्थायी संभावनाओं के बीच हुई है। इससे पहले दिन में, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने कहा था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को अमेरिका के साथ निष्पक्ष एवं न्यायसंगत बातचीत करने का निर्देश दिया है। एक्स पर पेज़ेश्कियन ने कहा कि यह कदम क्षेत्रीय सरकारों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वार्ता प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध के बाद उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी वार्ता गरिमा, विवेक एवं तत्परता की सीमाओं में होनी चाहिए।



### ट्रंप से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में नरमी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली बैठक को मैत्रीपूर्ण और सकारात्मक बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रंप ने पेट्रो को बीमार और नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रंप के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की ।

### ओमान में हो सकती है दोनों देशों में वार्ता

**दुबई।** तनाव के बावजूद दोनों देशों में ओमान में वार्ता हो सकती है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने खबर दी है कि ईरान और अमेरिका के बीच शुक्रवार को ओमान में वार्ता संभव है। हालांकि ओमान ने यह स्वीकार नहीं किया कि वह वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता के कई दौरों की मेजबानी कर चुका है। अमेरिका ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि वार्ता ओमान में होगी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने वार्ता होने की उम्मीद जताई है। तुर्की ने भी मध्यस्थता की पेशकश की है। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि आगामी दिनों में होने वाली वार्ताओं के लिए स्थान तय करने को विचार-विमर्श जारी है।

# विदेश मंत्री जयशंकर व रुबियो ने व्यापार समझौते का किया स्वागत

- दोनों ने ऊर्जा, परमाणु, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और खनन पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर मंगलवार को चर्चा की।

बुधवार को अमेरिका द्वारा आयोजित होने वाली पहली महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, रुबियो ने वाशिंगटन डीसी में मंगलवार को विदेश मंत्रालय में जयशंकर के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया आज दोपहर अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से मिलकर बेहद प्रसन्नता हुई।

द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। उन्होंने लिखा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी शामिल थे। हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तंत्रों की बैठकें शीघ्र आयोजित करने पर सहमति बनी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट द्वारा जारी द्विपक्षीय बैठक के विवरण में कहा गया है कि रुबियो और जयशंकर ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की सहमति से हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने नए आर्थिक अवसरों को खोलने और साझा ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमारे लोकतंत्रों के एक साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। पिगॉट ने कहा कि रुबियो और जयशंकर ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की।



अमेरिका में एक बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

### वित्त मंत्री बेसेंट से आर्थिक साझेदारी पर चर्चा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई। वहीं बेसेंट ने एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जयशंकर से मुलाकात करके अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान हमने आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के महत्व के साथ-साथ आपसी हित के अन्य राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा की।

## यूनान में तटरक्षक पोत से भिड़ी नाव, 15 लोगों की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 के शव पानी में मिले, एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## जापान व बांग्लादेश में रक्षा और तकनीक पर समझौता

- दोनों एक-दूसरे को करेंगे तकनीक और उपकरण का आदान-प्रदान

टोक्यो, एजेंसी

जापान और बांग्लादेश ने रक्षा उपकरणों और तकनीक के आदान-प्रदान को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जापान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया, तीन फरवरी को ढाका में जापान के बांग्लादेश स्थित राजदूत साइडा शिनिची और बांग्लादेश सरकार के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन ने दोनों देशों की सरकारों के बीच रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौता उसी दिन से प्रभाव में आ गया है। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों सरकारों के बीच संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रक्षा उपकरणों और तकनीक के प्रबंधन का एक कानूनी ढांचा स्थापित करता है। इनमें वे परियोजनाएं भी शामिल होंगी जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में योगदान देंगी। समझौते के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि हस्तांतरित किए गए रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी का किसी तीसरे पक्ष को आगे स्थानांतरण या दुरुपयोग न हो। इसके लिए उपयुक्त नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस समझौते से जापान और बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग को मजबूती मिलेगी।

## सात फरवरी को मलेशिया जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से मलेशिया की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी, और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी।

इस यात्रा के दौरान मोदी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे।

## गाजा में इजराइली हमले में 21 लोगों की गई जान

- अपने एक सैनिक की मौत पर इजराइल का जवाबी हमला

दीर अल बलाह, एजेंसी

गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 21 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं, इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में उसका एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसने जवाबी कार्रवाई की। अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इजराइली गोलीबारी में मारे गए लोगों में सात महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं।

दस अक्टूबर, 2025 को लागू हुए संघर्षविराम के बाद से फलस्तीनियों की मौत की ये ताजा घटना है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते के लागू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 530 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा शहर के शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया ने फेसबुक पोस्ट पर कहा कि गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ नरसंहार वाली जंग जारी है। संघर्षविराम कहां है? मध्यस्थ कहां हैं? अस्पताल ने बताया कि बुधवार सुबह इजराइली सैनिकों ने उत्तरी गाजा के तुफाह इलाके में एक इमारत पर गोलीबारी की। उसने बताया कि इस हमले में कम से कम 11 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर एक ही परिवार के थे।


## लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे और कभी देश के सबसे शक्तिशाली उत्तराधिकारी माने जाने वाले 53 वर्षीय सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की हत्या कर दी गई है। द लीबिया आब्जर्वर ने जानकारी दी कि उनके राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला उस्मान अब्दुर्रहीम ने इस खबर की पुष्टि की है। इस घटना से लीबिया में वर्षों से चली आ रही उनकी स्थिति को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई है।यह घटना मंगलवार दोपहर पश्चिमी लीबिया के जिंतान शहर में हुई। बताया जा रहा है कि चार नकाबपोश बंदूकधारियों ने सैफ अल-इस्लाम के आवास पर हमला किया। हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले घर के बाहर लगे कैमरों को नष्ट कर दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 6 फरवरी 00 .22 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराफाल्गुनी 22 .57 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों की किसी बात पर आप नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी भी प्रकार के व्यसन व बुरी आदतों से दूर रहें।

**वृष** — आज परिवार के साथ समय अवश्य बिताएं। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** — आज आप कुछ नई स्किल्स पर काम कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे।

**कर्क** — आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेंस को लेकर स्थिति मजबूत होगी। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे।

**सिंह** — आज उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानियां दूर होंगी। समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। परिवार के साथ उत्तम समय बिताएंगे। अपनी कार्यशैली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं।

**कन्या** — आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। मानसिक रूप से अस्थिरता महसूस करेंगे। अपने काम पर आपको अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। मित्रों के साथ झगड़ा हो सकता है।

**तुला** — आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। लोग आपकी बातों से अत्यंत प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है। संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने काम की गुणवत्ता में सुधार करना पड़ेगा। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनाएंगे। उच्च शिक्षण संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।

**धनु** — आज यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं, तो दिन बहुत ही अच्छा है। उच्च अधिकारियों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने की संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता स्थान ले सकती है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में काफी दिनों से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का मार्गदर्शन लेने का अवसर प्राप्त होगा। आप अपने कार्यों को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज पुराना ऋण चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें। फिलहाल अधिक अपेक्षा रखना उचित नहीं है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में धन लाभ होगा।

## सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |



“मेरी फिटनेस दिन-ब-दिन बेहतर हो रही है। मैं बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़ी मेहनत कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि मैं जल्द ही खेल के मैदान पर वापस आऊंगा। लोगों का सपोर्ट ने मेरा हौसला बढ़ाया है।
–ऋषभ पंत


# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### देविका ने सफलता का श्रेय सिंधु को दिया

**नई दिल्ली।** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 की विजेता देविका सिहाग ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के साथ कई महीनों के अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया। हरियाणा की यह 20 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और सिंधू के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गईं है। देविका ने पीटीआई वीडियो से कहा सिंधु दीदी के खेल को करीब से देखना और उनके साथ अभ्यास करना मेरे लिए बहुत मददगार साबित हुआ। वह बहुत अनुशासित और मेहनती हैं और इससे मुझे भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली।

### निराशा को पीछे छोड़ पाना मुश्किल : सलाहुद्दीन

**ढाका।** बांग्लादेश के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने बुधवार को कहा कि क्रिकेटरों के लिए आने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने की निराशा को पीछे छोड़ना मुश्किल है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत न आने का फैसला किया और बाद में आईसीसी ने उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। यह पहली बार है जब बांग्लादेश टीम मैनेजमेंट के किसी सदस्य ने सबके सामने कहा है कि टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का मौका गंवाना पूरी तरह से निराशाजनक बात है।



सुमित नागल। एजेंसी

### अच्छी तैयारी करते दिख रहे हैं नागल

**बेंगलुरु।** भारत की डेविस कप टीम ने बुधवार को यहां एक कड़े और व्यवस्थित अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने धीरे-धीरे अपनी तीव्रता बढ़ाई क्योंकि टीम नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। हाल ही में कूल्हे की चोट के बाद वापसी कर रहे नागल ने दक्षिणेश्वर सुरेश के साथ सत्र शुरू किया। शुरुआती पलों में नागल अपनी मूवमेंट को लेकर सतर्क दिखे लेकिन उन्होंने बेसलाइन से धीरे-धीरे लय पकड़ ली। दक्षिणेश्वर ने अपनी सर्विस में निरंतरता से प्रभावित किया जबकि नागल ने टाइमिंग और नियंत्रित शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। पास के कोर्ट पर करण सिंह ने पहले युवा खिलाड़ी अर्णव पापर्कर के साथ अभ्यास किया और फिर साझेदार बदलकर बाएं हाथ के खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर के साथ खेले।



दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स (बाएं) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना महिला प्रीमियर लीग फाइनल से पहले ट्रॉफी के साथ। एजेंसी

## आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने उतरेगी दिल्ली

**वडोदरा, एजेंसी**

लीग चरण में खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके उत्साह से लबरेज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी जबकि पिछले तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स की टीम खिताबी मुकाबले में हार के मिथक को तोड़ने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन दोनों टीम के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह निश्चित है कि फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रॉड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, लुसी हैमिल्टन, चिनेले हेनरी, मारिजान काप, अलाना किंग, लिजेल ली, मिन्नू मणि, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, शैफाली वर्मा, नंदनी शर्मा, श्री चरणी, प्रगति सिंह, सुजाना, लॉरा वोलवार्ट।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), लॉरेन बेल, नादिन डी क्लर्क, ऋचा घोष, ग्रेस हैरिस, दयालन हेमलता, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, कुमार प्रथ्योशा, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, सयाली सतघरे, लिन्से स्मिथ, पूजा वस्त्राकर, जॉर्जिया वोल, राधा यादव।

पूर्व चैंपियन आरसीबी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की अपनी क्षमता भी साबित की है। इसी जुझारूपन की बदौलत उसने लगातार पांच जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए इतिहास रचा। वह डब्ल्यूपीएल में ऐसा करने वाली पहली टीम बन गई। इस सत्र में आरसीबी की किसी न किसी खिलाड़ी ने जरूरत के समय अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे

- **महिला प्रीमियर लीग का फाइनल शाम 7:30 बजे से**

उसे हराना किसी भी टीम के लिए चुनौती बन गई है। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी दूसरा खिताब जीतकर मुंबई इंडियंस की बराबरी करना चाहेगी। पिछले दो मैच में उसने शानदार प्रदर्शन करके अच्छी लय के साथ फाइनल में प्रवेश किया है। उसने यूपी वॉरियर्स को पिछले मैच में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेस हैरिस की 75 रन की तूफानी पारी से आठ विकेट से हराया जबकि गुजरात जाएंट्स के खिलाफ गौतमी नाइक की 73 रन की पारी की मदद से 2024 की चैंपियन टीम ने 61 रन से जीत दर्ज की थी।

आरसीबी की चिंता इस सत्र में उसके कुछ बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इनमें मंधाना, हैरिस, जॉर्जिया वोल और ऋचा घोष भी शामिल हैं लेकिन कुछ अवसरों पर उनका योगदान निर्णायक साबित हुआ है। वहीं तेज गेंदबाज़ नादिन डी क्लर्क और सायली सतघरे ने अहम मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लर्क ने इस सत्र में आठ मैचों में 15 विकेट लिए हैं जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर चार विकेट है। फाइनल में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हो सकती हैं। श्रेयांका पाटिल टीम को स्पिन विभाग में मजबूती प्रदान करती हैं, जिसका प्रमाण गुजरात जायंट्स के खिलाफ मिली जीत में देखने को मिला, जिसमें उन्होंने पांच विकेट लिए थे। मंधाना की टीम की खासियत एक संतुलित और महत्वपूर्ण क्षणों में शानदार प्रदर्शन करना है।

# अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से टकराएगा भारत

### सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

**115** रन | **15** चौके
**104** गेंद | **02** छक्के

**हरारे, एजेंसी**

भारत ने आरोन जॉर्ज (115 रन) के शानदार शतक के साथ आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और आयुष म्हात्रे (62 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। यह अंडर-19 टूर्नामेंट में भारत का 10वां फाइनल होगा।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए फैसल शिनोजादा (110) और उजैरुल्लाह नियाजई (101) के शतकों की मदद से 310 रन बनाए। लेकिन भारत ने यह लक्ष्य 41.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस तरह अंडर-19 विश्व कप में भारत ने अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। आरोन (104 गेंद, 15 चौके, दो छक्के) ने बेहतरीन शॉट्स की मदद से शतक जड़ा। उन्हें सूर्यवंशी (33 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) और



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते वैभव सूर्यवंशी।

म्हात्रे (59 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) का पूरा साथ मिला जिससे भारत का रन-रेट पूरे समय सात से ऊपर ही रहा।

सूर्यवंशी ने अपने चिर परिचित अंदाज में बाउंड्री की झड़ी लगाकर पारी को शानदार शुरुआत दी जिसमें ऑफ-स्पिनर वाहिदुल्लाह जादरान के खिलाफ उन्होंने कई बेहतरीन शॉट्स लगाए। इसमें किस्मत ने भी उनका साथ दिया क्योंकि नियाजाई ने अब्दुल अजीज की गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया, तब वह 22 रन पर थे। लेकिन इसके बावजूद सूर्यवंशी ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाज नूरिस्तानी उमरजई की गेंद पर एक शानदार हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का भी लगाया।

सूर्यवंशी ने अपनी पारी में बार बार पुल शॉट खेलने की कोशिश की जो आखिरकार उनके आउट होने का कारण बना। उमरजई की गेंद पर वह सर्कल के अंदर उस्मान सादात के हाथों कैच आउट हुए। इस तरह पहले विकेट की साझेदारी 93 रन पर खत्म हुई। लेकिन आरोन ने फिर म्हात्रे के साथ मिलकर 102 गेंद में 114 रन की साझेदारी की और 27वें ओवर में भारत को 200 के पार पहुंचाया। म्हात्रे इस टूर्नामेंट में अपनी लय पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने सही समय पर अर्धशतक जड़ा। एक बार फिर आरोन ने एंकर की भूमिका निभाई जबकि म्हात्रे ने टीम को जरूरी रन रेट से आगे रखने के लिए जोखिम भरे शॉट खेले।

- **आरोन जॉर्ज ने लगाया शतक**
- **वैभव सूर्यवंशी व आयुष म्हात्रे ने खेली विस्फोटक पारियां**



आरोन जॉर्ज।

### टी-20 विश्व कप : अभ्यास मैच

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 241 रनों का लक्ष्य दिया

**नवी मुंबई, एजेंसी**

- **ईशान किशन ने खेली ताबड़तोड़ पारी, 20 गेंदों पर जड़े 53 रन**

ईशान किशन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट पर 240 रन बनाए। इशान ने 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों के साथ 53 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की।

चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 45 रन बनाए। अक्षर पटेल (नाबाद 35), कप्तान सूर्यकुमार यादव (30) और हार्दिक पंड्या (30) ने भी उपयोगी पारियां खेली। उम्मीद है कि ईशान सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले टी20 विश्व कप मैच में अभिषेक के साथ पारी का आगाज करेंगे।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद इशान किशन और अभिषेक शर्मा ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। इशान ने लुंगी एनगिडी के पहले ओवर में दो छक्के मारे जबकि कागिसो रबादा की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। अभिषेक ने कोर्बिन बॉश पर लगातार तीन चौके मारे। इशान ने पांचवें ओवर में एनरिच नोर्किया की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और एक चौके से 29 रन जोड़े। इशान ने क्वेना मफाका पर छक्के के साथ सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर रिटायर्ड आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के और दो चौके लगाए। भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 83 रन बनाए। अभिषेक भी 24 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

चोट के बाद वापसी कर रहे वर्मा शानदार लय में दिखे। उन्होंने स्पिनर जॉर्ज लिंडे पर छक्के और चौके से शुरुआत की और फिर नोर्किया पर भी लगातार दो चौके मारे। भारत ने 10 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाए। मार्को यानसेन ने तिलक को बोल्ड किया। उन्होंने 19 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और तीन चौके मारे। सूर्यकुमार भी 16 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 30 रन बनाने के बाद मफाका की गेंद पर लिंडे को कैच दे बैठे।



अभ्यास मैच के दौरान शॉट लगाते ईशान किशन। एजेंसी

# पिस्टल शूटर ईशा सिंह ने दिलाए दो स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इस निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं।

### एशियाई चैंपियनशिप



- **विश्व चैंपियन सम्राट राणा को करना पड़ा कांस्य पदक से संतोष**

ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गई। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।


# चेल्सी को हराकर आर्सेनल पहुंचा इंग्लिश लीग कप के फाइनल में

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।



गोल का प्रयास करते आर्सेनल के गैब्रियल मार्टिनेली (बाएं) और चेल्सी के ट्रेवोह चालोबा।

## कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में पहुंचा बार्सिलोना

**मैड्रिड।** लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने मंगलवार को दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।

### कवायद | चार साल बाद लौटे मुख्य कोच चाहते हैं टीम को जीत की पटरी पर लाना


# महिला हॉकी टीम में एकता वापस लाना चाहते मारिन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चार साल बाद भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के तौर पर वापसी करने वाले शोर्ड मारिन का ध्यान टीम में एकता, अनुशासन और संस्कृति वापस लाने पर है। उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम बनाने पर टिकी हैं।

नीदरलैंड के 71 साल के कोच मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय टीम के प्रभारी थे और उनके मार्गदर्शन में महिला टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया था। उन्होंने हरेंद्र सिंह की जगह ली है, जिनके मार्गदर्शन में भारत पिछली एफआईएच प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहा था और बाद में उसे एफआईएच नेशंस कप में खिसका दिया गया।

मारिन ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मेरा मुख्य



ध्यान एक इकाई बनाने पर है, जो बहुत जरूरी है, और संस्कृति वापस लाना है। एक टीम के तौर पर मिलकर काम करना, विश्व कप क्वालीफायर से पहले कम समय में अपना ज्ञान साझा करना, और यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। उन्होंने कहा एक इकाई, अनुशासन और कार्य आधारित रवैया आपको पदक दिलाएगा। अच्छी बात यह है कि जो स्तर मैंने अब अभ्यास मुकाबलों में देखा है, वह बहुत बेहतर है। हालात बहुत बेहतर हैं, फिटनेस बेहतर है। 2017 में जब मैं जुड़ा था तो स्तर कम था लेकिन इन वर्षों में इसमें सुधार हुआ है।

मारिन ने कहा जब मैंने शुरू किया था उसकी तुलना में अब बहुत बेहतर स्तर है, उनमें गति है। जब मैं सवाल पूछता हूं तो मुझे अधिक जवाब मिलते हैं क्योंकि अब 80 प्रतिशत लड़कियां अंग्रेजी बोलती हैं, वे पढ़ाई कर रही हैं। सब कुछ बेहतर हुआ है। मारिन ने कहा कि वह एक-एक कदम करके आगे बढ़ेंगे क्योंकि टीम आने वाले महीनों में कुछ बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार हो रही है। यह मेरे लिए कदम दर कदम आगे बढ़ने का रवैया है। पहले वर्ल्ड कप क्वालीफायर और फिर नेशंस कप। मुझे पता है कि क्या करना है। मुझे पता है कि मैं 2028 में टीम को कैसा देखना चाहता हूं। टीम के सभी 29 खिलाड़ी मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं।

### आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं पर हैं नजरें

महिला टीम की नजरें आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर, 2026 एशियाई खेल और ओलंपिक चक्र में आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं। मारिन ने कहा लक्ष्य लॉस एंजिलिस के लिए क्वालीफाई करना है और मेरे लिए यह एक बहुत, बहुत अच्छी और बड़ी चुनौती है। इसे हासिल करना आसान नहीं होगा, क्योंकि दूसरे देशों ने भी प्रगति की है। चुनौती यह है कि इतने सारे टूर्नामेंट आने वाले हैं और इसलिए मैंने 29 खिलाड़ियों की एक बड़ी टीम रखी है। उन्होंने कहा हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है, लेकिन आखिर में एशियाई खेल महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह ओलंपिक क्वालीफायर है।